पंजीकृत संख्या–यू०ए०/डी०ओ०/डी०डी०एन०/30/2012–14
(लाइसेन्स टू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–13] रुड़की, शनिवार, दिनांक 23 जून, 2012 ई० (आषाढ़ 02, 1934 शक सम्वत्) [संख्या–25

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा
		रु०
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	—	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	467–472	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	561–924	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	—	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	—	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	—	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	—	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	—	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	—	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	—	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़-पत्र आदि ...	—	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

कार्मिक अनुभाग–1

विज्ञप्ति/सेवानिवृत्ति

04 अप्रैल, 2012 ई0

संख्या 352/XXX–1–12–12(04)/2005–भारतीय प्रशासनिक सेवा, उत्तराखण्ड संवर्ग के निम्नलिखित अधिकारी अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के उपरान्त उनके नाम के सम्मुख कॉलम–4 में अंकित तिथि के अपरान्ह में भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त हो जायेंगे:–

क्र0 सं0	अधिकारी का नाम	जन्मतिथि	सेवानिवृत्ति की तिथि
1	2	3	4
1.	डा0 प्रताप सिंह गुसांई	05.08.1952	31.08.2012
2.	श्री दिलीप कुमार कोटिया	22.09.1952	30.09.2012
3.	श्री नारायण सिंह नेगी	05.09.1952	30.09.2012

उत्पल कुमार सिंह,
प्रमुख सचिव।

श्रम एवं सेवायोजन अनुभाग

अधिसूचना

17 मई, 2012 ई0

संख्या 727/VIII/12–42 (रिट)/2011–चूँकि, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, 1923 (केन्द्रीय अधिनियम संख्या 8, वर्ष 1923) के अधीन राज्य सहायक श्रम आयुक्त तथा जिलाधिकारियों को उक्त अधिनियम के अधीन समस्त मामलों के निस्तारण और कर्तव्यों के वहन के लिए आयुक्त नियुक्त किया गया है;

और, चूँकि, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, 1923 में वर्ष, 2009 में उसकी धारा 20 को संशोधित कर दिया गया है;

और, चूँकि, प्रश्नगत प्रकरण में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश तथा उक्त अधिनियम की धारा 20 में हुये संशोधन के फलस्वरूप अधिनियम की भावना के अनुरूप अधिसूचना जारी किया जाना आवश्यक और अपरिहार्य हो गया है;

अतः, अब, श्री राज्यपाल महोदय उक्त अधिनियम की धारा 20 में दी गई व्यवस्था के अनुरूप इस विषय में जारी पूर्व अधिसूचनाओं को साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 की धारा 21 में प्रदत्त शक्तियों के द्वारा विखण्डित करते हुये राज्य के औद्योगिक न्यायाधिकरण तथा श्रम न्यायालयों के समस्त पीठासीन अधिकारियों को उनके पदभार के अतिरिक्त उक्त अधिनियम, 1923 के अन्तर्गत समस्त मामलों के निस्तारण हेतु उनकी अधिकारिता की सीमा के भीतर इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशन की तारीख से आयुक्त नियुक्त करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

आज्ञा से,

एस0 रामास्वामी,
प्रमुख सचिव।

कार्यालय, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

विज्ञप्ति/सेवानिवृत्ति

20 दिसम्बर, 2011 ई0

संख्या 229/76/व्यवस्थापक प्रोन्नति/अधिष्ठान/2010–11–श्री सुनील कुमार भट्ट, व्यवस्थापक को नियमित चयनोपरान्त उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अन्तर्गत व्यवस्थाधिकारी के रिक्त पद पर वेतनमान ₹ 9,300–34,800+ग्रेड पे ₹ 4200 (संशोधन पूर्व वेतनमान ₹ 6,500–200–10,500) में अस्थाई रूप से कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियमित प्रोन्नति प्रदान की जाती है। उपरोक्त कार्मिक को व्यवस्थाधिकारी के पद पर नियमानुसार दो वर्ष की परीवीक्षा अवधि में रखा जाता है।

चन्द्रशेखर भट्ट,
सचिव।

वन एवं पर्यावरण अनुभाग–2

अधिसूचना/नियुक्ति

28 मार्च, 2012 ई0

संख्या 625/X–2–2012–8(52)/2001–वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (यथा संशोधित वर्ष 2006) की धारा 4(1) (खख) के अधीन प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए श्री राज्यपाल महोदय, दिनांक 01 अप्रैल, 2012 की तिथि से तीन वर्ष के लिए श्री ब्रिजेन्द्र सिंह, 28 सुन्दर नगर, नई दिल्ली को कार्बेट टाइगर रिजर्व (जनपद पौड़ी गढ़वाल एवं नैनीताल) क्षेत्र हेतु अवैतनिक वन्य जीव प्रतिपालक (Honorary Wildlife Warden) नियुक्त करते हैं।

2. उपरोक्त प्रकार से नियुक्त किये गये अवैतनिक वन्य जीव प्रतिपालक के कर्तव्य एवं जिम्मेदारियां, वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (यथा संशोधित वर्ष, 2006) के सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत होंगी, साथ ही इस सम्बन्ध में भारत सरकार व मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों का पालन भी किया जायेगा।

आज्ञा से,

डा0 एस0एस0 सन्धु,
सचिव।

वित्त अनुभाग–8

अधिसूचना

02 अप्रैल, 2012 ई0

संख्या 225/2012/12(100)/XXVII(8)/03–श्री राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड (उत्तरांचल मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2005) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2007 (अधिनियम सं0 27, वर्ष 2005) की धारा 54 की उपधारा (2) के खण्ड (ख) सपठित उत्तराखण्ड [उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम, 1948) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002] अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2007 की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके तात्कालिक प्रभाव से श्री वी0के0सक्सेना, सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण, हल्द्वानी पीठ को अपीलीय अधिकरण के न्यायिक कार्यों के निष्पादन हेतु सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

आज्ञा से,

राधा रतूड़ी,
सचिव।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article, 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification **no. 225/2012/12(100)/XXVII(8)/03**, dated April 02, 2012 for general information :

NOTIFICATION

April 02, 2012

No. 225/2012/12(100)/XXVII(8)/03--In exercise of the powers conferred by clause (b) of sub-section (2) of section 54 of the Uttarakhand (Uttaranchal Value Added Tax Act, 2005) Adaptation and Modification Order, 2007 (Act No. 27 of 2005) read with clause (a) of sub-section (1) of section 10 of the Uttarakhand [Uttaranchal (Uttar Pradesh Trade Tax Act, 1948) Adaptation and Modification Order, 2002] Adaptation and Modification Order, 2007 (Act No. 27 of 2005) the Governor is pleased to allow Shri V.K. Saxena, Member, Commercial Tax Tribunal, Haldwani Bench to perform the judicial functions of the Appellate Tribunal with immediate effect.

By Order,

RADHA RATURI,
Secretary.

संख्या–306 / XXXX–2011–88 / 2011

प्रेषक,

मंजुल कुमार जोशी,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

महानिदेशक, आयुष / निदेशक,
आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

आयुष एवं आयुष शिक्षा अनुभाग– देहरादून, दिनांक 02 अप्रैल, 2012

विषय : आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग के फार्मेसिस्ट संवर्ग के वेतनमानों का संशोधन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विभिन्न वर्ग के कार्मिकों के वेतनमान आदि के पुनरीक्षण / विसंगतियों पर विचार हेतु प्रदेश में गठित वेतन विसंगति समिति की संस्तुति के क्रम में वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 303 / XXVII(7)40(14) / 2011, दिनांक 13 दिसम्बर, 2011 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तराखण्ड राज्य के आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग के फार्मेसिस्ट सेवा संवर्ग के पदों का निम्नलिखित तालिका के कॉलम संख्या–2 एवं 3 में अंकित वर्तमान वेतनमान को कॉलम संख्या–4 में अंकित विवरणानुसार तत्काल प्रभाव से उच्चीकृत / संशोधित करने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

क्र0 सं0	वर्तमान व्यवस्था		संशोधित व्यवस्था
	पदनाम/वेतनमान (₹)	दिनांक 01 जनवरी, 2006 से लागू वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन (₹)	पदनाम/उच्चीकृत/संशोधित वेतनमान (₹)
1	2	3	4
1.	फार्मेसिस्ट/ 4,500–7,000	वेतन बैण्ड–2 5,200–20,200 ग्रेड पे–2,800	02 वर्ष की सेवा पर नॉन फंक्शनल वेतनमान 9,300–34,800, ग्रेड पे–4,200
2.	चीफ फार्मेसिस्ट/ 5,500–9,000	वेतन बैण्ड–2 9,300–34,800 ग्रेड पे–4,200	वेतमन बैण्ड–2 9,300–34,800, ग्रेड पे–4,600
3.	प्रभारी अधिकारी फार्मेसी/ 7,450–11,500	वेतन बैण्ड–2 9,300–34,800 ग्रेड पे–4,600	वेतमन बैण्ड–2 9,300–34,800, ग्रेड पे–4,800

2. उक्त पुनरीक्षित किये जा रहे वेतनमान में वेतन का निर्धारण शासनादेश संख्या 395/XXVii(7)2008, दिनांक 17.10.2008 में निहित प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0 संख्या 232XXVII(7)2011, दिनांक 30 मार्च, 2012 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

आज्ञा से,

मंजुल कुमार जोशी,

अपर सचिव।

General Administration Department

NOTIFICATION

April 13, 2012

No. 1249/xxxi(13)G/2012-44(G)/2012--WHEREAS there is a widespread demand from different sections of public for an inquiry into allegations of misuse of power in the following matters :--

(i) Rishikesh Land allotment to Sturdia Developers Ltd.

(ii) Hydro Power Project Allocation

(iii) Maha Kumbh Mela, 2010

(iv) Irregularities in Uttarakhand Seeds and Tarai Development Corporation Limited (US & TDC Ltd.)

(v) Disaster Management Works

(vi) Irregularities in various Central Government Schemes.

A memorandum regarding above matters was also given to the Hon'ble President of India by President, Pradesh Congress Committee, Uttarakhand and CLP Leader, Vidhan Sabha Uttarakhand in June, 2011.

AND WHEREAS, having made assessment, the Government is of the opinion that it is necessary to appoint a Commission of Inquiry for the purpose of making inquiry into such matter of public importance pertaining

to the excesses made in above acts of omission and commission by the authority in the such departments e.g. Urban Development, Housing Department; Energy Department, Disaster Management, Revenue Department, Industrial Development, Agriculture Department or any other departments, as notified by the Government from time to time to the Commission.

AND WHEREAS no Commission of Inquiry has been appointed by the Central Government or any other State Government to enquire into the said matters.

NOW, THEREFORE, in exercise of powers u/s 3 of the Commissions of Inquiry Act, 1952 (60 of 1952), the Governor is pleased hereby to appoint a Commission of Inquiry consisting of Shri K.R. Bhati, I.A.S. (Retd.).

The terms of reference of the Commission of Inquiry shall be as follows :--

(a) To Inquiry and find out,

  i. What, if any, misuse of power by public servants took place during the aforesaid periods whereby Government funds were sanctioned in an unrestrained manner without taking into account public good in a rational manner by certain departments e.g. Urban Development, Housing Department, Energy Department, Disaster Management, Revenue Department, Industrial Development, Agriculture Department or any other departments which come to the notice of the Government from time to time and notified to the Commission.

  ii. Whether contracts were awarded and procurements were made for the above departments without following proper laid down procedure and rules and without keeping the interest of the State and public.

  iii. Whether funds sanctioned and released for various works, schemes and projects were utilized properly or not.

  iv. Whether necessary quality control mechanism was ensured for the works, schemes and projects executed during the above period by the said departments and public servants responsible for it.

  v. Any other irregularities that come to Commission's notice.

(b) To what extent, if any, above said omissions or commissions aided or abetted by any person or persons having official authority or by any other institutions or organizations caused losses to the State of Uttarakhand.

(c) For what purpose and in whose interest and under whose directions, if any, such omissions and commissions took place.

(d) To consider such other matters which in the opinion of the Commission of Inquiry have any relevance to the aforesaid allegations; and

(e) To suggest such necessary steps and measures so that such omissions and commissions do not take place in future.

The Commission of Inquiry shall make interim report(s) to the State Government on the conclusion of Inquiry into any particular allegation or series of allegations and shall complete its Inquiry and submit its final report to the State Government within period of six month from the date of this Notification, unless such time is extended further by Government of Uttarakhand.

The Governor, being of opinion that regard to the nature of the Inquiry to be made under circumstances of the case, the provisions of sub-section (2), sub-section (3), sub-section (4) and sub-section (5) of section 5 or the Commissions of Inquiry Act, 1952 (60 of 1952), should be made applicable to the said Commission, is pleased hereby to direct in exercise of the power conferred by sub-section (1) of the said section 5 that the said provisions shall apply to the said Commission.

MANISHA PANWAR,
Secretary.

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 25 हिन्दी गजट/297—भाग 1—2012 (कम्प्यूटर/रीजियो)।

मुद्रक एवम् प्रकाशक—अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।

पंजीकृत संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2012–14
(लाइसेन्स टू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की, शनिवार, दिनांक 23 जून, 2012 ई0 (आषाढ़ 02, 1934 शक सम्वत्)

भाग 1–क

नियम, कार्य–विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया

उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग

इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इ0), प्रथम तल, नियर आई0एस0बी0टी0, माजरा देहरादून

अधिसूचना

19 दिसम्बर, 2011 ई0

संख्या एफ–09(25)आर0जी0/यूईआरसी/2011/1263–विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 61 सपठित धारा 181, के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इस निमित्त सभी शक्तियों से सक्षम हो कर पूर्व प्रकाशन के पश्चात् उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग, एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाते है :–

1–संक्षिप्त नाम, विस्तार व प्रारम्भ–

(1) इन विनियमों का नाम उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (शुल्क के अवधारण हेतु निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2011, संक्षेप में यू0ई0आर0सी0 शुल्क विनियम, 2011 होगा।

(2) इन विनियमों का विस्तार संपूर्ण उत्तराखण्ड राज्य में होगा।

(3) ये विनियम वित्त वर्ष 2013–14 अर्थात् 1 अप्रैल, 2013 से वित्त वर्ष 2015–16 अर्थात् 31 मार्च, 2016 तक इन विनियमों के अधीन आये सभी शुल्कों के अवधारण हेतु लागू होंगे, तथापि, वित्त वर्ष 2012–13 तक की अवधि से सम्बन्धित सभी मामलों की समीक्षा सहित सभी प्रयोजनों के लिए, शुल्क के अवधारण सम्बन्धित मामले, निम्नलिखित विनियमों, जिनमें उनका संशोधन भी सम्मिलित है, के द्वारा निर्धारित होंगे :–

(ए) यू0ई0आर0सी0 (जल विद्युत उत्पादन दर के अवधारण हेतु निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2004 समय–समय पर संशोधनानुसार

(बी) यू0ई0आर0सी0 (पारेषण दरों के अवधारण हेतु निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2004 समय–समय पर संशोधनानुसार

(सी) यू0ई0आर0सी0 (वितरण दरों के अवधारण हेतु निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2004 समय–समय पर संशोधनानुसार

(डी) यू0ई0आर0सी0 (दरों के सहीकरण हेतु निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2008

(ई) यू0ई0आर0सी0 (वृद्धि कारक अवधारण हेतु निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2006

2. इन विनियमों में किसी के बात के होते हुए भी आयोग उन दरों को अपनायेगा जोकि केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित प्रतियोगी बोली दिशा निर्देश में के अनुसार अधिनियम की धारा 63 के प्रतियोगी बोली की प्रक्रिया के माध्यम से अवधारित की गई हो।

3. परिभाषाएं

जब तक संदर्भ से अन्यथा आपेक्षित न हो, इन विनियमों में:–

(1) प्रत्येक वित्त वर्ष हेतु "लेखा विवरण" से निम्नलिखित विवरण अभिप्रेत है, अर्थात्–

(ए) कम्पनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची 4 के भाग 1 में सम्मिलित प्रपत्र के अनुसार तैयार तुलनपत्र।

(बी) भारतीय चार्टरित लेखाकार संस्थान के नकदी प्रवाह विवरण (ए.एस–3) पर लेखा मानक के अनुसार तैयार नकदी प्रवाह विवरण (कैश फ्लो स्टेटमेन्ट)

(सी) कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 209 (1) के अधीन केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित लागत अभिलेख

(डी) इसके नोट्स तथा ऐसे अन्य समर्थक विवरण व जानकारी जो कि समय समय पर आयोग निर्देश दे

(ई) कंपनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची 6 के भाग 2 में दी गई अपेक्षाओं का अनुपालन करते हुए लाभ व हानि लेखा

(एफ) सांविधिक लेखा परीक्षक

(जी) परन्तु, विद्युत वितरण के व्यवसाय में संलग्न स्थानीय प्रधिकारी के मामलों में लेखा विवरण से अभिप्राय होगा ऐसे प्रधिकारी पर लागू सुसंगत अधिनियमों व सिंविधियों के अनुसार तैयार किये गये व रखे गये उपरोक्तानुसार मदें।

(2) "अधिनियमों" से विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36) अभिप्रेत है जिसमें इसके संशोधन भी सम्मिलित हैं।

(3) "अतिरिक्त पंजीकरण" से विनियम 24 के उपबंधों के अधीन कुशल जांच के पश्चात् आयोग द्वारा स्वीकृत तथा परियोजना के व्यावसायिक परिचालन की तिथि के पश्चात् वास्तव में हुए या होने के लिए प्रक्षेपित पूंजीगत व्यय अभिप्रेत हैं।

(4) कुल राजस्व आवश्यकता से, इन विनियमों के अनुसार एक वित्त वर्ष विशेष के लिये अपने अनुज्ञापित/विनियमित व्यवसाय से संबंधित सभी अनुमेय व्ययों व वापसी के, शुल्को के माध्यम से वसूली हेतु पारेषण अनुज्ञापी या वितरण अनुज्ञापी या उत्पादक कंपनी या एए.एल.डी.सी. की आवश्यकताएं अभिप्रेत है

(5) "आबंटन विवरण" से प्रत्येक वित्त वर्ष हेतु ऐसा राजस्व लागत, आस्ति, देयता, आरक्षिति, प्रावधान की राशि दर्शाते हुए अनुज्ञापी उत्पादक कंपनी के पृथक पृथक व्यवसायों के संबंध में विवरण अभिप्रेत है जो:—

(ए) प्रत्येक प्रभार के आधार के विवरण के साथ ऐसे प्रत्येक पृथक पृथक व्यवसाय से प्रभारित हो

(बी) प्रभाजन या आबंटन के आधार के विवरण के साथ अनुज्ञापी/उत्पादक कंपनी के अनुज्ञापित/विनियमित व्यवसाय तथा प्रत्येक अन्य पृथक व्यवसाय के मध्य प्रभाजन या आबंटन द्वारा अवधारण हों

(सी) परन्तु उत्पादक स्टेशन के संबंध में ऐसे आबंटन विवरण को इस तरह रखा जायेगा कि शुल्क अवधारण चरण—वार, यूनिट वार या प्रत्येक उत्पादक स्टेशन के लिये हो सके।

(6) "आवेदक" से ऐसी उत्पादक कंपनी या पारेषण अनुज्ञापी या वितरण अनुज्ञापी या एस.एल.डी.सी. अभिप्रेत है जिसने अधिनियम या इन विनियमों के अनुसार वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा हेतु आवेदन या कुल राजस्व आवश्यकता तथा/या शुल्क हेतु आवेदन/याचिका प्रत्तुत किया हों। इसमें ऐसी उत्पादक कंपनी या पारेषण अनुज्ञापी या वितरण अनुज्ञापी या एस.एल.डी.सी. सम्मिलित है जिसका शुल्क आयोग द्वारा स्वप्रेरणा से या किसी हितबद्ध प्रभावित व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर या वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा के भाग के रूप में समीक्षा के अधीन हो

(7) "लेखा परीक्षक" से कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 224 व 619 के उपबंधो या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अनुसार यथास्थिति उत्पादक कंपनी या अनुज्ञापी द्वारा नियुक्त लेखा परीक्षक अभिप्रेत है।

(8) एक उत्पादक स्टेशन के मामले में, एक अवधि के संबंध में 'अनुषंगी ऊर्जा उपयोग" से, उत्पादक स्टेशनों के भीतर परिवर्तक हानियों तथा उत्पादक स्टेशन के अनुसंगी उपकरण द्वारा उपभोग की गई ऊर्जा की मात्रा अभिप्रेत है तथा यह उत्पादक स्टेशन की सभी यूनिटों के उत्पदक टर्मिनल्स पर उत्पादित कुल ऊर्जा के योग में प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त की जायेगी।

परन्तु इन विनियमों के प्रयोजन हेतु अनुषंगी ऊर्जा उपयोग के एक भाग के रूप में एक उत्पादक स्टेशन के कालोनी उपभोग, को सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

(9) एक दी गई अवधि के लिये पारेषण प्रणाली के संबंध में "उपलब्धता" से घंटो में वह अवधि अभिप्रेत है जिसमें पारेषण प्रणाली प्रेषण बिंदु तक अपनी रेटेड वोल्टेज पर विद्युत-पारेषित करने में सक्षम है तथा एक दी गई अवधि में यह प्रतिशत में अभिव्यक्त की जायेगी।

(10) "बैंक दर" से सुसंगत वर्ष में 1 अप्रैल को भारतीय रिजर्व बैंक दर अभिप्रेत है।

(11) "आधार वर्ष" से नियन्त्रण अवधि के प्रथम वर्ष से तुरन्त पूर्व के दो वित्त वर्ष अभिप्रेत है तथा प्रथम नियंत्रण अवधि हेतु आधार वर्ष वित्त वर्ष 2011–12 होगा

(12) एक उत्पादक स्टेशन के संबंध में "लाभार्थी" से ऐसे उत्पादक स्टेशन पर उत्पादित विद्युत क्रय करने वाला व्यक्ति अभिप्रेत है जिसकी दरें इन विनियमों के अधीन अवधारित हो पारेषण व्यवसाय से संबंधमें "लाभार्थी" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसने पारेषण प्रभारों का भुगतान कर पारेषण क्षमता की संविदा भी है।

(13) एक संयुक्त चक्र ताप उत्पादक स्टेशन के संबंध में "ब्लॉक" में कम्बक्शन टर्बाइन–जनरेटर्स, सहायक अवशिष्ट ताप रिकवरी बायलर्स, संयोजित भाप टर्बाइन–जनरेटर्स तथा सहायकारी सम्मिलित है

(14) "पूंजी लागत" से विनियम 23 में परिभाषित पूंजी लागत अभिप्रेत है

(15) "सी.ई.आर.सी." से केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग अभिप्रेत है

(16) "विधि में परिवर्तन" से निम्नलिखित में से किसी घटना का होना अभिप्रेत है।

(ए) किसी विधि का अधिनियम, प्रभाव में लाना, अंगीकरण, प्रख्यापन, संशोधन, आशोधन या निरस्त या

(बी) किसी सक्षम न्यायालय, न्यायाधिकरण या भारतीय सरकारी अभिकरण द्वारा किसी विधि में निर्वचन में परिवर्तन जो ऐसे निर्वचन हेतु विधि के अधीन अंतिम प्राधिकारी हो।

(सी) परियोजना हेतु उपलब्ध या प्राप्त किसी सहमति अनुमोदन या अनुज्ञप्ति में किसी सक्षम संविधिक प्रधिकारी द्वारा परिवर्तन।

(17) "आयोग" से उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग अभिप्रेत है।

(18) "संविदाकृत ऊर्जा" से एम.डब्लू. में ऐसी ऊर्जा अभिप्रेत है जिस पर आवेदक सहमति पत्र के अनुसार पारेषित/व्हील/आपूर्ति हेतु सहमत है।

(19) "नियंत्रण अवधि" से पूर्वानुमान की प्रस्तुति हेतु आयोग द्वारा नियम एक या अधिक वित्त वर्षो की अवधि अभिप्रेत है तथा प्रथम नियंत्रण अवधि अर्थात् 1 अप्रैल, 2013 से 31 मार्च, 2016 तक के लिये तीन वर्ष होगी।

(20) "परंपरागत ऊर्जा संयंत्रों" से 25 एम.डब्लू. की क्षमता इससे अधिक के लिग्नाइट, कोयला या गैस आधारित ताप या जल विद्युत उत्पादक स्टेशन्स अभिप्रेत है।

(21) "विभेदक तिथि" से परियोजना के व्यावसायिक प्रचालन के वर्ष के दो वर्ष पश्चात् समाप्त होने वाले वर्ष की 31 मार्च अभिप्रेत है, तथा यदि परियोजना किसी वर्ष की अंतिम तिमाही में वाणिज्यिक प्रचालन के अधीन घोषित होता है तो विभेदक तिथि, वाणिज्यिक प्रचालन के वर्ष में तीन वर्ष पश्चात् समाप्त होने वाले वर्ष की 31 मार्च होगी।

(22) "वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि" या "सी.ओ.डी." से अभिप्राय है

(ए) ताप उत्पादक स्टेशन के एक यूनिट या ब्लॉक मे सबध मे 0000 बजे से लाभार्थियो को नोटिस देने के पश्चात् सफल परख चालन के द्वारा अधिकतम निरतर रेटिग (एम.सी.आर) या सस्थापित क्षमता (आई.सी.) के प्रदर्शन के पश्चात् उत्पादक कपनी द्वारा घोषित तिथि जिसकी अनुसूचक प्रक्रिया भारतीय विद्युत ग्रिड सहिता तथा/या यू.ई.आर.सी. (राज्य ग्रिड सहित) विनियम 2007 के अनुसार पूर्ण रूप से लागू की गई है तथा पूर्ण रूप से उत्पादक कपनी की पिछली यूनिट या ब्लाक के वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि

(बी) जल विद्युत उत्पादक की यूनिट के सबध म 00.00 बजे से उत्पादक कपनी द्वारा घोषित तिथि जिसको, लाभार्थियो को नोटिस के पश्चात् भारतीय विद्युत ग्रिड सहिता तथा/या यू.ई.आर.सी. (राज्य ग्रिड सहित) विनियम, 2007 के अनुसार अनुसूचक प्रक्रिया पूर्णत लागू की गई हो, तथा पूर्ण रूप मे एक उत्पादक स्टेशन के सबध मे, लाभार्थियो को नोटिस देने के पश्चात् सफल परख चालन के द्वारा उत्पादक स्टेशन की स्थापित क्षमता की तत्समय पीकिग क्षमा प्रदर्शित करने के पश्चात् उत्पादक कंपनी द्वारा घोषित तिथि

<u>टिप्पणी</u>

i यदि पॉडेज या स्टोरेज के साथ जल विद्युत उत्पादक स्टेशन अपर्याप्त जलाशय या ताल स्तर के कारणो से, सस्थापित क्षमता के तत्समय पीकिग क्षमता प्रदर्शित नही कर पाता है तो उत्पादक स्टेशन की पिछली यूनिट के वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि पूर्ण रूप से उत्पादक स्टेशन वाण्पिज्यिक प्रचालन की तिथि समझी जायेगी, परन्तु ऐसे जल विद्युत उत्पादक स्टेशन के लिये ऐसा जलाशय/ताल स्तर प्राप्त हो जाने पर उत्पादक यूनिट या उत्पादक स्टेशन की सस्थापित क्षमता के समकक्ष पीकिग क्षमता प्रदर्शित करना आज्ञापक होगा।

ii शुद्ध रूप से रन आफ -रिवर जल विद्युत उत्पादक स्टेशन के मामले के जब ऐसे प्रदर्शन हेतु मद प्रवाह की अवधि मे जल पर्याप्त नही होता यदि उत्पादक स्टेशन वाणिज्यिक प्रचालन के अधीन घोषित होता है तो ऐसे जल विद्युत उत्पादक स्टेशन की यूनिट के लिये, जब व जैसे ही प्रवाह उपलब्ध हो सस्थापित क्षमता के बराबर पीकिग क्षमता प्रदर्शित करना अज्ञापक होगा।

[illegible] पारेषण प्रणाली के [illegible] अनुज्ञप्ति द्वारा घोषित तिथि [illegible] प्रणाली का एक अव्यव रेटेड वोल्टेज की सफल प्रभार के पश्चात तथा परख प्रचालन के पश्चात् नियमित सेवा में हो:

परन्तु यह तिथि कैलेंडर माह का प्रथम दिन होगा तथा अवयव हेतु पारेषण प्रभार देय होगे व इसकी उपलब्धता उस दिन से गिनी जायेगी।

परन्तु आगे यह भी यदि पारेषण प्रणाली का एक अवयव नियमित सेवा के लिय तैयार है किंतु ऐसे कारणो से जिनके लिए पारेषण अनुज्ञापी इसके आपूर्तिकर्त्ता या संविदाकार उत्तरदायी न हो सेवाए प्रदान करने से प्रतिबंधित होता है तो आयोग अव्यव के नियमित सेवा मे आने से पहले वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि अनुमोदित कर सकता है।

(डी) वितरण अनुज्ञापी के मामले मे विद्युत लाईन या वितरण अनुज्ञापी के उप स्टेशन से इनकी रेटेड वोल्टेज के प्रभारित होने की तिथि या उस तिथि के पश्चात सात दिन जिस पर वितरण अनुज्ञापी द्वारा इसे प्रभारित होने के लिए घोषित किया जाता है किंतु ऐसे कारणो से जिसके लिये आपूर्तिकर्त्ता या संविदा उत्तरदायी न हो प्रभारित नही कर पाता मे से जो पहले हो, अभिप्रेत है

परन्तु वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि, जब तक की सभी पक्षो द्वारा आपस मे सहमति न हो तब तक यथास्थिति ऊर्जा क्रय करार या कार्यान्वयन करार या पारेषण सेवा करार या व्हीलिंग करार या निवेश अनुमोदन मे उल्लिखित वाणिज्यिक प्रचालन की अनुसूचित तिथि से पूर्व की तिथि नहीं होगी।

(23) "दिन" से 0000 बजे से प्रारम्भ 24 घंटे की अवधि अभिप्रेत है

(24) एक उत्पादक स्टेशन के संबध मे 'घोषित क्षमता' या "डी.सी." से सुसंगत विनियम मे अतिरिक्त योग्यता के अधीन ईंधन या जल की उपलब्धता का उचित रूप से विचार करते हुए दिन के किसी समय खण्ड या संपूर्ण दिन के संबध मे ऐसे उत्पादक स्टेशन द्वारा एक.डब्यू. मे घोषित एक्स बस प्रेषण की क्षमता अभिप्रेत है।

(25) 'डिजाइन ऊर्जा' से ऊर्जा की ऐसी मात्रा अभिप्रेत है जिसे जल विद्युत उत्पादक स्टेशन की 95 प्रतिशत संस्थापित क्षमता के साथ एक 90 प्रतिशत विश्वसनीय वर्ष मे उत्पादित किया जा सके।

(26) "वितरण कारोबार" से वितरण अनुज्ञापी के अपूर्ति क्षेत्र मे विद्युत आपूर्ति करने के लिये वितरण प्रणाली का प्रचालन व रखरखाव अभिप्रेत है

(27) 'वितरण हानि' से वितरण अनुज्ञापी की वितरण प्रणाली मे ऊर्जा की हानियाँ अभिप्रेत है इसमे एयर कंडिशनिंग, लाइटनिंग बैटरी चार्जिंग उपस्टेशन उपकरणो के साधन सम्मिलित है तथा इसका लेखाकरण पृथक रूप से किया जायेगा।

(28) 'वर्तमान उत्पादक स्टेशन' से ऐसा उत्पादक स्टेशन अभिप्रेत है जिसने इन विनियमो की अधिसूचना की तिथि से पूर्व सी.ओ.डी. प्राप्त कर लिया हो।

(29) 'वर्तमान परियोजना' से इन विनियमो की अधिसूचना की तिथि से पूर्व की तिथि से वाणिज्यिक प्रचालन के अधीन घोषित परियोजना अभिप्रेत है।

(30) 'शुल्क व प्रभारो से अपेक्षित राजस्व' से प्रचलित दरो पर अनुज्ञापित / विनियमित कारोबार से अनुज्ञापी उत्पादक कपनी / एस एल डी सी उपर्जित आधारित राजस्व अभिप्रेत है, .

(31) 'उपार्जित व्यय' से एक उपयोगी परिसपत्ति के सृजन या अधिग्रहण हेतु वास्तव मे परिनियोजित तथा नकद या नकदी के समक्ष भुगतान की गई निधि चाहे वह इक्विटी या ऋण या दोनो अभिप्रेत है तथा इसमे इससे ऐसी प्रतिबद्धता या देयता सम्मिलित नही है जिसके लिये कोई भुगतान जारी न किया गया हो।

(32) 'वित्त वर्ष' से एक कैलेडर वर्ष की पहली अप्रैल से प्रारम्भ तथा अगले कैलेडर वर्ष के 31 मार्च को समाप्त अवधि अभिप्रेत है।

(33) 'अपरिहार्य घटना' से किसी पक्ष के संबध मे ऐसी घटना या परिस्थिति अभिप्रेत है जो उसके युक्तियुक्त नियत्रण मे नही है तथा उस पक्ष के किसी कार्य या कार्य के लोप के कारण न हो तथा उचित सावधानी व तत्परता बरतते हुए भी वह पक्ष उसे आगामी व्यापकता को सीमा बद्ध किये बिना रोकने में असमर्थ हो:

ए) दैवी कार्य, आकशीय बिजली तूफान, भूकम्प, बाढ सूखा, प्राकृतिक आपदा सहित किंतु इन तक सीमित नही

बी) हडताल, तालाबदी, धीमी गती, बद या अन्य औघोगिक व्यवधान:

सी) सामाजिक शत्रुता के कार्य, युद्ध (घोषित व अपेक्षित) घेराबदी, विप्लप दगो क्राति, तोड फोड कलाध्वस सार्वजजनिक व्यवधान

डी) अपरिवर्तनीय दुर्घटना जिससे अग्नि विस्फोट रेडियाधर्मी सदूषण तथा जहरीला रासायनिक सदूषण सम्मिलित है किंतु इन तक सीमित नहीं है

ई) ग्रिड की बदी या व्यवधान जो कि राज्य या केन्द्र सरकार द्वारा या आयोग या राज्य भार प्रेषण केन्द्र द्वारा अपेक्षित है या कोई बदी या व्यवधान जो महत्वपूर्ण सयत्र या उपकरण के विफल होने से गभीर व तुरत खतरे को टालने के लिए अपेक्षित हो

(34) "उत्पादन कारोबार" से उत्पादक स्टेशन से विद्युत उत्पादन का कारोबार अभिप्रेत है

(35) 'उत्पादन शुल्क' से उत्पादक स्टेशन से विद्युत की एक्स बस आपूर्ति हेतु शुल्क अभिप्रेत है।

(36) [illegible] या एक लीटर तरल ईधन या एक मानक घन लीटर गैसीय ईधन के पूर्ण दहन द्वारा कसीएएल मे उत्पादित उष्मा अभिप्रेत है।

(37) 'सकल स्टेशन उष्मा दर' से एक तापीय उत्पादक स्टेशन के उत्पादक टर्मिनल्स पर विद्युत ऊर्जा का एक केडब्लूएच उत्पादित करने के लिए आवश्यक केसीएएल मे उष्मा ऊर्जा आगत अभिप्रेत है

(38) अशक्त ऊर्जा' से उत्पादक स्टेशन की यूनिट के वाणिज्यिक प्रचालन से पूर्व उत्पादित विद्युत अभिप्रेत है।

(39) 'संस्थापित क्षमता' से समय समय पर आयोग द्वारा अनुमादित उत्पादक स्टेशन की सभी यूनिटो की नाम पट्ट क्षमता का सकलन या उत्पादक स्टेशन की क्षमता (जेनरेटर टर्मिनल्स पर सगटित) अभिप्रेत है।

(40) अन्त सयोजन बिन्दु से यथा स्थिति पारेषण अनुज्ञापी के ई एच वी उप स्टेशन या वितरण अनुज्ञापी के एच वी उप स्टेशन पर ऐसा बिंदु अभिप्रेत है जहॉ उत्पादक स्टेशन से उत्पादित विद्युत उत्तराखण्ड ग्रिड या पारेषण नेटवर्क व वितरण नेटवर्क के मध्य अन्त सयोजन बिंदु पर अन्तक्षेपित की जाती है।

(41) अन्तर्राज्यीय उत्पादक स्टेशन व आई एस जी एस से भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता में केन्द्रीय आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट अर्थ अभिप्रेत है

(42) "अन्तर्राज्यीय पारेषण प्रणाली में" निम्नलिखित सम्मिलित है:

ए) एक राज्य से दूसरे राज्य के क्षेत्र के मुख्य पारेषण लाईन के द्वारा विद्युत के सप्रेषण हेतु कोई प्रणाली

बी) एक मध्यवर्ती राज्य के क्षेत्र से हो कर विद्युत का सप्रेषण तथा साथ ही ऐसे राज्य के भीतर सप्रेषण जो कि विद्युत के ऐसे अन्तर्राज्यीय पारेषण हेतु प्रासगिक हो

सी) एक केन्द्रीय पारेषण युटिलिटी द्वारा निर्मित, स्वामित्व मे, प्रचालित अनुरक्षित व नियत्रित प्रणाली पर एक राज्य के क्षेत्र के भीतर विद्युत का पारेषण

(43) राज्यन्तर्गत उत्पादक स्टेशन' से ऐसा उत्पादक स्टेशन का आबद्ध उत्पादक सयत्र (सी जी पी, अभिप्रेत है जो एक अन्तर्राज्यीय उत्पादक स्टेशन नही है

(44) "राज्यान्तर्गत पारेषण प्रणाली' से ऊपर परिभाषित अनतर्राज्यीय पारेषण प्रणाली से अन्य राज्य के क्षेत्र की भीतर पारेषण लाईनो द्वारा विद्युत के सप्रेषण हेतु कोई प्रणाली अभिप्रेत है इसमे राज्य के पारेषण अनुज्ञापियो की सभी पारेषण लाइन, उप स्टेशन्स तथा सहायता उपकरण सम्मिलित है

(45) अनुज्ञापी से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 14 के अधीन अनुज्ञप्ति प्राप्त हो तथा इसमे ऐसा व्यक्ति सम्मिलित है जिसे कि अधिनियम की उपरोक्त धारा के अधीन अनुज्ञापी समझा गया हो।

(46) 'दीर्घावधि पारेषण उपभोक्ता' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसके पास पारेषण प्रभार भुगतान द्वारा राज्यान्तर्गत पारेषण प्रणाली के उपयोग का दीर्घावधि सविदाकृत अधिकार हो

(47) एक तापीय उत्पादक स्टेशन की यूनिट के सबध मे – 'अधिकतम निरतर रेटिंग या 'एम सी आर' से निर्धारित प्राचल पर निर्माता द्वारा गारटीकृत उत्पादक टर्मिनल्स पर अधिकतम निरन्तर उत्पादन अभिप्रेत

है तथा एक सयुक्त चक्र तापीय उत्पादन स्टेशन के ब्लॉक के सबध मे विनिर्दिष्ट स्थल परिस्थितियो तथा एच.जेड ग्रिड बारबारता तक सुधारे व जल या भाप अन्तक्षेपण (यदि लागू हो) के साथ निर्माता द्वारा गारटीकृत, उत्पादन टर्मिनल्स पर अधिकतम निरन्तर उत्पादम अभिप्रेत है

(48) ''नवीन उत्पादक स्टेशन'' से इन विनियमो की अधिसूचना की दिनाक पर या उसके पश्चात् सी.ओ.डी के साथ उत्पादक स्टेशन अभिप्रेत है

(49) गैर शुल्क आय से मूल व्यवसाय की परिसपत्तियो के उपयोग द्वारा प्राप्त शुल्क से आय को छोड कर अन्य आय अभिप्रेत है तथा इसमे अन्य व्यवसायो से आय का अनुपात सम्मिलित है तथा वितरण अनुज्ञापी के खुदरा आपूर्ति व्यवसाय के मामलो मे व्हीलिग प्रभारो पर अतिरिक्त अधिभार तथा प्रति सहायिकी अधिभार के कारण व्हीलिग से आय को छोड कर, अभिप्रेत है

(50) एक तापीय उत्पादक स्टेशन के सबध मे 'मानकीय वार्षिक सयत्र उललब्धता कारक'' या ''एल.ए.पी.ए एफ से विनियम 48(1) मे विनिर्दिष्ट उपलब्धता कारक अभिप्रेत है तथा जल विद्युत उत्पादक स्टेशन के सबध मे विनियम 51(1) में विनिर्दिष्ट उपलब्धता कारक अभिप्रेत है

(51) 'प्रचालन व अनुरक्षण व्ययो' या ओ.एड.एम. व्ययो से प्रचालन व अनुरक्षण पर हुए व्यय अभिप्रेत है तथा इनमें जन शक्ति, मरम्मत, पूर्जे, उपभोज्य, बीमा व ऊपरी व्यय सम्मिलित है

(52) मूल परियोजना लागत' से आयोग द्वारा स्वीकृत विभेदक विधि तथा परियोजना की मूल परिधि के भीतर यथास्थिति, उत्पादक कपनी या अनुज्ञापी द्वारा किये गये पूजीगत व्यय अभिप्रेत है

(53) 'अन्य व्यवसाय' से पारेषण अनुज्ञापी या वितरण अनुज्ञापी की परिसपत्तियो मे अधिकतम उपयोग हेतु अधिनियम की धारा 51 के अधीन ऐसे वितरण अनुज्ञापी या अधिनियम की धारा 41 के अधीन ऐसे पारेषण अनुज्ञापी द्वारा किया गया कोई व्यवसाय अभिप्रेत है

(54) किसी अवधि के लिये उत्पादक स्टेशन के सबध में ''सयत्र उपलब्धता कारक (पी.ए.एफ.) से मानकीय अनुषजी ऊर्जा उपभोग द्वारा घटायी गई एम.डब्लू. मे सस्थपित क्षमता के प्रतिशत के रूप मे अभिव्यक्त उस अवधि के दौरान सभी दिनो के लिये प्रतिदिन घोषित क्षमताओ का औसत अभिप्रेत है

(55) परियोजना से यथास्थिति उत्पादक स्टेशन या पारेषण प्रणाली या वितरण प्रणाली अभिप्रेत है तथा जल विद्युत स्टेशन के मामले मे इससे ऊर्जा उत्पादन के प्रभावित रूप मे योजना की उत्पादक ईकाईयां, ऊर्जा उत्पादक स्टेशन प्रोजेक्ट जल संवाहक प्रणाली बांध जैसे उत्पादन सुविधा के सभी अवयव सम्मिलित हैं

(56) पारेषण या वितरण प्रणाली के संबंध मे निर्धारित वोल्टेज से ऐसी डिजाइन वोल्टेज अभिप्रेत है जिस पर प्रचालन हेतु पारेषण या वितरण प्रणाली डिलाइन की गई है या ऐसी निम्न वोल्टेज जिस पर दीर्घावधि पारेषण उपभोक्ताओ या उपयोग कर्त्ताओ के साथ परामर्श कर तत्समय लाइन चार्ज की गई है

(57) 'खुदरा अपूर्ति व्यवसाय' से अपनी अनुज्ञप्ति की शर्तो के अनुसार अपने उपभोक्ताओ को वितरण अनुज्ञापी द्वारा विद्युत विक्रय का व्यवसाय अभिप्रेत है

(58) ''रन आफ रिवर उत्पादक स्टेशन' से ऐसा जल विद्युत उत्पादक स्टेशन अभिप्रेत है, जिसके पास अपस्ट्रीम पोन्डेज न हों।

(59) 'पोन्डेज के साथ रन आफ रिवर उत्पादक स्टेशन' से ऊर्जा माग परिवर्तन को पूरा करने के लिए पर्याप्त पोन्डेज के साथ जल विद्युत उत्पादक स्टेशन अभिप्रेत है

(60) ''खुदरा आपर्ति दर' से गैर खुली पहुँच उपभोक्ताओ/ग्राहको को आपूर्ति हेतु वितरण अनुज्ञापी द्वारा प्रभारित दर अभिप्रेत है, इसमे व्हीलिंग तथा खुदरा आपूर्ति के प्रभार सम्मिलित है

(61) 'अनुसूचित ऊर्जा' से एक दिन मे उत्पादक स्टेशन द्वारा ग्रिड मे अन्तक्षेपित की जाने वाली, सम्बन्धित भार प्रेषण केन्द्र द्वारा अनुसूचित ऊर्जा की मात्रा अभिप्रेत है

(62) किसी समय या किसी अवधि या समय खण्ड के लिए अनुसूचित उत्पादन या एस.जी. से सम्बन्धित भार प्रेषण केन्द्र द्वारा दिया गया एम.डब्लू. या एम.डब्लू.एच. एक्स. बस मे अनुसूचित उत्पादन अभिप्रेत है

टिप्पणी

ओपन साइकल गैस टर्बाइन उत्पादक स्टेशन या सयुक्त साइकल उत्पादक स्टेशन के लिए किसी समय खण्ड हेतु औसत आवृति यदि 49.52 एच जेड से नीचे है किन्तु 49.02 एच जेड से नीचे नहीं है तथा अनुसूचित उत्पादन घोषित क्षमता के 98.5 प्रतिशत से अधिक है तो अनुसूचित उत्पादन घोषित क्षमता के 98.5 प्रतिशत घटा हुआ माना जायेगा तथा यदि किसी समय खण्ड के लिए औसत आवृति 49.02 एचजेड से कम है तथा अनुसूचित उत्पादन घोषित क्षमता का 96.5 प्रतिशत अधिक है तो अनुसूचित उत्पादन घोषित क्षमता का 96.5 प्रतिशत घटा हुआ माना जायेगा।

(63) 'लघु गैस टर्बाइन उत्पादक स्टेशन' से 50 एम. डब्लू. या इससे कम क्षमता मे गैस टर्बाईन के साथ ओपन साइकल गैस टर्बाइन या संयुक्त चक्र उत्पादक स्टेशन अभिप्रेत है व सम्मिलित है

(64) ''राज्य भार प्रेषण केन्द्र' या 'एस.एल.डी.सी.' से अधिनियम की धारा 31 के अधीन शक्तियो के प्रयोग व कार्यो के निष्पादन के प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा स्थापित केन्द्र अभिप्रेत है

(65) 'भडारण प्रभार का ऊर्जा स्टेशन' से ऐसा जल विद्युत उत्पादक स्टेशन अभिप्रेत है जिसमे मांग के अनुसार विद्युत के उत्पादन में परिवर्तन करने के लिये विशाल भडारण क्षमता हो

(66) 'शुल्क' से विद्युत की उत्पादन, पारेषण, व्हीलिंग व आपूर्ति हेतु प्रभारो की अनुसूची तथा इन्हे लागू करने के लिये निबधन व शर्तें अभिप्रेत है

(67) ''शुल्क अवधि'' से वह अवधि अभिप्रेत है जिसके लिये इन विनियमों के अधीन आयोग द्वारा शुल्क या कुल राजस्व आवश्यकता अवधारित की गई हैं

(68) ''समय खण्ड'' से जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो 0000 बजे से प्रारम्भ होने वाली 15 मिनट का एक समय खण्ड अभिप्रेत है

(69) ''व्यपारी कारोबार'' से वितरण अनुज्ञापी की आपूर्ति क्षेत्र से बाहर अन्य अनुज्ञापी या उपभोक्ताओं या उपभोक्ताओं के वर्ग को विद्युत के पुन: विक्रय हेतु व्यापारी अनुज्ञापी या वितरण अनुज्ञापी द्वारा विद्युत के क्रय का कारोबार अभिप्रेत है

(70) ''पारेषण व्यवसाय'' से पारेषण लाईनों की स्थापना या प्रंचालन व्यवसाय अभिप्रेत है

(71) ''पारेषण हानि से पारेषण अनुज्ञापी की पारेषण प्रणाली में ऊर्जा हानिये अभिप्रेत है। एयर कंडिशनिंग, लाइटिंग बैटरी चार्जिज, उपस्टेशन उपकरण के उपसाधन इत्यादि के प्रयोजन हेतु उप–स्टेशन में अनुषंगी ऊर्जा उपभोग की बिलिंग की जायेगी तथा ये मरम्मत व रखरखाव का भाग समझे जायेंगे।

(72) ''पारेषण सेवा अनुबन्ध'' से अनुबन्ध, समझौता, समझौता ज्ञापन या ऐसे किसी प्रसविदा, जो कि पारेषण अनुज्ञापीधारी तथा प्रसारण सेवा लाईनों के उपयोगकर्ता के बीच में हुए अनुबन्ध से अभिप्रेत है,

(73) ''पारेषण प्रणाली'' से संलग्न उप स्टेशन के साथ या इसके बिना लाईन का लाईन समूह अभिप्रेत है इसमें पारेषण लाईनों तथा उप स्टेशनों के साथ के साथ जुडे उपकरण सम्मिलित है।

(74) संयुक्त चक्र तापीय उत्पादक स्टेशन से भिन्न तापीय उत्पादक स्टेशन के संबध में ''यूनिट'' से स्टीम जेनरेटर, टर्बाइन जेनरेटर तथा अनुषांगिकियां अभिप्रेत है या संयुक्त चक्र तापीय उत्पादक स्टेशन के संबंध में टर्बाईन जेनरेटर व आनुषांगिकियां अभिप्रेत है तथा एक जल विद्युत उत्पादक स्टेशन के सबंध में टर्बाईन जेनरेटर तथा इसकी अनुषंगिकियां अभिप्रेत है

(75) ''अनानुसूचित विनियम'' (यू.आई.) से भारतीय विद्युत ग्रिड सहिता में परिभाषित अनानुसूचित विनियम अभिप्रेत है

(76) सी.ओ.डी. से प्रेषण प्रणाली व उत्पादक स्टेशन की एक यूनिट के सबंध में ''उपयोगी जीवन'' से निम्नलिखित अभिप्रेत है, अर्थात्–

ए) जल विद्युत उत्पादक स्टेशन – 35 वर्ष

बी) कोयला/लिग्नाईट आधारित तापीय उत्पादक स्टेशन – 25 वर्ष

सी) गैस/तरल ईंधन आधारित तापीय उत्पादक स्टेशन – 25 वर्ष

डी) पारेषण लाईन – 35 वर्ष

ई) वितरण लाईन वितरण प्रणाली – 35 वर्ष

(77) "उपयोगकर्त्ता" से पारेषण या वितरण अनुज्ञापी, उत्पादक कंपनी, कोई ऐसा व्यक्ति जिसमें कोई आबद्ध ऊर्जा सयंत्र स्थापित किया हो या पारेषण अनुज्ञापी की पारेषण प्रणाली अथवा वितरण अनुज्ञापी की वितरण प्रणाली उपयोग कर रहे उन्मुक्त अभिगमन वाले उपभोक्ता अभिप्रेत है

(78) "व्हीलिंग" से ऐसा प्रचालन अभिप्रेत है जिसके द्वारा वितरण अनुज्ञापी की वितरण प्रणाली व सलग्न सुविधाए, अधिनियम की धारा 62 के अधीन अवधारण किये जाने हेतु प्रभारो के भुगतान के पश्चात् विद्युत के सप्रेषण के लिये किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग मे लाई जाती है।

(79) "वर्ष" से 31 मार्च को समाप्त होने वाला वित्त वर्ष अभिप्रेत है तथा

ए) "वर्तमान वर्ष" से वह वर्ष अभिप्रेत है जिस में वार्षिक लेखा विवरण या शुल्क के अवधारण हेतु याचिका दायर की जाये।

बी) "पूर्व वर्ष" से वर्तमान वर्ष से ठीक पिछला वर्ष अभिप्रेत है

सी) "आगामी वर्ष" से वर्तमान वर्ष से अगला वर्ष अभिप्रेत है

इन विनियमों में प्रयुक्त शब्दों तथा अभिव्यक्तियों, जो परिभाषित नहीं है परन्तु समय समय पर सशोधित विद्युत अधिनियम, 2003 मे परिभाषित है, के वही अर्थ होगे जो उक्त अधिनियम में दिये गये है।

4. **विनियमों की परिधि**

(1) ये विनियम निम्नलिखित मामलों से संबंध में लागू होंगेः–

ए) एक वितरण अनुज्ञापी को एक उत्पादक कंपनी द्वारा विद्युत आपूर्तिः

परन्तु विद्युत आपूर्ति की कमी होने पर आयोग, विद्युत की युक्तियुक्त कीमतें सुनिश्चित करने के लिए अधिकतम एक वर्ष हेतु उत्पादन कपनी व अनुज्ञापी के मध्य या अनुज्ञापियों के मध्य हुए करार के अनुसरण में विद्युत के क्रय हेतु शुल्क की न्यूनतम व अधिकतम सीमा तय कर सकता है।

बी) विद्युत राज्यन्तर्गत पारेषण

सी) एस.एल.डी.सी.

डी) विद्युत की खुदरा आपूर्ति

परन्तु दो या दो से अधिक वितरण अनुज्ञापियों द्वारा एक ही क्षेत्र मे विद्युत के वितरण के मामले में, वितरण अनुज्ञापियो के मध्य प्रतिस्पर्धा बढाने के लिये आयोग विद्युत की खुदरा बिक्री के लिये केवल अधिकतम सीमा तय कर सकता हैः

परन्तु आगे यह कि जहा अधिनियम की धारा 42 के अधीन उपभोक्ताओ के किसी वर्ग को आयोग द्वारा उन्मुक्त अभिगमन की अनुमति दी हुई है वहा आयोग इन विनियमो तथा उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (राज्यानतर्गत उन्मुक्त अभिगमन के निबधन एव शर्ते) अधिनियम, 2010 के अनुसार व्हीलिग शुल्क, प्रति सहायकी प्रभार, अतिरिक्त प्रभार तथा अन्य उन्क्त अभिगमन सबंधी प्रभार अवधारित करेगा।

(2) इन विनियमो मे किसी बात के होते हुए भी आयोग शुल्क को अपनायेगा यदि ऐसे शुल्क केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार बोली की प्रक्रिया के द्वारा अवधारित किये गये हो।

(3) ये विनियम ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतो पर लागू नही होंगे जोकि समय समय पर सशोधित यू.ईआर.सी. (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतो तथा गैर जीवाश्म ईंधन आधारित कोजेनरेटिग स्टेशन्स से विद्युत की आपूर्ति हेतु शुल्क एवं अन्य शर्ते) विनियम, 2010 द्वारा नियत्रित होंगे।

(4) इन विनियमो के प्रभावी होने के पश्चात् निम्नलिखित विनियम निरस्त हो जायेगे

ए) समय समय पर सशोधित यू.ईआर.सी. (जल विद्युत उत्पादन शुल्क के अवधारण हेतु निबधन एव शर्ते) विनियम, 2004

बी) समय समय पर सशोधित यू.ईआर.सी. (पारेषण शुल्क के अवधारण हेतु निबधन एव शर्ते) विनियम, 2004

सी) समय समय पर सशोधित यू.ईआर.सी. (वितरण शुल्क के अवधारण हेतु निबधन एव शर्ते) विनियम, 2004

ई) यू.ईआर.सी. (शुल्क के सहीकरण हेतु निबधन एवं शर्ते) विनियम, 2008

ए) यू.ईआर.सी. (वृद्धि–कारक हेतु निबधन एवं शर्ते) विनियम, 2008

तथापि, इन विनियमो की अधिसूचना तक अवधि से सबधित समीक्षा मामलो सहित सभी प्रयोजनो के लिये शुल्क अवधारण सबधी मामले उस अवधि मे प्रचलित विनियमो द्वारा नियत्रित होंगे,

भाग — 2

बहु वर्षीय शुल्क संरचना सामान्य सिद्धांत

5. बहु वर्षीय संरचना

एआरआर के अनुमोदन व नियन्त्रण अवधि हेतु शुल्कों एवं प्रभारों से अपेक्षित राजस्व के लिए आयोग बहु वर्षीय शुल्क संरचना अपनायेगा। बहुवर्षीय शुल्क संरचना निम्नलिखित पर आधारित होगी

ए) नियन्त्रण अवधि के प्रारम्भ होने से पूर्व आयोग द्वारा अनुमोदन हेतु समस्त नियन्त्रण अवधि के लिये आवेदक द्वारा प्रस्तुत व्यावसायिक योजनाः

बी) नियन्त्रण अवधि के प्रथम वर्ष के लिये कुल राजस्व आवश्यकता तथा शुल्को के अवधारण हेतु एमवायटी याचिका के साथ प्रस्तुत इन विनियमो के अधीन नियम वित्तीय एव प्रचालक सिद्धातो/मानदडो व युक्तियुक्त धारणाओ पर आधारित नियन्त्रण अवधि के प्रत्येक वर्ष हेतु अपेक्षित एआरआर का आवेदक का पूर्वानुमान

सी, अनुज्ञापी की प्रस्तुतियो, आवेदक के वास्तविक कार्य निष्पादन डाटा तथ्यो ऐसी ही युटिलिटिज के कार्य निष्पादन के आधार पर आयोग द्वारा नियत विनिर्दिष्ट मानदडो हेतु विक्षेप पथ

डी, कार्य निष्पादन की वार्षिक समीक्षा नियन्त्रण योग्य कारको तथा नियत्रण–अयोग्य कारको मे कार्य निष्पादन मे परिवर्तन के अनुमोदित पूर्वानूमान तथा वर्गीकरण के मुकाबले मे की जायेगी

ई) इन विनियमो के उपबधो के अनुसार नियत्रण योग्य व नियन्त्रण अयोग्य कारको के कारण अतिरिक्त लाभ या हानि की भागीदारी।

6. नियन्त्रण अवधि

इन विनियमो के अधीन प्रथम नियन्त्रण अवधि तीन (3) वित्त वर्षो की होगी। इन विनियमो के अधीन प्रथम आवेदन 1 अप्रैल 2013 से 31 मार्च 2016 तक तीन वर्षों की अवधि के लिये किया जायेगा।

परन्तु यदि कोई उत्पादक स्टेशन इन विनियमो की अधिसूचना के पश्चात तथा प्रथम नियन्त्रण अवधि के प्रारम्भ होने से पहले संस्थापित हो जाता है तो आयोग एक पृथक आदेश द्वारा एक विशेष मामले के अधीन इन विनियमो के अन्तर्गत ऐसे उत्पादक स्टेशन हेतु विनिर्दिष्ट मानकों के आधार पर शुल्क के अवधारण पर विचार कर सकता है।

7. प्रचालन के मानक, तय सीमा के मानक होंगे

इसमे विनिर्दिष्ट प्रचालन के मानक, तय सीमा के मानक है तथा यह प्रचालन के सम्मुख मानको को आयोग द्वारा नियत करने या उत्पादक कपनी, पारेषण अनुज्ञापी, वितरण अनुज्ञापी तथा लाभार्थियो को इससे सहमत होने मे बाधक नही होगा तथा ऐसी स्थिति मे ऐसे सम्मुचित मानक शुल्क के अवधारण हेतु लागू होंगे।

8. आधार रेखा का अवधारण

नियन्त्रण अवधि के आधार वर्ष हेतु आधार रेखा मूल्य (प्रचालन एव लागत मानदड) ऐतिहासिक डाटा, नवीनतम सपरीक्षित लेखा, सुसगत वर्ष हेतु आकलन तथा आयोग द्वारा लागू कुशल जाच के आधार पर आयोग द्वारा अवधारित किये जायेगे।

परन्तु आधार रेखा मूल्यो के अवधारण हेतु पहले उपबधित/विचार किये गये आकलन तथा वास्तविक सपरीक्षित लेखों के मध्य पर्याप्त अतर होने पर आयोग स्वप्रेरणा से या आवेदक द्वारा किये गये आवेदन पर आधार वर्ष हेतु आधार रेखा मूल्यों को पुनः अवधारित कर सकता है।

9. व्यावसायिक योजना

(1) आवेदक, शपथ पत्र द्वारा तथा यू.ईआर.सी (कारोबार का सचालन) विनियम, 2004 के अनुसार 1 अप्रैल, 2013 से 31 मार्च, 2016 तक तीन (3) वित्त वर्षो की नियत्रण हेतु 3 मई, 2012 तक एक व्यावसायिक योजना प्रस्तुत करेगा।

ए) उत्पादक कपनी हेतु व्यावसायिक योजना सपूर्ण नियन्त्रण अवधि हेतु होगी तथा इसमे अन्य बातों के साथ साथ निम्नलिखित का समावेश होगा:–

i) पूजी निवेश योजना, जिसमे वित्त पोषण का स्रोत, वित्तीय योजना तथा तत्समान पूजीकरण अनुसूची के साथ पूजी व्यय के वार्षिक चरण वर्तमान पूजी व्यय स्टेशनो के लिये उत्पादक कपनी द्वारा नियोजित निवेशो का विवरण सम्मिलित है। यह योजना कपनी के विभिन्न सयत्रो के लिये आर एड एम योजना तथा प्रस्तावित कार्य कुशलता सुधारो के अनुरूप होगी।

ii) पूजी निवेश योजना, जारी परियोजनाओं जो समीक्षा के अधीन वर्षो मे विभाजित होंगी तथा नयी परियोजनाओ (औचित्य के साथ) जो समीक्षा वर्षो के अधीन आरम्भ होगी किंतु शुल्क अवधि के भीतर या उसके पश्चात् पूर्ण होंगी, जो पृथक रूप से दर्शायेगी।

iii) उत्पादक कपनी, वर्तमान बजार परिस्थितियो वर्तमान ऋण करारो के निबधनो उत्पादन व्यवसाय के जोखिमो तथा साख योग्यता का विचार कने के पश्चात् पूजी सरचना व वित्त

पोषण की लागत (ऋण पर ब्याज व इक्विटी पर वापसी) का सयत्र वार विवरण प्रस्तुत करेंगी।

iv) यंत्रों के व्यापक बंदी से संबधित विवरण

v) कार्य निष्पादन मानदण्डो का विक्षेप पथ

बी) पारेषण अनुज्ञापी हेतु व्यावसायिक योजना सपूर्ण नियन्त्रण अवधि के लिये होगी तथा इसमें अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित का समावेश होगा:–

i) पूजी निवेष योजना जो कि व्यावसायिक योजना मे प्रस्तावित भार वृद्धि तथा गुणवत्ता सुधार के अनुरूप होगा। विनेश योजना मे निधियन का स्त्रोत वित्त पोषण योजना तथा तत्समान पूंजीकरण अनुसूची के साथ सकल पूंजीगत व्यय के वार्षिक चरण सम्मिलित होने चाहिये। पारेषण अनुज्ञापी द्वारा पूजी निवेश योजना के भाग के रूप मे जमा की जाने वाली प्रणाली संवर्धन/विस्तार योजना नियन्त्रण अवधि के दौरान भार वृद्धि पूर्वानुमान/उत्पादक निष्क्रमण आवश्यकता के अनुरूप होगी। इसके अतिरिक्त, पूजी निवेश योजना सी ई ए /सी टी यू /एस टी यू /वितरण अनुज्ञापी द्वारा निर्मित योजना के अनुरूप होना चाहिये।

ii) प्रत्येक प्रस्तावित योजना की उपयुक्त पूजी सरचना तथा वित्त पोषयण की लागत (ऋण पर ब्याज) व इक्विटी पर वापसी, वर्तमान ऋण के निबंधन इत्यादि।

iii) लक्ष्य हानि की पूर्ति के लिये प्रस्तावित उपायो के विवरण सहित नियन्त्रण अवधि के प्रत्येक वर्ष हेतु पारेषण हानि कमी विक्षेप पथ

सी) वितरण अनुज्ञापियो हेतु व्यावसायिक योजना सपूर्ण नियन्त्रण अवधि होगी तथा इसमे अन्य बातो के अलावा निम्नलिखित का समावेश होगा:–

i) नियन्त्रण अवधि के प्रत्येक वर्ष हेतु ग्राहक श्रेणी व उपश्रेणियो के लिए विक्रय/माग पूर्वानुमान

ii) लक्ष्य हानि की पूर्ति हेतु प्रस्तावित उपायों के विवरण सहित नियन्त्रण अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिये वितरण हानि कमी विक्षेप पथ

iii) व्यावसायिक योजना अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिये विक्रय पूर्वानुमान तथा वितरण हानि विक्षेप पथ पर आधारित ऊर्जा प्रापण योजना मे ऊर्जा कार्य कुशलता तथा माग पक्ष प्रबधन उपाय सम्मिलित होगे

iv) नियन्त्रण अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिये सकलन कार्य कुशलता सुधार विक्षेप पथ

v) विक्रय/माग पूर्वानुमान ऊर्जा प्रापण योजना, वितरण हानि विक्षेप पथ, अपूर्ति की गुणवत्ता हेतु लक्ष्य इत्यादि का विचार करते हुए पूजी निवेश योजना। पूजी निवेश योजना राज्य पारेषण युटिलिटि (एस.टी.यू.) द्वारा बनायी गयी सदर्श योजना के अनुसार होगी तथा निवेश योजना मे निधियन का स्रोत वित्त पोषण योजना व तत्समान पूजी चरण अनुसूची के साथ साथ पूंजीगत व्यय के वार्षिक चरण भी सम्मिलित होने चाहिये।

vi) प्रस्तावित प्रत्येक योजना की उपयुक्त सरचना तथा वित्त पोषण की लागत (ऋण पर ब्याज व इक्विटी पर वापसी वर्तमान ऋण करारों के निबंधन इत्यादि)

डी) राज्य भार प्रेषण केन्द्र के लिये व्यावसायिक योजना सपूर्ण नियन्त्रण अवधि के लिये होगी तथा इसमे अन्य बातो के अलावा निम्नलिखित का समावेश होगाः–

i) व्यय की चरण बद्धता व निधियन स्वरूप सहित पूजी निवेश योजना

ii) नियन्त्रण अवधि हेतु आकलित बजट

(2) आवेदक, व्यावसायिक योजना के एक भाग के रूप मे नियन्त्रण अवधि हेतु अपनी जन शक्ति नियोजन के संबंध में विवरण भी प्रस्तुत करेगा।

(3) आवेदक एम.वाय.टी. याचिका दायर करने से पहले आयोग से व्यावसायिक योजना अनुमोदित करवायेगा।

(4) आयोग, उचित परामर्श प्रक्रिया के पश्चात् व्यावसायिक योजना की सवीक्षा करेगा व उसे अनुमोदित करेगा।

10. कतिपय परिवर्तियों हेतु विशिष्ट विक्षेप पथ

(1) पूर्व कार्य प्रदर्शन को ध्यान मे रखकर कतिपय परिवर्तियो के लिये आयोग एक विक्षेप पथ तय करेगा। परन्तु जिन परिवर्तियो के लिये आयोग विक्षेप पथ तय करेगा उनमे निम्नलिखित सम्मिलित होगा

ए) एक उत्पादक स्टेशन के मामले में:

उत्पादक कंपनी की उपलब्धता स्टेशन उष्मा दर गौण तेल उपभोग, अनुषंगी उपभोग मार्गस्थ हानियां इत्यादि

बी) पारेषण अनुज्ञापी के मामले मे

पारेषण हानियां, पारेषण प्रणाली उपलब्धता, इत्यादि

सी) वितरण अनुज्ञापी के मामले मे.

अपूर्ति उपलब्धता तार उपलब्धता वितरण हानिंया सग्रहण कार्यकुशलता, इत्यादि।

परन्तु आगे यह कि इस विक्षेप पथ मे परिभाषित लक्ष्यो के सापेक्ष उच्च व निम्न कार्य प्रदर्शन के कारण उपभोक्ताओ के साथ साथ व हानियो की भागीदारी का उपबध करना चाहिये

परन्तु आगे यह भी कि आयोग प्रत्येक नियन्त्रण अवधि मे प्रारम्भ मे विक्षेप पथ की समीक्षा करेगा तथा पिछली नियन्त्रण अवधि मे अनुज्ञापी/उत्पादक कपनी द्वारा सबधित कार्य निष्पादन का विचार करेगा।

(2) इन विनियमो के अनुसार आयोग द्वारा नियत विक्षेप पथ आवेदक द्वारा एम.वाय.टी. याचिका मे निगमित किय जायेंगे।

11. नियन्त्रण अवधि हेतु एम.वाय.टी. याचिका

(1) आवेदक, शपथपत्र के अधीन तथ यू.ई.आर.सी. (कारोबार का सचालन) विनियम, 2004 के अनुसार, आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में नियन्त्रण अवधि के प्रारम्भ होने वाले वर्ष से पिछले वर्ष की 30 नवम्बर तक, लागू शुल्क के साथ, नियन्त्रण अवधि के प्रत्येक वर्ष हेतु शुल्क से अपेक्षित राजस्व व कुल राजस्व आवश्यकता का पूर्वानुमान प्रस्तुत करेगा।

(2) नियन्त्रण अवधि के प्रत्येक वित्त वर्ष हेतु कुल राजस्व आवश्यकता का पूर्वानुमानः

ए) नियन्त्रण अवधि के प्रत्येक वित्त वर्ष हेतु कुल राजस्व आवश्यकता के विभिन्न अवयवों के प्रक्षेपण हेतु, आवेदक एक गणितीय प्रतिरूप विकसित करेगा। इसके लिए आवेदक उपयुक्त वृहद् आर्थिक परिवर्तियो बाजार सूचकांक पिछले वर्ष की वृद्धि के रूखो का उपयोग करेगा इसके अतिरिक्त आवेदक अपनी एम.वाय.टी. याचिका तथा वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा व शुल्क अवधारण हेतु याचिका के साथ सभी फार्मूलो व सपर्को के साथ उपरोक्त प्रतिरुप की एक सॉफ्ट कॉपी जमा करेगा।

बी) जहा किसी नियन्त्रण अवधि के लिये आवेदक कुल राजस्व आवश्यकता के किसी अवयव के पूर्वानुमान हेतु कार्यावधि मे परिवर्तन चाहता है वह, वह ऐसी नियन्त्रण अवधि के प्रारम्भ होने से [illegible] तर्कसंगता प्रस्तुत करते हुए आयोग में अनुमोदन हेतु आवेदन करेगा।

(3) शुल्क एवं प्रभारों से अपेक्षित राजस्व का पूर्वानुमान

ए) आवेदक निम्नलिखित के आधार पर शुल्क एव प्रभारो से अपेक्षित राजस्व के प्रक्षेपण के लिये गणितीय प्रतिरूप विकसित करेगा –

i) एक उत्पादक कपनी के मामले मे, आवेदन करने की तिथि पर प्रचलित उत्पादन शुल्को तथा विवरण अनुज्ञापी व उन्मुक्त अभिगमन उपभोक्ताओं को आबटित क्षमता के

आकलन तथा नियन्त्रण अवधि के प्रत्येक वित्त वर्ष हेतु अपेक्षित ऊर्जा उत्पादन के आधार पर

ii) एक पारेषण अनुज्ञापी के मामले मे, आवेदन करने की तिथि पर प्रचलित पारेषण शुल्को तथा प्रणाली का उपयोग करने वालो जिसमे नियन्त्रण अवधि प्रत्येक वित्त वर्ष हेतु उन्मुक्त अभिगमन उपभोक्ता सम्मिलित है को आबटित क्षमता के आकलन के आधार पर

iii) विवरण अनुज्ञापी के मामले मे, आवेदन करने की तिथि पर प्रचलित खुदरा व व्हीलिंग शुल्को तथा नियन्त्रण अवधि के प्रत्येक

iv) एम.एल.डी.सी. मामले मे, आवेदन करने की तिथि पर लागू फीस व शुल्को तथा अन्तराज्यीय पारेषण प्रणाली के उपयोग कर्त्ताओ को आबटित पारेषण क्षमता के आधार पर।

v) आवेदक वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा व शुल्क अवधारण हेतु याचिका तथा अपनी एम.वाय.टी याचिका के साथ सभी फॉमूलो व सपर्को के साथ उपरोक्त प्रतिरूप की एक सॉफ्ट कापी जमा करेगा।

(4) आवेदन की जॉच करने के पश्चात् आयोग या तोः–

ए) अपने आदेश मे विनिर्दिष्ट आशोधनो व शर्तो के अधीन नियन्त्रण अवधि के लिये शुल्क व प्रभारो से अपेक्षित राजस्व तथा कुल राजस्व आवश्यकता के पूर्वानुमान को अनुमोदित करते हुए आदेश पारित करेगा या

बी) कारण अभिलिखित कर आवेदन अस्वीकार करेगा।

परन्तु आवेदन अस्वीकार करने से पहले आवेदक को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया जायेगा।

(5) अपने एम वाय टी आदेश मे आयोग कुल राजस्व आवश्यकता मे समावेशित परिवर्तियो तथा आवेदक के उन शुल्क व प्रभारो से अपेक्षित राजस्व को विनिर्दिष्ट करेगा जिनकी वार्षिक कार्य प्रदर्शन समीक्षा के एक भाग के रूप में आयोग द्वारा समीक्षा की जानी है।

परन्तु ऐसे परिवर्ती [illegible] इन मदो [illegible] सीमित होगे जिनका आयोग की राय मे नियत्रण अवधि मे राज्य के उपभोक्ताओ को विद्युत की आपूर्ति की लागत पर भौतिक प्रभाव होगा।

परन्तु आगे यह कि नीचे दिये विनियम के अधीन आयोग द्वारा नियत परिवर्तिया वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा का भाग होगी जब तक कि उन्हे आयोग द्वारा अपने आदेश मे ऐसी समीक्षा से छूट प्रदान न की गई हो।

12. वार्षिक लेखों, रिपोर्ट्स इत्यादि की तैयारी व इन्हें जमा करना।

(1) प्रत्येक आवेदक वार्षिक लेखा विवरण तैयार करेगा तथा वर्तमान वर्ष, पिछले वर्ष आगामी वर्ष सहित एम वाय टी नियन्त्रण अवधि के शेष वर्षो मे सभावित रूप से की जाने वाली गतिविधियो का विवरण देते हुए वार्षिक रिपोर्ट व आंकड़े भी तैयार करेगा। इन गतिविधियों की रिपोर्ट्स विभिन्न कार्य निष्पादन मापदडो के सबध मे लक्ष्य व उपलब्धिया भी इगित करेगी ये रिपोर्ट्स प्रत्येक वर्ष 30 नवम्बर तक दो प्रतियों में आयोग को प्रस्तुत की जायेगी।

(2) आयोग, आवेदको को ऐसी अतिरिक्त जानकारी जो अपने कार्य निष्पादन के लिए आवश्यक हो आयोग या ऐसे अन्य प्राधिकारी को जो आयोग इस निमित्त अभिहित करे, के पास जमा करने का भी निर्देश दे सकता है।

(3) आयोग उपयुक्त समय पर पृथक विनियामक लेखे तैयार करने के लिए प्रपत्र विनिर्दिष्ट कर सकता है।

13. वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा।

(1) बहुवर्षीय शुल्क सरचना के अतर्गत उत्पादक कपनी या पारेषण अथवा वितरण अनुज्ञापी या एस एल डी सी का कार्य निष्पादन, वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा के अधीन होगा।

(2) आवेदक, शपथपत्र के अधीन तथा इ ई आर सी (कारोबार का सचालन) विनियम, 2004 के अनुसार प्रत्येक वर्ष 30 नवम्बर तक वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा हेतु आवेदन करेगा।

परन्तु आवेदक आयोग को जानकारी ऐसे प्रपत्र पर प्रस्तुत करेगा जैसा कि समय समय पर आयोग द्वारा नियत किया जाये इसमें सांविधिक लेखा विवरण, लेखा पुस्तिकाओं के उद्धरण तथा अन्य ऐसे विवरण होगे जो कि कुल राजस्व आवश्यकता तथा शुल्क व प्रभारो से अपेक्षित राजस्व के अनुमोदित पूर्वानुमान से वित्तीय कार्य निष्पादन में किसी परिवर्तन को दर्शाता हो [illegible] के निर्धारण हेतु आयोग के लिए आवश्यक है।

परन्तु आगे यह कि वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा हेतु आवेदन, इसके लिए दिशानिर्देशों में विनिर्दिष्ट समय सीमा की भीतर शुल्क के अवधारण हेतु आवेदन के साथ इन विनिमयो के अधीन उपबधित तरीको से आयोग को प्रस्तुत किया जायेगा।

(3) वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा की परिधि, कुल राजस्व आवश्यकता तथा शुल्क व प्रभारो से अपेक्षित राजस्व के अनुमोदित पूर्वानुमान के साथ आवेदक के कार्य निष्पादन की तुलना होगी तथा इसमे निम्नलिखित का समावेश होगा।

(ए) ऐसे पिछले वित्त वर्ष के लिए अनुमोदित पूर्वानुमान के साथ पिछले वित्त वर्ष के लिए आवेदक के सपरीक्षित कार्य निष्पादन की तुलना तथा नियत्रण अयोग्य कारको के प्रभाव के पारगमन सहित कुशल जांच के अधीन व्ययों व राजस्व का सहीकरण।

(बी) आवेदक के नियन्त्रण के भीतर कारको (निष्पादन योग्य कारक) तथा वे कारक जो आवेदक के नियन्त्रण के बाहर हो (नियन्त्रण अयोग्य कारक) मे अनुमोदित पूर्वानुमान के सदर्भ मे कार्य निष्पादन में परिवर्तनों का वर्गीकरण।

(सी) पिछले वित्त वर्ष के लिए सपरीक्षित वित्तीय परिणामो के आधार पर, यदि आवश्यक हो, आगामी वित्त वर्ष के लिये आकलनों का सशोधन।

(डी) पिछले वर्ष के लिए नियत्रण योग्य कारको के कारण लाभो व हानियो की भागीदारी का सगणन।

(4) समीक्षा पूर्ण हो जाने पर आयोग, इस विनियम के अधीन नियत परिवर्तियो के लिए कार्य निष्पादन मे किन्हीं परिवर्तनो का अपेक्षित परिवर्तनो को आवेदक के नियन्त्रण के भीतर कारको (नियत्रण योग्य कारक) या आवेदक के नियत्रण के बाहर कारको (नियत्रण अयोग्य कारक) के साथ गुणारोप करेगा।

परन्तु जहा आवेदक या कोई हितबद्ध या प्रभावित पक्ष इस विनियम का विनिर्दिष्ट करते समय नियत न किए गये किसी परिवर्ती के लिए यह समझता है कि नियन्त्रण अयोग्य कारको या कुछ नये नियत्रण योग्य कारको के कारण किसी वित्त वर्ष के लिए कार्य निष्पादन मे भौतिक परिवर्तन या अपेक्षित परिवर्तन है तो ऐसा आवेदक या हितबद्व या प्रभावित पक्ष ऐसे वित्त वर्ष के लिए उक्त के अधीन समीक्षा मे आयोग के निर्देश पर ऐसे परिवर्ती को सम्मिलित करने के लिए आयोग के पास आवेदक कर सकता है।

(5) नियन्त्रण अयोग्य कारको मे आयोग द्वारा अवधारित निम्नलिखित कारक सम्मिलित होगे जो आवेदक के नियत्रण के बाहर थे व उसके द्वारा न्यूनीकृत नही किये जा सकते थे नियत्रण आयोग्य कारको के कुछ उदाहरण निम्नलिखित है–

(ए) अपरिहार्य घटनाएं, जैसे युद्व, अग्नि, प्राकृतिक आपदा इत्यादि।

(बी) विधि, न्यायिक ऐलानो केन्द्रीय सरकार राज्य सरकार या आयोग के आदेशो मे परिवर्तन

(सी) आर्थिक प्रभाव जैसे वृद्वि दर बाजार ब्याज दर, करो या वैधानिक उद्ग्रहण मे अनपेक्षित परितर्वन।

(डी) वितरण अनुज्ञापियों इत्यादि के लिए ऊर्जा कय व्ययो में परिवर्तन।

(ई). भाडे की दरों में परिवर्तन।

(एफ) विपरीत प्राकृतिक घटनाओ के कारण जल विद्युत ताप मिश्रण मे बदलाव के कारण परिवर्तन तथा।

(जी) उपभोक्ताओ को आपूर्ति की गई विद्युत की मात्रा या उपभोक्ताओ की सख्या मे परिवर्तन।

(6) आवेदक के कार्य निष्पादन मे अपेक्षित परिवर्तन या कुछ [illegible] परिवर्तन जिन्हे आयोग द्वारा नियन्त्रण योग्य कारको मे रखा जा सकता है मे निम्नलिखित सम्मिलित होगे

(ए) [illegible] कुशलताओ के कारण पूंजीगत व्यय मे परिवर्तन जिन्हे ऐसी परियोजना की परिधि मे अनुमोदित परिवर्तन वैधानिक उदग्रहण मे परिवर्तन या अपरिहार्य घटनाओ को कारण नहीं माना जा सकता

(बी) अशोध्य ऋणों सहित, तकनीकी व वाणिज्यिक हानियों में परिवर्तन।

(सी) मानदण्डों में परिवर्तन।

(डी) कार्यरत पूंजी आवश्यकताओं में परिवर्तन।

(ई) यूईआरसी (कार्य निष्पादन के मानक) विनियमो मे विनिर्दिष्ट मानको को पूरा करने मे विफलता सिवाय जहां उन विनियमों के अनुसार छूट प्राप्त है।

(एफ) पूंजीगत व्यय में परिवर्तन के कारण वित्त पोषण स्वरूप में परिवर्तन।

(जी) आपूर्ति की मात्रा में परिवर्तन।

(एच) अनुरक्षण एवं रखरखाव व्ययों में परिवर्तन।

(7) आवेदक विनियम 11 के अधीन पूर्वानुमान विकसित करते समय अतिरिक्त जानकारी पहले से न मिल पाने या उपलब्ध न होने के फलस्वरूप वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा के एक भाग के रूप मे नियत्रण अवधि के शेष भाग हेतु शुल्क व प्रभारो से कुल राजस्व आवश्कता व अपेक्षित राजस्व के अनुमोदित पूर्वानुमान मे आशोधन हेतु आवेदन कर सकता है।

(8) आयोग को विनियम 11 के अधीन पूर्वानुमान विकसित करते समय अतिरिक्त जानकारी पहले से न मिल [illegible] प्रभावित पक्ष द्वारा किये गये आवेदन पर, वार्षिक कार्य निष्पादन सीमीक्षा के एक भाग के रूप मे नियन्त्रण अवधि के शेष [illegible] के लिये शुल्क व प्रभारो से कुल राजस्व [illegible] अनुमोदित पूर्वानुमान में आशोधन कर सकता है।

(9) उपरोक्त विनियम 9 व विनियम 13 के अधीन किये गये आवेदन पर आयोग उसी तरह विचार करेगा जिस तरह के शुल्क से अवधारण हेतु मूल अवेदन पर किया जाता तथा ऐसी समीक्षा पूर्ण हो जाने पर या तो ऐसे परिवर्तनो के साथ प्रस्तावित आशोधन अनुमोदित करेगा या कारण अभिलिखित कर आवेदन अस्वीकार करेगा।

(10) वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा पूर्ण हो जाने पर आयोग निम्नलिखित को अभिलिखित कर आदेश पारित करेगा–

(ए) नियत्रण अयोग्य कारको के कारण आवेदक को अनुमोदित कुल लाभ' या हानि तथा वह तत्र जिसके द्वारा आवेदक विनियम 14 के अनुसार ऐसे लाभ या हानियो को पारगमित कर सके।

(बी) नियत्रण योग्य कारको के कारण आवेदक को अनुमोदित लाभ या हानि तथा ऐसे लाभ या हानि की राशि जिसकी विनियम 15 के अनुसार भागीदारी की जायेगी।

(सी) आगामी वर्ष हेतु आवेदक के पूर्वानुमान का अनुमोदित आशोधन, यदि कोई है।

आवेदक के ए आर आ के सहीकरण के कारण इन विनिमयो के अनुसार आयोग द्वारा अवधारित अधिशेष/न्यूनता को आगामी वर्ष में अग्रनीत किया जायेगा।

14. नियंत्रण अयोग्य कारकों के कारण हानि व लाभों की भागीदारी।

(1) नियत्रण अयोग्य कारको के कारण आवेदक को हुए अनुमोदित कुल लाभ या हानि को ऐसी अवधि हेतु शुल्क/प्रभारो मे समायोजन के रूप मे पारगमित किया जायेगा जैसी आयोग के आदेश में विनिर्दिष्ट की जाये।

(2) उपरोक्त उप विनियम (1) मे समाहित कुछ भी ईंधन के मूल्य मे परिवर्तन के कारण किसी लाभ या हानि मे लागू नही होगा, इस पर विनियम, सुसंगत भाग के अधीन विनिर्दिष्ट किये गये अनुसार विचार किया जायेगा।

15. नियंत्रण योग्य कारकों के कारण हानि व लाभों की भागीदारी।

(1) नियत्रण योग्य कारको के कारण आवेदक को हुए अनुमोदित कुल लाभ पर निम्नलिखित तरीके से विचार किया जायेगा।

(ए) ऐसे लाभ का 20% ऐसी अवधि हेतु शुल्को मे छूट के रूप मे पारगमित किया जायेगा जैसी कि आयोग के आदेश में विनिर्दिष्ट की जायेगी।

(बी) लाभ की शेष राशि आवेदक के विवेकानुसार उपयोग मे लाई जायेगी।

16. शुल्क अवधारण की आवर्तिता।

(1) आयोग ऐसे वित्त वर्ष प्रारम्भ मे नियत्रण अवधि के दौरान प्रत्येक वित्त वर्ष हेतु एक बहुवर्षीय षशुल्क सरचना के अधीन सम्मिलित उत्पादक कपनी/पारेषण अनुज्ञापी/वितरण अनुज्ञापी/एस एल डी सी के शुल्क/प्रभार अवधारित करेगा, जिसमें निम्नलिखित का ध्यान रखा जायेगाः–

(ए) इन विनियमों में विनिर्दिष्ट एम वाय टी सिद्वान्त, तथा

(बी) ऐसे वित्त वर्ष हेतु कुल राजस्व आवश्यकता तथा शुल्क व प्रभारो से अपेक्षित राजस्व का अनुमोदित पूर्वानुमान जिसमे ऐसे पूर्वानुमान के अनुमोदित आशोधन सम्मिलित है तथा

(सी) पिछले वित्त वर्ष के लिए सहीकरण का प्रभाव तथा वर्तमान वित्त वर्ष हेतु अतिम सहीकरण, तथा वर्षिक कार्य निष्पादन सीमीक्षा के अनुसरण मे शुल्को मे पारगमन किये जाने वाले लाभ व हानियां।

(2) एक पारेषण अनुज्ञापी या एक वितरण अनुज्ञापी या एक उत्पादक कपनी या एम एल डी सी के लिए ए आर आर की वसूली हेतु शुल्क व प्रभार, ईंधन लागत व ऊर्जा क्रय लागत के कारण इन विनियमो के अधीन विनिर्दिष्ट ईंधन अधिशेष फार्मूला के निबधनो के अधीन अभिव्यक्त रूप से अनुमति प्राप्त किन्ही परिवर्तनो के सबध मे को छोडकर साधारणतया वर्ष मे एक बार से अधिक अवधारित नही किये जायेगे

17. शुल्क के अवधारण हेतु याचिका

(1) अधिनियम के अधीन शुल्क के अवधारण हेतु आवेदन ऐसे प्रपत्र मे व इस प्रकार किया जायेगा जैसा कि उन विनियमो मे विनिर्दिष्ट किया जाये तथा ऐसे शुल्क के साथ हो जैसा कि समय समय पर सशोधित यूइआरसी (फीस व जुर्माना) विनियम 2002 के अधीन विनिर्दिष्ट किया गया हो

(2) नियन्त्रण अवधि के प्रथम वर्ष हेतु शुल्क के अवधारण के लिए आवेदन विनियम 17 के अधीन नियन्त्रण अवधि हेतु बहुवर्षीय शुल्क याचिका के साथ किया जायेगा तथा नियत्रण अवधि के पश्चातवर्ती वषो के लिए शुल्क के अवधारण हेतु [illegible] विनियम 1[illegible] के अधीन वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा की याचिका के-साथ की जायेगी।

(3) अधिकृत राजस्व व व्ययो के परिकलन हेतु तथा शुल्क अवधारण हेतु जानकारी जमा करने के लिए प्रारूप, उत्पादन पारेषण, वितरण एम एल डी सी प्रभारो के लिए पृथक रूप से विनिर्दिष्ट किया

जायेगा। इन प्रारूपो मे प्रस्तुत की गई जानकारी के साथ समर्थक दस्तावेज/गणना व सॉफ्ट कॉपीज भी होनी चाहिये।

(4) शुल्क के अवधारण हेतु याचिका में निम्नलिखित सम्मिलित होगा:–

(ए) नियन्त्रण अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए वर्तमान शुल्क का विवरण तथा निबंधन एवं शर्ते व वर्तमान शुल्क से अपेक्षित राजस्व।

(बी) राज्य सरकार से प्राप्त शोध्य या कल्पित शोध्य किसी सहायिकी के परिकलन का पूर्ण विवरण देते हुए प्रस्तावित शुल्को का विवरण, प्रयोजन/उपभोक्ता जिसको निर्देशित है, यह दर्शाते हुए विवरण कि उन उपभोक्ताओ पर लागू वर्तमान व प्रस्तावित शुल्क मे सहायिकी किस तरह प्रक्षेपित है। इस विवरण मे उन उपभोक्ताओ के लिए सहायको का विचार किए बिना पारिकलित शुल्क भी सम्मिलित होगा। सहायिकी परिकलन मे उस अवधि की स्थिति की तुलना भी की जानी चाहिए जिसके लिए शुल्क लागू होना है।

(सी) वार्षिक राजस्वो मे आकलित परिवर्तन का विवरण जो उस अवधि, जिसके लिए शुल्क लागू होना है, में प्रस्तावित शुल्क परिवर्तन से प्राप्त होगा।

(डी) यदि प्रस्तावित शुल्क वित्त वर्ष के आरम्भ होने के पश्चात् प्रारम्भ होता है तो अपेक्षित राजस्व के अनुपात तथा वित्त वर्ष के शेष माहो मे प्रस्तावित शुल्क आशोधन के अधीन आपूर्ति की गई विद्युत की मात्रा का विवरण सम्मिलित किया जायेगा।

(ई) वितरण अनुज्ञापी के मामले मे प्रत्येक श्रेणी के उपभोक्ता के संबध मे बाह्य सहायिकी व प्रति सहायिकी को छोडकर, आपूर्ति की लागत वार वोल्टेज का विस्तृत परिकलन।

(एफ) वितरण अनुज्ञापी के मामले मे, वर्तमान शुल्क मे व प्रस्तावित शुल्क मे प्रति सहायिकी की राशि का परिकलन दर्शाते हुए विवरण ऐसा अवधारण आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशो के अनुसार होगा।

(जी) प्रस्तावित शुल्क परिवर्तनो के लिए तर्काधार देते हुए एक व्याख्यात्मक नोट

(एच) सुसगत अनुज्ञप्ति की शर्तो द्वारा अपेक्षित या आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट कोई अन्य जानकारी।

(5) यदि किसी व्यक्ति के पास एक से अधिक अनुज्ञप्ति है तथा/या वह वितरण या पारेषण के एक से अधिक क्षेत्र के लिए अनुज्ञापी समझा जाता है तो वह प्रत्येक अनुज्ञप्ति या पारेषण अथवा वितरण के संबंध मे तदनुसार पृथक [illegible] प्रस्तुत [illegible] एक उत्पादन कंपनी [illegible] स्टेशन–वार परिकलन प्रस्तुत करेगी।

(6) एक उत्पादक स्टेशन का स्वामी व प्रचालन पारेषण अनुज्ञापी या वितरण अनुज्ञापी उत्पादन अपने अनुज्ञप्ति प्राप्त कारोबार तथा अन्य कारोबार के पृथक लेखे रखेगा व प्रस्तुत करेगा।

(7) पारेषण अनुज्ञापी या वितरण अनुज्ञापी या एस एल डी सी को उन सभी परियोजनाओ/ योजनाओ के सिद्वान्त अनुमोदन के लिए विनियम 23 मे दिये तरीके से याचिका दायर करना आवश्यक है, जिनकी पूँजी लागत 2.5 करोड़ रूपये से अधिक है।

(8) शुल्क याचिकाए अंग्रेजी मे प्रस्तुत की जायेगी। याचिका व प्रारूपो की सॉफ्ट कापी भी परिकलक शीटस तथा समर्थक दस्तावेजों के साथ आयोग के पास जमा की जायेगी।

(9) इन विनियमो मे किसी बात के होते हुए भी जमा करने की अनुसूचित तिथि से एक माह से आगे शुल्क [illegible] प्रस्तुत न करने के मामले में, आयोग, उक्त आवेदनों के जमा करने के लिए स्वप्रेरित कार्यवाही करेगा।

परन्तु, पूर्वोक्त कार्यवाही के बाद भी यदि आवेदक अपना आवेदन जमा नही करता है तो आयोग जैसा उचित समझे उपयुक्त समायोजन करने के पश्चात् उसके पास उपलब्ध जानकारी के आधार पर स्वय शुल्क निर्धारित करेगा।

परन्तु आगे यह कि यदि आवश्यक हो तो आयोग, अधिनियम की धारा 129 तथा/या धारा 142 के अधीन निर्देश भी पारित कर सकता है।

18. नियन्त्रण अवधि के अंत में समीक्षा।

(1) नियन्त्रण अवधि के अंत मे आयोग इन विनियमो मे नियत एम वाय टी के सिद्वान्तो के उद्देश्यो व कार्यान्वयन की उपलब्धियों की समीक्षा करेगा।

(2) एक नियन्त्रण अवधि की समाप्ति दूसरी नियन्त्रण अवधि का आरम्भ हो सकती है या जैसा आयोग निर्धारित करे, आयोग नियन्त्रण अवधि के आरम्भ मे निश्चित किये गये लक्ष्यो के सबध मे कार्य निष्पादन अपेक्षित सुधार व अन्य सुसंगत तथ्यो के आधार पर अगली नियंत्रण अवधि के लिए आधार निर्धारित करेगा।

(3) आयोग पश्चातवर्ती नियन्त्रण अवधि के प्रथम वर्ष के लिये फाईल किये ए आर आर/शुल्क याचिका के [illegible] तथा नियन्त्रण अवधि के अंतिम वर्ष के कार्य निष्पादन की वार्षिक समीक्षा करेगा। नियन्त्रण अवधि के अंतिम वर्ष के कार्य निष्पादन की [illegible] परिभाषित मानकों के आधार पर किया जायेगा।

19. आयोग द्वारा आदेश

(1) आयोग, जनता से प्राप्त सभी सुझावो व आपत्तियो पर विचार करने के पश्चात् पूर्ण आवेदन की प्राप्ति अर्थात याचिका की अभिस्वीकृति से एक सौ बीस (120) दिन के भीतर

(ए) ऐसे आदेश मे समाहित ऐसे आशोधनो व ऐसी शर्तो के साथ आवेदन को स्वीकार करते हुए आदेश जारी करेगा, या

(बी) यदि ऐसा आवेदन अधिनियम के उपबधों तथा उसके अधीन बनाये गये नियमो व विनियमो या तत्समय प्रभावी किसी अन्य विधि के उपबधो के अनुरूप नही है तो कारण अभिलिखित कर आवेदन को अस्वीकार करेगा

(2) आयोग द्वारा अवधारित शुल्क, शुल्क आदेश मे विनिर्दिष्ट तिथि से प्रवृत्त होगा.

20. शुल्क का प्रकाशन।

आवेदक, आयोग द्वारा अनुमोदित शुल्क या शुल्कों को कम से कम दो (2) स्थानीय भाषा के ऐसे दैनिक समाचारो में प्रकाशित करेगा, जिनका अनुज्ञापी के क्षेत्र मे प्रसार हो तथा अनुमोदित शुल्क /शुल्क अनुसूची अपनी इन्टरनेट साईट पर डालेगा तथा यथास्थिति ऐसे शुल्क या शुल्कों को समाविष्ट किये हुए एक पुस्तिका किसी भी इच्छुक व्यक्ति को विकय हेतु उपलबध करवायेगा।

अपनी इन्टरनेट बेव साईट पर डालेगा तथा यथास्थिति ऐसे शुल्क/शुल्को को समाविष्ट किये हुए एक पुस्तिका जो किसी भी व्यक्ति को उचित भुगतान पर प्राप्त हो सके उपलब्ध करवायेगा।

परन्तु जहा आवेदक एक उत्पादक कपनी है, वहा यह प्रकाशन ऐसे समाचार पत्र मे होगा जिसका ऐसे वितरण अनुज्ञापी के आपूर्ति क्षेत्र मे व्यापक प्रसार हो जिसकी शुल्क आदेश के निबधनो मे विद्युत की आपूर्ति किया जाना प्रस्तावित है तथा ऐसी उत्पादक कंपनी की बेव साईट में भी डाला जायेगा।

21. शुल्क आदेशों का संप्रेक्षण।

आयोग, आदेश देने के सात दिन के भीतर आदेश की एक प्रति उत्तराखण्ड सरकार केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण आवेदक व उत्तरवादियों को भेजेगा।

भाग–3

लागत व वापसी की संगणना हेतु वित्तीय सिद्वान्त

22. ऋण इक्विटी अनुपात।

(1) 01 04 2013 को या उसके पश्चात् वाणिज्यिक प्रचालन के अधीन घोषित परियोजना के लिए ऋण इक्विटी अनुपात 70 30 होगा। जहा नियोजित इक्विटी 30 से अधिक है वहा शुल्क के प्रयोजन हेतु इक्विटी को [illegible] शेष राशि को मानकीय ऋण माना जायेगा [illegible] नियोजित वास्तविक इक्विटी 30 से कम है वहा वास्तविक इक्विटी का उपयोग शुल्क सगणन मे इक्विटी पर प्रतिफल के अवधारण हेतु किया जायेगा।

(2) उत्पादक कपनी पारेषण अनुज्ञापी, वितरण अनुज्ञापी या एस एल डी सी के मामले में जहा निवेश 01 04 2013 से पहले किया गया है वहा ऋण इक्विटी अनुपात पूर्व आदेशो मे आयोग द्वारा अनुमोदित किये गये अनुसार होगा।

(3) खुली आरक्षतियो से सरचित आतरिक ससाधन के निवेदश तथा शेयर पूजी जारी करते समय उत्पादक कपनी, या पारेषण अनुज्ञापी या वितरण अनुज्ञापी या एस एल डी सी द्वारा जुटाया गया प्रीमियम यदि कोई है तो वह भी इक्विटी पर प्रतिफल की सगणना के प्रयोजन हेतु प्रदत्त पूजी माना जायेगा बशर्ते कि ऐसी प्रीमियम राशि तथा आतरिक ससाधन का उपयोग वास्तव मे पूजीगत व्यय को पूरा करने के लिए किया जाये।

(4) विदेशी मुद्रा मे निवेशित इक्विटी, इसके अभिदान की तिथि (दो) पर प्रचलित विनियम दर के आधार पर रूपये में संपरिवर्तित की जायेगी।

23. पूंजी लागत व पूंजी संरचना।

(1) एक उत्पादक कपनी, पारेषण अनुज्ञापी, वितरण अनुज्ञापी तथा एस एल डी सी के मामले मे 1 4 2013 से पहले किया गया निवेश अपने पूर्व आदेशो मे आयोग द्वारा अनुमोदित निवेशो के आधार पर स्वीकार किया जायेगा।

(2) पूजी लागत [illegible] वितरण प्रणाली या एस एल डी सी की क्षमता स्थापित प्रचालित अनुरक्षित या आवर्धित करने के लिये आशयित कोई अनुज्ञापी कोई परियोजना ग्रहण करने से पहले परियोजना पूजी लागत व वित्त पोषण योजना के 'सिद्वान्तत'

अनुमोदन के लिए यूईआरसी (कारोबार का सचालन) विनियम 2004 के अनुरूप आयोग को शपथपत्र के अधीन एक आवेदन/वितरण प्रणाली या एस एल डी सी के आवेदन/ याचिका मे निम्नानुसार स्पष्ट रूप से प्रयोजन उपबंधित किया जायेगा।

पारेषण आवेदन/याचिका मे एक युटिलिटी विशेष हेतु सुसगत प्रणाली सुदृढ़ीकरण भार वृद्धि इसके लागत लाभकारी विश्लेषण तथा अन्य विवरण जैसे परियोजना की अवस्थिति, स्थल विशेषताए, पूजी लागत का ब्यौरा वित्तीय पैकेज कार्य निष्पादन मानदड सस्थापन अनुसूची सदर्भ मूल्य स्तर आकलित पूर्ण लागत जिसमे विदेशी मुद्रा घटक (यदि कोई है) भी सम्मिलित है, निर्धारित व साधित किये जाने वाले पर्यावरण मानक, इत्यादि पर जानकारी का समावेश होगा।

वितरण आवेदन/याचिका मे प्रणाली सुदृढ़ीकरण होने मे कमी भार वृद्धि पूरा करने यूईआरसी (कार्य निष्पादन के मानक) विनियम 2007 के अधीन दायित्व पूरा करने वित्तीय पैकेज कार्य निष्पादन मानदड, सस्थापन अनुसूची, सदर्भ मूल्य स्तर, आकलित पूर्ण लागत जिसमे विदेशी मुद्रा धारक (यदि कोई है) ी सम्मिलित है, निर्धारित व साधति किये जाने वाले पर्यावरण मानको पर जानकारी का समावेश होगा।

परन्तु जहा आयोग ने आकलित पूजी लागत व वित्त पोषण योजना का "सिद्वान्तत" अनुमोदन किया है वहा यह एक युटिलिटी विशेष हेतु ए आर आर व शुल्कों का अवधारण करते समय वास्तविक पूजी व्यय पर कुशल जांच लागू करने के लिए दिशानिर्देश कारक के रूप में कार्य करेगा।

(3) शुल्क अवधारण हेतु अनुमोदित पूजी लागत पर विचार किया जायेगा तथा यदि परियोजना लागत मे किसी वृद्वि के लिये पर्याप्त औचित्य प्रदान किया गया है तो कुशल जाच के अधीन आयाग इस पर विचार करेगा।

परन्तु यदि वास्तविक पूजी लागत अनुमोदित पूजी लागत से कम है तो वास्तविक पूंजी लागत पर विचार किया जायेगा।

परन्तु पूजी लागत की कुशल जांच समय समय पर आयाग द्वारा विनिर्दिष्ट स्थिर बिंदु मानको के आधार पर की जायेगी।

परन्तु आगे यह कि ऐसे मामलो मे जहा स्थिर बिंदु मानक प्रकाशित नही किये गये है वहा कुशल जाच मे पूजीगत व्यय की युक्तियुक्तता वित्त पोषण योजना निर्माण की अवधि मे ब्याज कार्य कुशल प्रौद्योगिकी का उपयोग लागत अधिकता समय अधिकता तथा ऐसे मामलो की सवीक्षा जो शुल्क अवधारण हेतु आयोग द्वारा आवश्यक समझे जाये, सम्मिलित होगी।

परन्तु यह भी कि आयोग, स्वतंत्र अभिकरण या विशेषज्ञ द्वारा परियोजनाओं की लागत की जाच के लिए दिशा निर्देश जारी कर सकता है तथा ऐसा होने पर ऐसे अभिकरण या विशेषज्ञ द्वारा जाच की गई पूँजी लागत पर ही शुल्क अवधारक करते समय आयोग द्वारा विचार किया जायेगा।

परन्तु यह भी कि यदि किसी जल विद्युत उत्पादक स्टेशन का स्थल बोली की द्विचरण पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए राज्य सरकार द्वारा किसी विकासकर्ता (जो राज्य के स्वामित्व वाली या राज्य द्वारा नियत्रित कपनी न हो) को दिया जाता है तो परियोजना स्थल का आबटन पाने के लिए देय/भुगतान किये गये प्रीमियम सहित परियोजना विकासकर्ता द्वारा किये गये कोई व्यय या किये जाने के लिए प्रतिबद्ध किसी व्यय को पूंजी लागत में सम्मिलित नहीं किया जायेगा

परन्तु यह भी कि ऐसे जल विद्युत उत्पादक स्टेशन के मामले मे पूंजी लागत मे निम्नलिखित सम्मिलित होगा:

(ए) अनुमोदिन रूप मे नेशनल आर एड आर पॉलिसी तथा आर एड आर पैकेज के अनुरूप परियोजना के अनुमोदित पुनर्वास व पुनर्स्थापना (आर एड आर) की लागत, तथा

(बी) प्रभावित क्षेत्रो मे राजीव गाधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आर जी जी वी वाय) की ओर परियोजना विकास कर्ता के 10% अंशदान की लागत।

(4) कार्य की मूल परिधि तक सीमित कपनी के सपरीक्षित लेखों के आधार पर पूजीकरण की तिथि पर वास्तविक पूजीगत व्यय पर आयोग द्वारा कुशल जाच के अधीन विचार किया जायेगा।

(5) जहॉ ऊर्जा क्रय करार या पारेषण या व्हीलिंग करार मे पूजी लागत की सीमा का प्रावधान है वहा आयोग द्वारा स्वीकृत पूंजीगत व्यय शुल्क अवधारण हेतु ऐसी सीमा का ध्यान रखेगा।

(6) पूजी लागत मे पूजीकृत प्राथमिक स्पेयर्स सम्मिलित होगे जो निम्नलिखित होगे

(ए) कोयला आधारित/लिग्नाईट-अग्निक तापीय उत्पादक स्टेशनो के मामले मे मूल पूजी के 2.5% तक

(बी) गैस टर्बाईन/सयुक्त चक्र तापीय उत्पादक स्टेशनो के मामले मे मूल पूजी लागत के 4.0% तक

(सी) जल विद्युत उत्पादक स्टेशनों के मामले मे मूल पूंजी लागत के 1.5%तक।

(डी) पारेषण लाईन के मामले में मूल पूँजी लागत के 0.75% तक।

(ई) पारेषण उप स्टेशन के मामले में मूल पूँजी लागत के 0.25% तक, तथा

(एफ) वितरण लाईनो सहित वितरण प्रणाली के मामले मे मूल पूँजी लागत के 0.25%तक, तथा

(जी) पारेषण उप स्टेशन के मामले में मूल पूँजी लागत के 0.25% तक, तथा

(7) आस्तियो के पुर्नमूल्याकन का प्रभाव नियन्त्रक अवधि मे अनुमेय होगा बशर्ते कि इसके परिणाम स्वरूप उत्पादक कपनी, पारेषण अनुज्ञापी व वितरण अनुज्ञापी के शुल्क मे वृद्वि न हो। ऐसे पुनर्मूल्याकन का

कोई भी लाभ वार्षिक सहीकरण के समय उत्पादक कपनी के मामले मे क्षमता प्रभार मे भागीदार व्यक्तियो को तथा वितरण अनुज्ञापी के मामले मे खुदरा आपूर्ति उपभोक्ताओ या पारेषण अनुज्ञापी या वितरण अनुज्ञापी के दीर्घावधि राज्यान्तर्गत उन्मुक्त अभिगमन ग्राहको को दिया जायेगा।

(8) इक्विटी व ऋण के सापेक्ष भाग के रूप मे पूंजी की पुन सरचना शुल्क अवधि मे इस शर्त पर अनुमेय होगी कि यह शुल्क पर प्रतिकूल प्रभाव न डाले। ऐसी पुन सरचना का कोई भी लाभ उत्पादक कपनी के मामले मे क्षमता प्रभार मे भागीदार व्यक्तियो को तथा ऐसे अनुज्ञापियो के मामले मे उपभोक्ताओ या पारेषण या वितरण अनुज्ञापी के दीर्घावधि राज्यान्तर्गत उन्मुक्त अभिगमन ग्राहको को दिया जायेगा

24. अतिरिक्त पूंजीकरण।

(1) वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि के पश्चात् तथा विभेदक तिथि तक वास्तव मे हुए या होने के लिए प्रक्षेपित कार्य की मूल परिधि के भीतर निम्नलिखित पूजीगत व्यय, कुशल जाच के अधीन आयोग द्वारा अनुमेय होगे

(ए) अनिष्पादन दायित्व।

(बी) निष्पादन हेतु आस्थगित कार्य।

(सी) विनियम 23 (6) के उपबधो के अधीन कार्य की मूल परिधि के भीतर प्रारभिक पूजी स्पेयर्स का प्रापण।

(डी) मध्यस्थ के अधिनिर्णय या किसी न्यायालय के आदश या डिक्री के अनुपालन हेतु दायित्व, तथा

(ई) विधि में परिवर्तन के कारण।

परन्तु व्यय के आकलन, आस्थगित दायित्व निष्पादन के लिये आस्थगित कार्यों के साथ साथ कार्य की मूल परिधि मे सम्मिलित विवरण, शुल्क के अवधारण हेतु आवेदन के साथ जमा किया जायेगा।

(2) विभेदक तिथि के पश्चात् वास्तव मे हुए निम्नलिखित स्वरूप के पूजीगत व्यय अपने विवेकानुसार कुशल जांच के अधीन आयोग द्वारा स्वीकार किए जायेंगे:

(ए) मध्यस्थ के अधिनिर्णय या किसी न्यायालय के आदेश के अनुपालन हेतु दायित्व।

(बी) विधि में परिवर्तन।

(सी) कार्य के मूल परिधि के भीतर ऐश पोंड या ऐश हैंडलिंग प्रणाली से संबंधित आस्थगित कार्य।

(डी) जल विद्युत उत्पादक स्टेशन के मामले मे कोई अतिरिक्त व्यय जो किसी बीमा योजना से मिली राशि के समायोजन पश्चात भू विज्ञानी कारणो सहित प्राकृतिक आपदाओ (उत्पादक कपनी की

लापरवाही के कारण पावर हाउस मे बाढ के कारण को न गिनते हुए) द्वारा हुई हानि के कारण आवश्यक हुआ हो तथा ऐसे अतिरिक्त कार्य के कारण अतिरिक्त व्यय जो सफल व कुशल सयत्र प्रचालन के लिए आवश्यक हो गया हो।

(ई) पारेषण व वितरण प्रणाली के मामले मे, रिलेज कट्रोल एड इन्सट्रूमैटेशन, कम्प्यूटर प्रणाली पावर लाईन कैरियर सप्रेक्षण डी सी बैटरीज फोल्ट लेवल के बढने के कारण स्विचयार्ड, उपकरणो मे बदलाव, आपात पुनर्स्थापन्न, इन्सुलेटर्स सफाई सरचना बीमे न आये क्षतिग्रस्त उपकरणों का बदलाव जैसी मदो पर अतिरिक्त व्यय तथा कोई अन्य व्यय जो पारेषण या वितरण प्रणाली के कुशल व सफल चालन हेतु आवश्यक हो गया हो

परन्तु उपरोक्त उप खण्ड डी एव ई के सबध मे विभेदक तिथि के पश्चात् क्रय किये गये औजार फर्नीचर, एयर कडीशनर्स, वोल्टेज स्टेबलाइगर्स कूलर्स फैन्स वाशिग मशीन हीट कन्डकटर्स गद्दे, गलीचे इत्यादि जैसी छोटी मदो, परिसम्पतियो की प्राप्ति हेतु कोई अतिरिक्त व्यय 1 4 2013 से प्रभावी शुल्क के अवधारण हेतु अतिरिक्त पूंजीकरण नहीं माना जायेगा।

25. नवीकरण तथा आधुनिकीकरण।

(1) यथास्थिति उत्पादक कपनी या पारेषण कपनी उत्पादक स्टेशन या उसकी एक यूनिट या पारेषण प्रणाली के उपयोगी जीवन से आगे उसके विस्तार के प्रयोजन हेतु नवीकरण व आधुनिकीकरण (आर एड एम) पर व्यय को पूरा करने के लिए लाभार्थियों के साथ परामर्श का अभिलेख आकलित पूर्ण लागत, जिसमें विदेशी विनिमय घटक सम्मिलित है सदर्भ मूल्य स्तर पूर्णता की अनुसूची व्यय के चरण वित्तीय पैकेज सदर्भ तिथि से आकलित जीवन विस्तार लागत लाभ विश्लेषण औचित्य, परिधि तथा उत्पादक कपनी या पारेषण कपनी द्वारा सुसगत समझी गइ किसी अन्य जानकारी को प्रदान करते हुए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के साथ प्रस्ताव के अनुमोदन हेतु आयोग के समक्ष आवेदन करेगा।

परन्तु कोयला आधारित/लिग्नाइट अग्निक तापीय उत्पादक स्टेशन के मामले मे उत्पादक कपनी अपन [illegible] सहित व्ययो की आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्रतिपूर्ति के रूप मे विनियम 25 (4) मे विनिर्दिष्ट मानको के अनुसार एक विशेष भत्ते का लाभ उठा सकता है तथा ऐसा होने पर पूंजीलागत के संशोधन पर विचार नही किया जायेगा तथा लागू प्रचालक मानक शिथिल नही किए जायेगे किंतु विशेष भत्ते को वार्षिक स्थिर लागत में सम्मिलित किया जायेगा

परन्तु यह भी कि यह विकल्प ऐसी उत्पादक कपनी या यूनिट के लिए उपलब्ध नही होगी जिसके लिए नवीरकण व आधुनिकीकरण आरम्भ किया गया है तथा व्यय इन विनियमो के प्रारम्भ से पूर्व आयोग द्वारा स्वीकार किया गया है या एक उत्पादक स्टेशन या यूनिट के लिए जो एक जीर्ण–शीर्ण अवस्था मे हो या प्रचालन व कार्य निष्पादन के शिथिल मानकों के अधीन प्रचालित से।

(2) जहा यथास्थिति, उत्पादक कपनी या पारेषण कपनी नवीकरण व आधुनिकीकरण हेतु अपने प्रस्ताव के अनुमोदन के लिए आवेदन करता है वहा लागत आकलनो को युक्तियुक्ता वित्त पोषण योजना पूर्णता की अनुसूची, निर्माण के दौरान ब्याज कुशल प्रौद्योगिकी, लागत व्यय विश्लेषण तथा ऐसे अन्य कारक जिन्हे आयोग सुसगत समझे का उचित विचार करने के पश्चात अनुमोदन प्रदान किया जायेगा,

(3) नवीकरण व आधुनिकीकरण व्यय के आकलन का जांच विस्तार के आधार पर कुशल जांच के पश्चात आयोग द्वारा स्वीकृत, उपगत या उपगत होने के लिये प्रक्षेपित व्यय तथा मूल परियोजना लागत से पहले से वसूल किये गये सचित अवक्षय को घटाकर प्राप्त व्यय, शुल्क अवधारण के लिये आधार प्रदान करेंगे।

(4) कोयला आधारित/लिग्नाईट अग्निक तापीय उत्पादक स्टेशन के लिये इन विनियमो के विनियम 25 (1) के प्रथम परन्तुक में विकल्प चुनने पर एक उत्पादक कपनी को उत्पादक स्टेशन सबधित यूनिट के वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि के सदर्भ मे उपयोगी जीवन के पूर्ण होने की सबधित तिथि से अगले वित्त वर्ष से यूनिट वार 2013–14 मे रू0 6 25 लाख/एम डब्ल्यू/वर्ष की दर से तथा उसके पश्चात् प्रति वर्ष बढी हुई 5.72: की दर से विशेष भत्ता अनुमोदित किया जायेगाः

परन्तु तापीय ऊर्जा सयत्र हेतु 25 वर्ष से अधिक के लिये वाणिज्यिक प्रचालन मे एक यूनिट के सबध मे यह भत्ता वित्त वर्ष 2013–14 से अनुमेय होगा।

परन्तु यह भी कि 01 04 2013 को तापीय ऊर्जा सयत्र हेतु 25 वर्ष से अधिक के लिए वाणिज्यिक प्रचालन में एक यूनिट के संबंध में यह भत्ता वर्ष 2013–14 से अनुमय होगा।

26. अतिरिक्त पूंजीकरण।

(1) अनुज्ञापी द्वारा लिये गये निम्नलिखित स्वभाव के कार्य इस श्रेणी मे रखे जायेगे।

(ए) [illegible] कार्य।

(बी) आर जी जी वी वाई, ए पी डी आर पी, इत्यादि के अधीन निर्धारित स्कीम राज्य सरकार या केन्द्र सरकार से प्राप्त अनुदानों का उपयोग करते हुए किये गये पूॅजीगत कार्य।

(2) ऐसे पूंजीगत व्यय पर व्यय किये जाने के लिये सिद्वान्त निम्नलिखित होगे।

(ए) इन विनियमों के विनिर्दिष्ट मानकीय ओ एंड एम व्यय अनुदेय होंगे।

(बी) भाग–III में विनिर्दिष्ट अवक्षय से सबधित उपबध यथा स्थिति अनुज्ञापी या उत्पादक कपनी द्वारा प्रदान ऋण व इक्विटी अशदान सहित वित्तीय समर्थन की सीमा तक लागू होगे, उपभोक्ता अशदान या पूजीगत अनुदानो सह विनियमो के माध्यम से निधिक आस्थियो पर अनुमेय नही होगा।

(सी) भाग–III मे विनिर्दिष्ट इक्विटी पर वापसी से सबधित उपबध यथास्थिति अनुज्ञापी या उत्पादक कपनी द्वारा किये गये अशदान पर 70:30 के मानकीय ऋण इक्विटी मिश्र की सीमा तक या वास्तविक इक्विटी, जो भी कम हो लागू होगा।

27. इक्विटी पर प्रतिफल

(1) इक्विटी पर प्रतिफल, विनियम 22 के अनुसार अवधारित आधार पर इक्विटी पर सगणित किया जायेगा। परन्तु इक्विटी पर प्रतिफल, प्रत्येक वित्त वर्ष के प्रारम्भ मे उपयोग में लायी गयी आस्थियो के लिए अनुमेय इक्विटी पूंजी की राशि पर अनुमेय होगा।

(2) इक्विटी पर प्रतिफल, उत्पादक स्टेशनो, पारेषण अनुज्ञापी तथा एल एल डी सी के लिए कर पश्चात आधार पर 15.5 की दर से तथा वितरण अनुज्ञापी के लिए 16 की दर से सगणित किया जायेगा। परन्तु 01 अप्रैल 2013 को या उसके बाद लगाई गई उत्पादन तथा पारेषण परियोजनाओ के मामले मे यदि इन विनियमों के परिशिष्ट मे विनिर्दिष्ट समय रेखा के भीतर ऐसी परियोनाए पूर्ण हो जानी है तो 0.5: का अतिरिक्त प्रतिफल अनुमेय होगा।

28. ऋण पूंजी पर तथा प्रतिभूति पर ब्याज व वित्तीय प्रभार

(1) ऋण पर ब्याज की गणना के लिये विनियम 22 मे इगित तरीके से ज्ञात किये गये ऋण, कुल मानकीय ऋण माने जायेगे।

(2) 01.04.2013 पर बकाया मानकीय ऋण कुल मानकीय ऋण म से 31.03.2013 तक आयोग द्वारा स्वीकृत सचयी वापसी घटा कर प्राप्त किया जायेगा।

(3) [illegible] जाएगी।

(4) यथास्थिति उत्पादक कम्पनी या पारेषण कम्पनी अनुज्ञापी या वितरण अनुज्ञापी या एस0एल0डी0सी0 द्वारा उपभोग किये गये किसी ऋण स्थगन के होते हुए भी ऋण की वापसी परियोजना के वाणिज्यिक प्रचालन के पहले वर्ष से मानी जाएगी तथा अनुमेय वार्षिक अवक्षय के बराबर होगी।

(5) ब्याज की दर, परियोजना पर लागू प्रत्येक वर्ष के आरम्भ मे वास्तविक ऋण पोर्टफोलियो के आधार पर परिकलित ब्याज की भारित औसत दर होगी

परन्तु यदि किसी वर्ष विशेष के लिए कोई वास्तविक ऋण नही है किंतु मानकीय ऋण अभी बकाया है तो पिछली उपलब्ध भारित औसत दर मानी जाएगी।

परन्तु आगे यह कि यथास्थिति उत्पादक स्टेशन या पारेषण प्रणाली या वितरण प्रणाली का कोई वास्तविक ऋण नही है तो सम्पूर्ण रूप मे उत्पादक कंपनी या पारेषण अनुज्ञापी या वितरण अनुज्ञापी की ब्याज की भारित औसत दर मानी जाएगी।

(6) ऋण पर ब्याज ब्याज की भारित औसत दर लागू दर वर्ष के मानकीय औसत ऋण पर परिकलित किया जाएगा।

(7) यथास्थिति उत्पादक कपनी या पारेषण अनुज्ञापी या वितरण अनुज्ञापी या एस0एल0डी0सी0, ब्याज पर शुद्ध बचत होने तक ऋण के पुन वित्तपोषण हेतु सभी प्रयास करेगा तथा ऐसा होने पर ऐसे पुन वित्तपारेषण से युक्त सभी लागते लाभार्थियो द्वारा वहन की जाएगी तथा ब्याज पर शुद्ध बचत लाभार्थियो व यथास्थिति उत्पादक कपनी या पारेषण अनुज्ञापी या वितरण अनुज्ञापी या एस0एल0डी0सी0 50 50 के अनुपात में बांटी जायेगी।

(8) ऋणो के निबधन एव शर्तो मे परिवर्तन ऐसे पुन वित्तपोषण की तिथि से प्रक्षेपित होगा।

(9) उपभोक्ताओ से वितरण अनुज्ञापी द्वारा प्रतिभूति के रूप मे जमाराशि पर ब्याज समय–समय पर आयोग द्वारा निर्धारित दर से अनुमेय होगा।

29. अवक्षय

(1) अवक्षय के प्रयोजन से मूल्य आधार आयोग द्वारा स्वीकृत आस्ति की पूजी लागत होगा

परन्तु उपभोक्ता अशदान तथा पूजीगत सहायिकी/अनुदान के माध्यम से निहित आस्तियो पर अवक्षय अनुमेय नहीं होगा।

(2) आस्ति का निस्तारण मूल्य 10 प्रतिशत तथा आस्ति की पूंजीगत लागत के अधिकतम 90 प्रतिशत तक अवक्षय अनुमेय होगा।

(3) [illegible] विकासकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित करार में उपबधित किये अनुसार होगा।

परन्तु आगे यह कि इन विनियमो के अधीन शुल्क के अवधारण के प्रयोजन से अवक्षय योग्य मूल्य की सगणना के उद्देश्य से उत्पादक स्टेशन की आस्तियो की पूजी लागत विनियमित शुल्क पर दीर्घावधि ऊर्जा क्रय करार के अधीन विद्युत के विक्रय के प्रतिशत के साथ मेल खायेगी।

(4) पट्टे के अधीन धारित भूमि से अन्यथा भूमि तथा जल विद्युत उत्पादक स्टेशन के मामले मे जलाशय हेतु भूमि अवक्षय योग्य भूमि नही होगी तथा इसकी लागत आस्ति के अवक्षय योग्य मूल्य की संगणना करते समय पूंजी लागत में से निकाल दी जाएगी।

(5) अवक्षय का परिकलन सीधी लाईन विधि के आधार पर वार्षिक रूप से तथा इन विनियमो के परिशिष्ट–п में विनिर्दिष्ट दरों पर किया जाएगा।

परन्तु वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि से 12 वर्ष की अवधि के पश्चात समाप्त होने वाले वर्ष की 31 मार्च को शेष अवक्षय योग्य मूल्य, आस्तियों के शेष उपयोगी जीवन में प्रसारित होगा।

(6) वर्तमान परियोजनाओ के मामले मे 01.04.2013 को शेष अवक्षय योग्य मूल्य आस्तियो के कुल अवक्षय [illegible] 31.03.2013 [illegible] किये गये सचयी अवक्षय तथा 12 वर्ष के तत्समान इन विनियमो मे विनिर्दिष्ट अवक्षय दरो को लागू कर इस प्रकार ज्ञात अवक्षय के मध्य का अतर शेष 12 वर्षों की शेष अवधि तक प्रसारित होगा। वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि से 12 वर्षों के पश्चात् समाप्त हुए वर्ष की 31 मार्च की शेष अवक्षय योग्य मूल्य शेष जीवन में प्रसारित होगा।

(7) अवक्षय वाणिज्यिक प्रचालन के प्रथम वर्ष से प्रभारित होगा, वर्ष के एक भाग के लिए आस्ति के वाणिज्यिक प्रचालन के मामले मे अवक्षय यथानुपातिक आधार पर प्रभारित किया जाएगा

30. पट्टा प्रभार

[illegible] एल एल डी सी, या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी या वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा पट्टे पर ली गयी आस्तियो के लिए पट्टा प्रभार, पटटा करार के अनुसार माने जाएगे बशर्ते कि आयोग द्वारा इन्हे युक्तियुक्त समझा जाए।

31. प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय

(1) [illegible] (ओ एंड एम) तथा प्रशासनिक व सामान्य व्ययो पर हुए खर्च सम्मिलित होंगे।

(2) प्रचालन एवं अनुरक्षण व्ययों का निर्धारण इन विनियमो मे बाद मे [illegible] के आधार पर नियत्रण अवधि हेतु अवधारित किया जाएगा।

(3) [illegible] विचार किया जाएगा यदि उत्पादक कपनी या पारेषण या वितरण अनुज्ञप्ती या एस0एल0डी0सी0 पर इसके ओ एंड एम का दायित्व है तथा ओ एंड एम व्यय वहन करता है।

(4) वर्ष के दौरान जोडी गयी कुल स्थिर आस्तियो के ओ एड एम व्ययो पर यथानुपात आधार पर कमीशनिंग की तिथि से विचार किया जाएगा।

(5) युद्ध उपप्लव, विधि मे परिवर्तन या ऐसी ही घटनाओ के कारण ओ एड एम प्रभारो मे वृद्धि पर एक विर्निदिष्ट अवधि के लिए आयोग द्वारा विचार किया जाएगा।

(6) मानकीय ओ एड एम व्ययो तथा वास्तविक ओ एड एम व्ययो मे परिवर्तन नियत्रण योग्य कारको के कारण लाभ या हानि का भाग समझे जाएगे।

32. अशोध्य व संदिग्ध ऋण

पूर्व वर्ष के [illegible] वार्षिक राजस्व के एक प्रतिशत (1 प्रतिशत) तक अशोध्य व सदिग्ध ऋणो के लिए आयोग एक प्रबधन की अनुमति दे सकता है।

परन्तु जहा अशोध्य व सदिग्ध ऋणो के लिए ऐस प्रावधानो की राशि वर्ष के आरम्भ मे प्राप्तियो के पाच (5) प्रतिशत से अधिक होती है वहा ऐसा कोई विनियोजन अनुमेय नहीं होगा जिससे उक्त अधिकतम से आगे प्रावधान बढाने का प्रभाव हो।

33. विदेशी विनिमय दर परिवर्तन (एफ.ई.आर.वी.)

ब्याज भुगतान तथा ऋण वापसी हेतु विदेशी विनिमय परिवर्तन के लिए प्रतिरक्षा लागत, वर्ष प्रति वर्ष आधार पर अनुमेय होगी तथा भुगतान की तिथि तक देय होगी व आयोग की कुशल जाच के अधीन होगी। आवेदक प्रतिरक्षा की ऐसी लागत का पूर्ण विवरण आयोग को प्रदान करेगा।

यदि वैध कारणो से प्रतिरक्षा की व्यवस्था नहीं की गयी है तो शुल्क अवधारण के प्रयोजन से आयोग अनतिम रूप से एफ ई आर वी का आकलन करेगा जो वास्तविको के अनुसार समायोजन के अधीन होगा।

34. कार्यरत पूंजी पर ब्याज

कार्यरत पूंजी पर ब्याज मानकीय आधार पर होगा तथा शुल्क अवधारण के लिये आवेदन की तिथि पर भारतीय स्टेट बैंक की स्टेट बैंक अग्रिम दर (एस0बी0ए0आर0) के बराबर होगा।

(1) उत्पादन

(क) कोयला आधारित/लिग्नाइट अग्नित उत्पादक स्टेशनो के मामले मे, कार्यरत पूंजी मे निम्नलिखित सम्मिलित होगा:

(i) मानकोय वार्षिक सयंत्र उपलब्धता कारक (एनएपीएएफ) के तत्समान पिट हैड उत्पादक स्टेशनो के लिए 1½ (डेढ़) माह तथा नौन पिट हैड उत्पादक स्टेशनो के लिए 2 (दो) माह हेतु कोयला या लिग्नाईट या चूना पत्थर की भू–लागत,

(ii) एनएपीएएफ के तत्समान उत्पादन हेतु दो माह के लिए गौण ईंधन तेल की लागत तथा एकाधिक गौण ईंधन तेल के उपयोग के मामले मे मुख्य गौण ईंधन तेल हेतु ईंधन तेल स्टॉक की लागत,

(iii) एक माह के लिए प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय,

(iv) प्रचालन एव अनुरक्षण व्ययो का 20 प्रतिशत की दर से अनुरक्षण स्पेयर्स,

(v) एनएपीएएफ पर परिकलित विद्युत के विक्रय हेतु ऊर्जा प्रभारो व क्षमता प्रभार के दो माह के बराबर प्राप्तियां

(बी) ओपन सायकल गैस टर्बाईन/सयुक्त चक्र तापीय उत्पादक स्टेशनो के मामले मे कार्यरत पूजी में निम्नलिखित सम्मिलित होगा:

(i) गैस ईंधन व तरल ईंधन पर उत्पादक स्टेशन के प्रचालन की विधि का उचित विचार कर एन.ए.पी.ए.एफ. के तत्समान एक (1) माह के लिए भू–ईंधन लागत,

(ii) एनएपीएएफ के तत्समान ½ (आधा) माह के लिए तरल ईंधन स्टॉक तथा एकाधिक तरल ईंधन के उपयोग के मामले मे मुख्य तरल ईंधन की लागत,

(iii) एक माह के लिए प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय,

(iv) प्रचालन एव अनुरक्षण व्ययो के 30 प्रतिशत की दर से अनुरक्षण स्पेयर्स, तथा

(v) गैस ईंधन व तरल ईंधन पर उत्पादक स्टेशन की प्रचालन विधि का उचित विचार करते हुए एनएपीएएफ पर परिकलित विद्युत के विक्रय हेतु विद्युत प्रभारो व क्षमता प्रभार के दो (2) माह के बराबर प्राप्तिया।

(सी) जल विद्युत उत्पादक स्टेशनो के मामले मे कार्यरत पूजी मे निम्नलिखित सम्मिलित होगा:

(i) एक माह के लिए प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय,

(ii) प्रचालन एवं अनुरक्षण व्ययों के 15 प्रतिशत की दर से अनुरक्षण व्यय,

(iii) मानकीय क्षमता सूचकांक पर परिकलित वार्षिक स्थिर प्रभारो के दो माह के बराबर विद्युत के क्रय हेतु प्राप्तियां,

(डी) स्वय का उत्पादक स्टेशन होने की स्थिति मे, इन विनियमो के अनुरूप कार्यरत पूजी के सगणन मे खुदरा आपूर्ति कारोबार को उत्पादन कारोबार द्वारा ऊर्जा की आपूर्ति की सीमा मे प्राप्तियों के लिए कोई राशि अनुमेय नहीं होगी।

(2) पारेषण

(ए) पारेषण अनुज्ञापी को वित्त वर्ष के लिए कार्यरत पूजी के आकलित स्तर पर ब्याज अनुमेय होगा जिसे निम्नलिखित तरीके से संगणित किया जाएगाः

(i) एक माह के लिए प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय,

(ii) प्रचालन एवं अनुरक्षण व्ययों के 15 प्रतिशत की दर से अनुरक्षण स्पेयर्स, तथा

(iii) प्रचलित दरों पर पारेषण प्रभारों से अपेक्षित राजस्व का दो माह के बराबर,

(3) वितरण

(ए) वितरण अनुज्ञापी को वित्त वर्ष के लिए कार्यरत पूजी पर आकलित स्तर पर ब्याज अनुमेय होगा जिसे निम्नलिखित तरीके से सगणित किया जाएगाः

(i) ऐसे वित्त वर्ष के लिए प्रचालन एवं अनुरक्षण व्ययो की एक माह की राशि, जोडे,

(ii) प्रचालन एवं अनुरक्षण व्ययों के 15 प्रतिशत की दर से अनुरक्षण स्पेयर्स, जोडे

(iii) प्रचलित दरों पर विद्युत के विक्रय से अपेक्षित राजस्व का दो माह के बराबर, घटायें

(iv) उपभोक्ताओ व वितरण प्रणाली उपयोगकताओ से धारा 47 की उपधारा (1) के खण्ड (ए) व खण्ड (बी) के अधीन रखा गया प्रतिभूति जमा, घटायें

(v) वार्षिक ऊर्जा प्रापण योजना के आधार पर क्रय की गयी ऊर्जा की लागत का एक माह के बराबर।

(4) एस.एल.डी.सी

(ए) एस.एल.डी.सी. को वित्त वर्ष के लिए कार्यरत पूजी के आकलित स्तर पर ब्याज अनुमेय होगा जिसे निम्नलिखित तरीके से सगणित किया जाएगा

(i) प्रचालन एव अनुरक्षण व्यय के 15 प्रतिशत की दर से अनुरक्षण स्पेयर्स,

(ii) एक माह के लिए प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय,

(iii) एस.एल.डी.सी. प्रभारों के दो माह के बराबर प्राप्तिया

35. आय पर कर

उत्पादक कम्पनिया पारेषण अनुज्ञापियो वितरण अनुज्ञापियो एस एल डी सी के विनियम कारोबार की आयधारा पर यदि कोई आयकर है तो कुषल जाच के अधीन नियत्रण अवधि के प्रत्येक वर्ष के सहीकरण के समय जमा किये दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर भुगतान किये गये वास्तविक आयकर के अनुसार उत्पादक कपनियो पारेषण अनुज्ञापियो वितरण अनुज्ञापियो एस एल डी सी को प्रतिपूर्ति की जाएगी

36. विनियामक आस्ति

ऐसे मामले मे जहा आय या व्ययो मे असामान्य परिवर्तन हो तथा फलस्वरूप पर्याप्त राजस्व अतर हो, जिसकी पूरी वसूली [illegible] अनुसार विनियामक आस्ति की सरचना की अनुमति प्रदान कर सकता है तथा एक से अधिक वर्षो मे शुल्क या अधिभार के द्वारा इसकी वसूली का उपबध कर सकता है। इस प्रकार सरचित विनियामक आस्ति के परिशोधन के लिए शुल्क नीति के अनुसार व्यवहार किया जाएगा बशर्ते कि आयोग ऐसी दरो पर विनियामक आस्ति पर वहन लागत की अनुमति प्रदान करे, जिन्हें वह उचित समझे।

भाग — 4

राजस्व

37. शुल्क आय

यथास्थिति, उत्पादन, पारेषण व्हीलिंग व विद्युत की खुदरा आपूर्ति एस.एल.डी.सी. प्रभारो के लिए आयोग द्वारा अवधारित सभी प्रभारो से उत्पादक कंपनी, पारेषण कंपनी, वितरण कंपनी तथा एस.एल.डी.सी. की आय शुल्क आय मानी जाएगी।

38. अन्य राजस्व

(1) शुल्क राजस्व को छोडकर विद्युत के अप्राधिकृत उपयोग व प्रशमन धन सहित सभी राजस्व, अन्य राजस्व के रूप में वर्गीकृत किये जाएंगे।

(2) ऊर्जा स्टेशन/उप स्टेशन बस बार से अपने प्रचालक स्टाफ के लिए ली गयी अपनी आवासीय कालोनियो या नगरियो को विद्युत आपूर्ति हेतु व इसके राजस्व के लिए उत्पादक कपनी/पारेषण अनुज्ञापी द्वारा पृथक लेखा रखा जाएगा तथा जहा लागू हो वहा ए.आर.आर./शुल्क याचिका मे वार्षिक रूप से आयोग को रिपोर्ट करना होगा।

(3) उत्पादक/पारेषण शुल्क अवधारित करते समय इस प्रकार प्राप्त राजस्व, अर्थात् उत्पादक कपनी के मामले मे उत्पादक शुल्क के अनुसार राजस्व व पारेषण अनुज्ञापी के संबध मे जहा उपस्टेशन अवस्थित है वहा वितरण अनुज्ञापी के उपभोक्ता श्रेणी के शुल्क आयोग द्वारा उत्पादक कपनी/पारेषण कपनी की अन्य आय के एक घटक के रूप में समझे जाएंगे।

39. अधिभार व अतिरिक्त अधिभार

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 39, 40 व 42 के अधीन अधिभार व अतिरिक्त अधिभार आय माना जाएगा तथा आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट किये अनुसार माना जाएगा।

40. अन्य कारोबार से आय

(1) अन्य कारोबार से राजस्व विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 41 व 51 के अधीन आयोग द्वारा अधिकृत सीमा तक आय माना जाएगा।

(2) उत्पादक कपनी, पारेषण अनुज्ञापी तथा वितरण अनुज्ञापी आयोग के पास याचिका के साथ निम्नलिखित जानकारी जमा करेगा:

क्या अनुज्ञापी विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 41 व 51 के अधीन निर्धारित अर्थ मे किसी अन्य कारोबार में सलग्न है?

यदि हां, तो अनुज्ञापी को निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत करनी चाहिए

(ए) अन्य कारोबार जिनमें अनुज्ञापी सलग्न है उनका नाम तथा विवरण,

(बी) ऐसे प्रत्येक कारोबार के लिए पिछले वर्ष मे उत्पादित वर्तमान वर्ष मे आकलित तथा आगामी वर्ष के लिए प्रक्षेपित राजस्व की राशि,

(सी) उपरोक्त राजस्व उत्पन्न करने के लिए अनुज्ञापी द्वारा उपयोग किये गये अनुज्ञप्ति प्राप्त कारोबार की आस्तिया,

(डी) उपरोक्त राजस्व उत्पन्न करने के लिए हुए व्यय प्रत्येक अन्य कारोबार के लिए पृथक रूप से ,

(ई) क्या ये व्यय अनुज्ञापी के ए.आर.आर. में पहले से ही सम्मिलित हैं? पूर्ण रूप से या आशिक रूप से? यदि आशिक रूप से तो प्रभाजन का अनुपात तथा आधार प्रस्तुत किया जाए।

41. स्वच्छ विकास तंत्र ऋण (सी.डी.एम.) की भागीदारी

अनुमोदित सी.डी.एम. परियोजना से कार्बन क्रेडिट की प्राप्तिया निम्नलिखित तरीके से बाटी जाएगी, अर्थात्

(ए) सी.डी.एम. के कारण प्राप्तियों का 100 प्रतिशत, यथास्थिति, उत्पादक स्टेशन या पारेषण प्रणाली के वाणिज्यिक प्रचालन के पश्चात् प्रथम वर्ष मे परियोजना विकासकर्ता द्वारा रखी जायेंगी,

(बी) द्वितीय वर्ष मे लाभार्थियो का भाग 10 प्रतिशत होगा जो प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत बढ़ाया जाएगा जब तक कि यह 50 प्रतिशत न पहुच जाए। इसके पश्चात् प्राप्तियों को यथास्थिति, उत्पादक कंपनी या पारेषण कंपनी तथा लाभार्थियों द्वारा बराबर अनुपात मे बांटा जाएगा।

भाग –5

उत्पादन शुल्क का संगणन

42. प्रयोज्यता

(1) इस भाग मे विनिर्दिष्ट विनियम उत्तराखण्ड मे स्थित उत्पादक स्टेशनो से एक वितरण अनुज्ञापी को विद्युत की आपूर्ति के लिए शुल्क अवधारण हेतु लागू होंगे।

परन्तु 25 एम डब्ल्यू क्षमता वाले लघु जल विद्युत परियोजनाओ सहित उत्पादन के नवीकरणीय स्रोतों से वितरण अनुज्ञापी को विद्युत आपूर्ति हेतु शुल्क के अवधारण यू.ई.आर.सी. (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतो तथा गैर जीवाश्म ईंधन आधारित कोजनरेशन स्टेशन्स से विद्युत की आपूर्ति हेतु शुल्क एव अन्य शर्ते) विनियम, 2010 के अनुसार होगा।

(2) आयोग एक उत्पादक कपनी द्वारा एक वितरण अनुज्ञापी को विद्युत की आपूर्ति के लिए शुल्क निर्धारित करते समय इस भाग में समाहित निबंधनों व शर्तों से दिशा–निर्देश लेगा।

43. उत्पादन शुल्क के अवधारण हेतु याचिका

(1) एक उत्पादक कपनी, इन विनियमो के भाग–प के उपबधो का पालन करते हुए वितरण अनुज्ञापी को विद्युत की आपूर्ति के लिए शुल्क अवधारण हेतु याचिका दायर करेगी।

(2) इन विनियमो के अधीन उत्पादक स्टेशन मे शुल्क का अवधारण चरणवार, यूनिटवार या सपूण उत्पादक स्टेशन के लिए किया जाएगा। इस भाग मे विनिर्दिष्ट उत्पादक स्टेशनो के लिए शुल्क के अवधारण हेतु निबधन एव शर्ते उत्पादक स्टेशनो की भाति यथास्थिति चरणो या यूनिट्स पर लागू होगी

(3) जहा उत्पादक स्टेशन के चरण या यूनिट हेतु शुल्क अवधारित किया जा रहा है वहा उत्पादक कपनी यथास्थिति सभी चरणो या यूनिटो मे सयुक्त व साझा लागतो की साझा सुविधाओ व आवटन से सबधित पूजी लागत के आवटन हेतु युक्तियुक्त आधार अपनाएगी।

परन्तु उत्पादक कपनी ऐसी लागतो के आवटन हेतु आधार प्रदान करते हुए एक आवटन विवरण रखेगी तथा शुल्क के अवधारण हेतु आवेदन के साथ आयोग के पास ऐसा विवरण जमा करेगा।

(4) उत्पादक कपनी, साविधिक लेखा परीक्षको द्वारा उचित रूप से सपरीक्षित व प्रमाणित, याचिका दायर करने तक या याचिका दायर करने से पूर्व की तिथि तक वास्तव मे हुए पूंजीगत व्ययो पर आधारित उत्पादक स्टेशन की कमीशनिग की पूर्वानुमानित तिथि से अग्रिम मे अनतिम शुल्क के अवधारण हेतु

याचिका दायर करेगी तथा उत्पादक स्टेशन के वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि से अनतिम शुल्क प्रभारित किया जाएगा।

(5) एक उत्पादक कपनी जिसके लिए आयोग ने अनतिम शुल्क निर्धारित किये है को वार्षिक रापरीक्षित लेखो के आधार पर साविधिक लेखा परीक्षको द्वारा उचित रूप से प्रमाणित उत्पादक स्टेशन वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि तक हुए, वास्तविक पूजीगत व्यय के आधार पर अतिम शुल्क निर्धारण हेतु विनियमो के अनुसार नयी याचिका दायर करनी होगी।

(6) आयोग द्वारा अवधारित अतिम शुल्क तथा अनतिम शुल्क के मध्य अतर जो उत्पादक कपनी पर उपारोप्य न हो आयोग द्वारा निर्धारित किये अनुसार अगले वर्ष के शुल्क मे समायोजित किया जाएगा

44. शुल्क के घटक

(1) एक तापीय ऊर्जा स्टेशन से विद्युत के विक्रय हेतु शुल्क मे दो भागो का समावेश होना चाहिए, अर्थात् वार्षिक स्थिर प्रभारो की वसूली तथा ऊर्जा (परिवर्तनीय) प्रभार (प्राथमिक व गौण ईंधन लागत की वसूली के लिए)।

(2) जल विद्युत उत्पादक स्टेशन से विद्युत के विक्रय हेतु शुल्क मे दो भागो का समावेश होगा अर्थात् वार्षिक क्षमता प्रभार की वसूली तथा ऊर्जा प्रभार।

45. वार्षिक स्थिर प्रभार

(1) वार्षिक स्थिर प्रभारों में निम्नलिखित तत्वों का समावेश होगा

(ए) ऋण पर ब्याज

(बी) अवक्षय

(सी) पट्टा प्रभार

(डी) प्रचालन एव अनुरक्षण व्यय

(ई) इक्विटी पर प्रतिफल

(एफ) कार्यरत पूजी पर ब्याज

(जी) गौण ईंधन तेल की लागत (केवल कोयला/लिग्नाईट आधारित उत्पादक स्टेशनो के लिये)

(2) घटाकर

ए) गैर जीवाश्म आय

परन्तु तापीय तथा जल विद्युत उत्पादक स्टेशनो के लिये अवक्षय, ऋण पूंजी पर ब्याज व वित्त प्रभार, कार्यरत पूंजी पर ब्याज तथा इक्विटी पर प्रतिफल इन विनियमो के भाग III मे विनिर्दिष्ट उपबंधो के अनुसार अनुमेय होगा।

46. अशक्त ऊर्जा का विक्रय

वितरण अनुज्ञापी को तापीय उत्पादक स्टेशन से अशक्त ऊर्जा के विक्रय हेतु शुल्क कुशल जाच के अधीन उस अवधि मे हुए यथास्थिति, गौण ईंधन लागत सहित वास्तविक ईंधन लागत के बराबर होगे।

परन्तु अशक्त ऊर्जा के विक्रय से उत्पादक कपनी द्वारा अर्जित ईंधन लागत की वसूली को छोड़कर किसी अन्य राजस्व का उपयोग पूंजी लागत मे कमी के लिये किया जाएगा तथा इसे राजस्व माना जाएगा।

47. गैर शुल्क आय

आयोग द्वारा अनुमोदित उत्पादन कारोबार से सबधित गैर शुल्क आय की राशि उत्पादक कपनी के शुद्ध वार्षिक स्थिर प्रभारों के अवधारण में वार्षिक स्थिर प्रभारों में से घटायी जाएगी।

परन्तु उत्पादक कपनी आयोग को गैर शुल्क आय के अपने पूर्वानुमान का पूर्ण विवरण ऐसे प्रपत्र मे प्रस्तुत करेगा जैसाकि समय–समय पर आयोग नियत करे।

गैर शुल्क के लिए माने जाने वाले विभिन्न शीर्षों की सांकेतिक सूची निम्नलिखित होगी

(ए) भूमि या भवन के किराये से आय,

(बी) रद्दी के विक्रय से आय,

(सी) सांविधिक निवेशों से आय,

(डी) राख/रद्दी कोयले के विक्रय से आय,

(ई) बिलो के विलबित या आस्थगित भुगतान पर ब्याज,

(एफ) आपूर्तिकर्ताओं/संविदाकर्ताओं को अग्रिम पर ब्याज,

(जी) स्टाफ क्वार्टर्स से किराया,

(एच) संविदाकर्ताओं से किराया,

(आई) सविदाकर्ताओ व अन्यों से भाड़े से आय

(जे) विज्ञापनों आदि से आय,

(के) कोई अन्य गैर शुल्क आय

48. तापीय उत्पादक स्टेशनों के लिये प्रचालन के मानक

-नीचे दिये गये प्रचालन के मानक लागू होंगे:

(1) मानकीय वार्षिक संयत्र उपलब्धता कारक (एन.ए.पी.ए.एफ.) सभी तापीय उत्पादक स्टेशनों के लिए 85 प्रतिशत होगी।

(2) कुल स्टेशन ऊष्मा दर तापीय उत्पादक स्टेशनों के लिए कुल स्टेशन ऊष्मा दर निम्नलिखित रूप मे होगी,

i. कोयला व लिग्नाईट आधारित ऊर्जा उत्पादक स्टेशन – 1.065 x डिजाइन ऊष्मा दर (kcal/kWh)

जहां एक यूनिट की डिजाइन ऊष्मा दर का अर्थ है 100 प्रतिशत एम.सी.आर. शून्य प्रतिशत मेकअप, डिजाइन कोल व डिजाइन कूलिंग वाटर तापमान/बैक प्रेशर।

परन्तु डिजाइन ऊष्मा दर नीचे दी गयी सीमा से आगे नहीं बढ़ेगी:

दाब दर निर्धारण (के.जी./वर्ग सेमी.)	150	170	170	247	247
एस.एच.टी./आर.एच.टी. (0C)	535/535	537/537	537/565	537/565	565/593
बी.पी.एफ. का प्रकार	विद्युत चालित	टर्बाईन चालित	टर्बाईन चालित	टर्बाईन चालित	टर्बाईन चालित
अधिकतम टर्बाईन चक्र ऊष्मा दर kCal/kWh	1955	1950	1935	1900	1850
न्यूनतम बॉयलर एफिसियेन्सी					
सब बिटुमिनस भारतीय कोयला	0.85	0.85	0.85	0.85	0.85
बिटुमिनस आयातित कोयला	0.89	0.89	0.89	0.89	0.89
अधिकतम डिजाइन यूनिट ऊष्मा दर (kCal/kWh)					
सब बिटुमिनस भारतीय कोयला	23[illegible]	22[illegible]	2276	2235	217[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]74	[illegible]	[illegible]

ii. गैस आधारित/तरल आधारित तापीय उत्पादक यूनिट(टे)

= 1.05 x प्राकृतिक गैस तथा आर.एल.एन.जी. (kcal/kWh) के लिए यूनिट की डिजाइन ऊष्मा दर

= 1.071 x तरल ईंधन (kcal/kWh) के लिए यूनिट की डिजाइन ऊष्मा दर

जहां एक यूनिट की डिजाइन ऊष्मा दर का अर्थ होगा स्थल आवृत्त परिस्थितियों तथा 100 प्रतिशत एम.सी.आर. पर एक यूनिट के लिए गारंटीयुक्त ऊष्मा दर तथा एक ब्लॉक की डिजाइन

ऊष्मा दर का अर्थ होगा 100 प्रतिशत एम.सी.आर. स्थल आवृत्त परिस्थितिया शून्य प्रतिशत, डिजाइन कूलिंग वाटर तापमान/बैक प्रेशर पर एक ब्लाक के लिए गारंटीयुक्त ऊष्मा दर।

(3) गौण ईंधन तेल उपभोग

i. कोयला आधारित उत्पादक स्टेशनः 1.0 ml/kWh

ii. सी.एफ.बी.सी. प्रौद्योगिकी पर आधारित स्टेशनो से अन्यथा लिग्नाईट अग्निक उत्पादक स्टेशन 2.0 ml/kWh

iii. सी.एफ.बी.सी. प्रौद्योगिकी पर आधारित लिग्नाईट अग्निक उत्पादक स्टेशन 1.25 ml/kWh

(4) ट्रांसफॉर्मेशन हानियों सहित अनुषंगी ऊर्जा उपभोग

i. कोयला आधारित उत्पादक स्टेशन.

अनुषंगी ऊर्जा उपभोग	प्राकृतिक ड्राफ्ट कूलिंग टावर के साथ या बिना कूलिंग टावर के
(i) 200 एम.डब्ल्यू. सीरीज	8.50 प्रतिशत
(ii) 300/330/350/500 एम.डब्ल्यू. व अधिक	
भाप चलित बॉयलर फीड पंप्स	6.00 प्रतिशत
विद्युत चालित बॉयलर फीड पंप्स	8.50 प्रतिशत

परन्तु आगे यह कि इन्ड्यूज्ड ड्राफ्ट कूलिंग टावर्स के साथ वाले तापीय उत्पादक स्टेशनो के लिए उपरोक्त मानकों की तुलना में 0.5 प्रतिशत ऊंचे मानक होंगे।

i. गैस टर्बाईन/संयुक्त चक्र उत्पादक स्टेशनः

- सयुक्त चक्रः 3.0 प्रतिशत
- ओपन सायकलः 1.0 प्रतिशत

ii. लिग्नाईट अग्नित तापीय उत्पादन स्टेशनः

- 200 एम.डब्ल्यू. सैट्स व अधिक के सभी उत्पादक स्टेशन्स:

अनुषंगी ऊर्जा उपभोग मानक उपरोक्त कोयला आधारित उत्पादक स्टेशनो के अनुषंगी ऊर्जा उपभोग मानकों से 0.5 प्रतिशत पॉइन्ट अधिक होंगे।

परन्तु सी.एफ.बी.सी. प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाले लिग्नाईट अग्नित स्टेशनो के लिए अनुषंगी ऊर्जा उपभोग मानक ऊपर निर्दिष्ट कोयला आधारित उत्पादक स्टेशनो के अनुषंगी ऊर्जा उपभोग मानको से 1.5 प्रतिशत पॉइन्ट्स अधिक होंगे।

(5) अभिवहन व सम्हलाई हानिया

माह के दौरान कोयला आपूर्ति कपनी द्वारा भेजे गये कोयले की मात्रा के प्रतिशत के रूप मे, कोयला आधारित उत्पादक स्टेशनो के लिये अभिवहन व सम्हलाई हानिया नीचे दिये अनुसार होगी

i. पिट हैड उत्पादक स्टेशन्स 0.2 प्रतिशत

ii. नौन पिट हैड उत्पादक स्टेशन्स 0.8 प्रतिशत

उपरोक्त मानक सभी प्रकार के कोयले अर्थात घरेलू कोयला धुला कोयला तथा आयातित कोयला के लिए लागू होंगे।

परन्तु सुपुर्दगी आधार पर कायेले के प्रापण के लिये कोई अभिवहन व सम्हलाई हानिया अनुमेय नही होगी।

49. तापीय उत्पादक स्टेशनों के लिये प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय

मानकीय प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय निम्नानुसार होंगे:

(1) . . . .

(₹लाख/एम.डब्ल्यू. में)

वर्ष	200/210/250 एम. डब्ल्यू. सैट्स	300/330/350 एम. डब्ल्यू. सैट्स	500 एम.डब्ल्यू सैट्स	600 एम.डब्ल्यू. व अधिक सैट्स
2013–14	22.74	19.99	16.24	14.62
2013–15	24.04	21.13	17.17	15.46
2013–16	25.42	22.34	18.15	16.34,

परन्तु उपरोक्त मानक, उसी स्टेशन 01.04.2013 को या उसके पश्चात् होने वाली सी.ओ.डी. वाली यूनिटो के लिये सबधित यूनिट आकारो मे अतिरिक्त यूनिटो के लिए निम्नलिखित गुणनखण्डो द्वारा गुणा किये जायेगे

i. 200/210/250 एम.डब्ल्यू
   - अतिरिक्त पांचवी व छठी यूनिटें – 0.9
   - अतिरिक्त सातवीं व अधिक यूनिटें – 0.85

ii. 300/330/350 एम.डब्ल्यू
   - अतिरिक्त चौथी व पाचवी यूनिटें – 0.9
   - अतिरिक्त छठी व अधिक यूनिटें – 0.85

iii. 500 एम.डब्ल्यू. व अधिक
   - अतिरिक्त तीसरी व चौथी यूनिटें – 0.9

- अतिरिक्त पांचवीं व अधिक यूनिटें — 0.85

टिप्पणीः—

200/210/250 एम.डब्ल्यू. सैट्स व 500 एम.डब्ल्यू. व इससे अधिक के सैट्स के मेल वाले उत्पादक स्टेशनो के लिये प्रचालन एवं अनुरक्षण व्ययो भारित औसत मूल्य निम्नानुसार अपनाया जाएगा

(2) ओपन सायकल गैस टर्बाइन/संयुक्त चक्र उत्पादक स्टेशन

वर्ष	लघु गैस टर्बाइन ऊर्जा उत्पादक स्टेशनों से अन्य गैस टर्बाइन/संयुक्त चक्र उत्पादक स्टेशन	लघु गैस टर्बाइन ऊर्जा उत्पादक स्टेशन
2013–14	₹ 18.49 lakh/MW	₹ 28.61 lakh/MW
2013–15	₹ 19.55 lakh/MW	₹ 30.24 lakh/MW
2013–16	₹ 20.67 lakh/MW	₹ 31.97 lakh/MW

(3) लिग्नाईट—अग्निक उत्पादक स्टेशन

वर्ष	125 एम.डब्ल्यू. सैट्स
2013–14	₹ 18.49 lakh/MW
2013–15	₹ 19.55 lakh/MW
2013–16	₹ 20.67 lakh/MW

कोयला आधारित या लिग्नाईट अग्निक तापीय उत्पादक स्टेशन के मामले मे उपयोगी जीवन के 10, 15 या 20 वर्षो के पूर्ण होने के अगले वर्ष से निम्नलिखित तरीके से छोटी आस्तियो के स्वभाव सहित पूजीगत स्वभाव की नई आस्तियो पर व्ययो को पूरा करने के लिए एक पृथक प्रतिपूर्ति भत्ता यूनिटवार स्वीकृत किया जाएगा।

प्रचालन का वर्ष	प्रतिपूर्ति भत्ता
0–10	NIL
11–15	0.15
16–20	0.35
21–25	0.65

50. कोयला आधारित तथा लिग्नाईट—अग्निक उत्पादक स्टेशन के लिये गौण ईंधन तेल उपभोग पर व्यय

(1) रुपयो के गौण ईंधन तेल पर व्यय निम्नलिखित फॉर्मूला के अनुसार विनियम 48(3) मे विनिर्दिष्ट मानकीय गौण ईंधन तेल उपभोग (एस.एफ.सी.) के तत्समान संगणित किया जाएगा

= SFC x LPSFi x NAPAF x 24 x NDY x IC x 10

जहां,

SFC	=	में मानकीय-विशिष्ट ईंधन तेल उपभोग
LPSFi	=	प्रारम्भ मे लिया गया Rs./ml मे गौण ईंधन का भारित औसत भू मूल्य
NAPAF	=	प्रतिशत में मानकीय वार्षिक संयंत्र उपलब्धता कारक
NDY	=	वर्ष में दिनो की सख्या
IC	=	एम.डब्ल्यू. में संस्थापित क्षमता

(2) प्रारम्भ मे गौण ईंधन तेल [illegible] भू लागत पूर्ववर्ती तीन माह के भारित औसत मूल्य के वास्तविको के आधार पर ली जाएगी तथा पूर्ववर्ती तीन माहो की भू लागत की अनुपस्थिति मे वर्ष के आरम्भ से पूर्व, उत्पादक स्टेशन के लिए नवीनतम प्रापण मूल्य लिया जाएगा।

गौण ईंधन तेल व्यय, निम्नलिखित फॉर्मूला के अनुसार शुल्क अवधि के प्रत्येक वर्ष के अत मे ईंधन मूल्य समायोजन के अधीन होगे

SFC x NAPAF x 24 x NDY x IC x 10 x (LPSFy- LPSFi)

जहां,

LPSFy	=	Rs./ml में वर्ष के लिए गौण ईंधन तेल का वास्तविक भारित औसत भू मूल्य

51. जल विद्युत उत्पादक स्टेशन के लिए प्रचालन के मानक

यहां नीचे दिये गये प्रचालन के मानक लागू होंगे:

(1) मानकीय संयंत्र उपलब्धता कारक (NAPAF)

विवरण	मानकीय सयत्र उपलब्धता कारक
8 प्रतिशत तक का न्यूनतम ड्रॉ डाउन स्तर (एम.डी.डी.एल.) तथा पूर्ण जलाशय स्तर (एफ.आर.एल.) के मध्य शीर्ष परिवर्तन के साथ स्टोरेज व पौण्डेज प्रकार के संयंत्र तथा जहा सयत्र उपलब्धता मिट्टी के द्वारा प्रभावित नही है।	90 प्रतिशत
8 प्रतिशत से अधिक एफ.आर.एल. तथा एम.डी.डी.एल. के मध्य शीर्ष परिवर्तन के साथ स्टोरेज व पौण्डेज प्रकार के सयत्र जहा सयत्र उपलब्धता मिट्टी के द्वारा प्रभावित नही	माहो की अवधि मे जलाशय स्तर गिरने पर एम डब्ल्यू. उत्पादन क्षमता मे कमी के लिए एन.ए.पी.ए.एफ. मे प्रदान किया जाने वाला सयत्र विशिष्ट

है।	भत्ता। एक दिशा निर्देश के रूप मे एक गुणक कारक के रूप में इस कारण रियायत, निम्नलिखित फॉर्मूला लागू कर शुद्ध शीर्ष के वार्षिक औसत के प्रक्षेपण से ज्ञात की जाएगी (औसत शीर्ष/रेटेड शीर्ष) +0.02 ऐसा प्रक्षेपण करने में कठिनाई होने पर, वैकल्पिक रूप से गुणक कारक निम्नलिखित रूप से निर्धारित किया जाएगा (एम.डी.डी.एल. पर शीर्ष/रेटेड शीर्ष) x 0.5 + 0.52
पौण्डेज प्रकार के सयत्र जहां संयत्र उपलब्धता मिट्टी द्वारा पर्याप्त रूप से प्रभावित होनी है।	85 प्रतिशत
रन ऑफ रिवर प्रकार के संयंत्र	जहा उपलब्ध/सुसगत हो वहा पूर्व अनुभव द्वारा मर्यादित, 10 दिवसीय डिजायन ऊर्जा डाटा के आधार पर सयत्रवार अवधारण

विशेष परिस्थितियो, जैसे असामान्य स्थल समस्याओ या अन्य प्रचालन परिस्थितियो तथा ज्ञात सयत्र परिस्थितियो के अधीन एनएपीएएफ अवधारण मे आयोग द्वारा अतिरिक्त रियायत दी जाएगी।

परन्तु नये जल विद्युत उत्पादक स्टेशन के मामले मे विकासकर्ता के पास उपरोक्त सारिणी मे दिये सिद्धान्त के आधार पर एनएपीएएफ के निर्धारण हेतु अग्रिम मे आयोग से सपर्क करने का विकल्प होगा,

परन्तु आगे यह कि उत्पादक कपनी आयोग का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए इन विनियमो के परिशिष्ट III मे दिये अनुसार एनएपीएएफ के परिकलन हेतु दिशा निर्देशो के अनुसार विस्तृत परिकलन व उसके कारणों के साथ संयंत्रवार एन.ए.पी.ए.एफ. जमा करेगी।

(2) ट्रांसफॉर्मर हानियों सहित अनुषंगी ऊर्जा उपभोग

(ए) सतह जल विद्युत ऊर्जा उत्पादक स्टेशन्स

i. जनरेटर शैफ्ट पर माउन्टेड रोटेटिग एक्साइटर्स के साथ — 0.7 प्रतिशत

ii. स्टैटिक एक्साइटेशन सिस्टम के साथ — 1 प्रतिशत

(बी) भूतल जल विद्युत उत्पादक स्टेशन

i. जनरेटर शैफ्ट पर माउन्टेड रोटेटिग एक्साइटर्स के साथ — 0.9 प्रतिशत

ii. स्टैटिक एक्साइटेशन सिस्टम के साथ — 1.2 प्रतिशत

52. जल विद्युत उत्पादन स्टेशन्स हेतु प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय

(1) प्रचालन एव अनुरक्षण (ओ एण्ड एम) व्ययो मे निम्नलिखित का समावेश होगा

(बी) वेतन, मजदूरी, पेंशन अंशदान तथा अन्य कर्मचारी लागतें,

(सी) बीमा प्रभारों सहित प्रशासनिक व सामान्य व्यय,

(डी) मरम्मत व रख–रखाव व्यय

(2) आधार वर्ष में पांच वर्ष से अधिक प्रचालन वाले उत्पादक स्टेशनों के लिये

नियत्रण अवधि के प्रथम वर्ष हेतु प्रचालन एव अनुरक्षण व्यय कुशल अन्य व आयोग द्वारा उपयुक्त समझे गये किन्ही अन्य कारणो के अधीन, असामान्य प्रचालन एव अनुरक्षण व्यय यदि कोई हो को छोडकर सपरीक्षित तुलनपत्र के आधार पर आधार वर्ष तक पिछले पाच वर्षो के लिए वास्तविक ओ एण्ड एम व्ययो को ध्यान मे रखते हुए आयोग द्वारा अनुमोदित किये जाएगे।

(3) आधार वर्ष में 5 वर्षों से कम प्रचालन वाले उत्पादक स्टेशनों के लिए

ऐसे जल विद्युत उत्पादक स्टेशनो के मामले मे जो कि वित्त वर्ष 2011–12 के आधार वर्ष मे पाच वर्ष की अवधि से अस्तित्व मे नही रहे है उनके वित्त वर्ष 2011 12 के आधार वर्ष हेतु प्रचालन एव अनुरक्षण व्यय, प्रचालन के प्रथम वर्ष हेतु आयोग द्वारा स्वीकृत पूजी लागत का 1.5 प्रतिशत निर्धारित किये जाएगे तथा नीचे दिये गये उप विनियम (6) मे विनिर्दिष्ट वृद्धि के सिद्धान्तो के अनुसार पश्चातवर्ती वर्ष से बढाये जाएंगे।

(4) 1.4.2013 को या इसके पश्चात् वाणिज्यिक प्रचालन के अधीन घोषित उत्पादक स्टेशनों के लिए

जल विद्युत उत्पादक स्टेशनो अर्थात 1.4.2013 को या उसके पश्चात् वाणिज्यिक प्रचालन के अधीन घोषित जल विद्युत उत्पादक स्टेशनो के मामले मे आधार प्रचालन एव अनुरक्षण व्यय, कमीशनिग के वर्ष के लिये आयोग द्वारा स्वीकृत वास्तविक पूजी लागत का 2 प्रतिशत निर्धारित किये जाएगे।

(5) उपरोक्त विनियम 52(2) मे आधार ओ एण्ड एम व्ययों के निर्धारण के पश्चात दूसरे वर्ष के लिए तथा साथ ही नियत्रण अवधि के तुरन्त पूर्ववती वर्ष अर्थात 2012 13 के लिये ओ एड एम व्यय नीचे दिये गये फॉर्मूला के आधार पर अनुमोदित किये जाएगे:–

$$O\&M_n = R\&M_n + EMP_n + A\&G_n$$

जहा,

EMPn – n^{th} वर्ष के लिए कर्मचारी लागतें

R&Mn – n^{th} वर्ष के लिए मरम्मत व रख–रखाव लागतें

A&Gn – n^{th} वर्ष के लिए प्रशासनिक व सामान्य लागतें

उपरोक्त घटकों की संगणना नीचे दिये गये तरीके से की जाएगी:

EMPn = (EMPn-1) x (1+Gn) x (सी.पी.आई. इन्फलेशन)

R&Mn = K x (GFA n-1) x (डब्ल्यू.पी.आई. इन्फलेशन), और

A&Gn = (A&Gn-1) x (डब्ल्यू.पी.आई. इन्फलेशन) + प्रोविजन

जहा

- EMPn-1 – (n^{th}) वर्ष के लिए कर्मचारी लागतें
- A&Gn-1 – (n^{th}) वर्ष के लिए प्रशासनिक व सामान्य लागतें,
- प्रोविजन कुशल जाच के पश्चात् आयोग द्वारा अनुमोदित तथा उत्पादक कपनी द्वारा प्रस्तावित पहल या एक समय व्ययों के लिए लागत
- 'K' एक स्थिराक है जिसे आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएगा। नियत्रण अवधि के प्रत्येक वर्ष हेतु K का मूल्य उत्पादक कपनी की फाइलिग मरम्मत व रख–रखाव व्ययो के तलचिह्नीकरण पूर्व में आयोग द्वारा अनुमोदित जी.एफ.ए. के मुकाबले मे अनुमोदित मरम्मत व रख रखाव व्यय व आयोग द्वारा उपयुक्त समझे गये किन्ही अन्य तथ्यो के आधार पर एम.वाय.टी. आदेश मे आयोग द्वारा अवधारित किया जाएगा।
- CPIinflation– तुरन्त पूर्ववर्ती तीन वर्षों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकाक (सी.पी.आई.) मे औसत वृद्धि,
- WPIinflation – तुरन्त पूर्ववर्ती तीन वर्षों के लिए थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यू.पी.आई.) में औसत वृद्धि
- GFAn-1= nth वर्ष के लिए उत्पादक कंपनी की कुल स्थिर आस्तियां,
- Gn nth [illegible] अन्य कोई तथ्य जिसे आयोग उपयुक्त समझे के आधार पर अतिरिक्त जनशक्ति आवश्यकता की पूर्ति के लिए एम.वाय.टी. शुल्क आदेश में आयोग द्वारा अवधारित किया जाएगा।

 परन्तु अवधारित मरम्मत व रख–रखाव व्ययो का उपयोग कवल मरम्मत व रख–रखाव कार्यों के लिए किय जाएगा।

(6) उपरोक्त उप–विनियम (3) व (4) मे अवधारित ओ एड एम व्ययो मे एक वर्ष विशेष (ज्ञजी वर्ष) के लिए वृद्धि कारक (म्ब्ज्ञ) लागू कर नियत्रण अवधि के लिए ओ एड एम व्यय ज्ञात करने के लिए पश्चातवर्ती वर्षो हेतु वृद्धि की जाएगी जिसे निम्नलिखित फॉर्मूला का उपयोग कर परिकलित किया जाएगा

$$EF_k=0\text{-}55 \times WPI_{Inflation}+0\ 45 \times CPI_{Inflation}$$

(7) सिचाई बाढ नियत्रण व ऊर्जा घटक वाले बहुउद्देशीय जल विद्युत स्टेशनो के मामले मे केवल स्टेशन के ऊर्ज़ा घटक को प्रभावित ओ एड एम व्ययो पर ही शुल्क अवधारण, हेतु विचार किया जाएगा

53. तापीय ऊर्जा स्टेशनो के लिए वार्षिक स्थिर प्रभारो तथा ऊर्जा प्रभारों का सगणन व भुगतान

(1) तापीय उत्पादक स्टेशन की स्थिर लागत इन विनियमो के अधीन विनिर्दिष्ट मानको पर आधारित वार्षिक आधार पर सगणित की जाएगी, तथा क्षमता प्रभार के अधीन मासिक रूप से वसूल की जाएगी। एक उत्पादक स्टेशन के लिए सदेय कुल क्षमता प्रभार, उत्पादक स्टेशन की क्षमता में उनके सबधित अश/आवंटन के अनुसार इसके लाभार्थियों में बाटी जाएगी।

(2) एक कैलेण्डर माह के लिए एक तापीय उत्पादक स्टेशन का सदेय क्षमता प्रभार (प्रोत्साहन सहित) निम्नलिखित फॉर्मूला के अनुसार परिकलित किया जाएगा:

(ए) वित्त वर्ष की पहली अप्रैल को दस (10) वर्षो से कम के लिए वाणिज्य प्रचालन मे उत्पादक स्टेशन

AFC x (NDM/NDY) x (0.5+0.5xPAFM/NAPAf=F) (रूपयों में)

परन्तु यदि एक वित्त वर्ष मे साधित सयत्र उपलब्धता कारक (PAFY) 70 प्रतिशत से कम है तो वर्ष के लिए कुल क्षमता प्रभार निम्नलिखित तक सीमित होगा।

AFC x (0.5+35/NAPAF) x (PAFY/70) (रूपयो मे)

(बी) वर्ष की पहली अप्रैल को दस (10) या उससे अधिक वर्षो के लिए वाणिज्यिक प्रचालन मे उत्पादक स्टेशन्स:

AFC x (NDM/NDY) x (PAFM/NAPAF) (रूपयों मे)

जहा

AFC	=	वर्ष के लिए विनिर्दिष्ट वार्षिक स्थिर लागत, रूपयों में
NAPAF	=	मानकीय वार्षिक संयंत्र उपलब्धता कारक, प्रतिशत में
NDM	=	माह में दिनों की संख्या
NDY	=	वर्ष में दिनों की संख्या
PAFM	=	माह के दौरान साधित संयंत्र उपलब्धता कारक, प्रतिशत में
PAFY	=	वर्ष के दौरान साधित संयंत्र उपलब्धता कारक, प्रतिशत में

(3) पी.ए.एफ.एम. व पी.ए.एफ.वाई. की संगणना निम्नलिखित फार्मूला के अनुसार की जाएगी

$$PAFM \text{ or } PAFY = 10000 \times \sum_{I=1}^{N} DCi \,/\, \{ N \times IC \times (100\text{-}AUX) \}\%$$

जहां,

AUX	=	मानकीय अनुषंगी ऊर्जा उपभोग, प्रतिशत में
DCi	=	दिवस की समाप्ति के पश्चात् संबंधित भार प्रेषण केन्द्र द्वारा प्रमाणित, अवधि अर्थात् यथास्थिति माह या वर्ष के i^{th} दिन के लिए नीचे दिये खण्ड (4) के अधीन औसत घोषित क्षमता (एक्स. बस एम.डब्ल्यू. में)
IC	=	त्पादक स्टेशन की संस्थापित क्षमता (एम.डब्ल्यू. में)
N	=	अवधि अर्थात्, यथास्थिति माह या वर्ष में दिनों की संख्या
टिप्पणी		DCi व IC में वाणिज्यिक प्रचालन के अधीन घोषित न की गयी उत्पादन यूनिटो की क्षमता सम्मिलित नही होगी। संबंधित अवधि मे IC मे परिवर्तन होने पर इसका औसत मूल्य लिया जाएगा।

(4) एक तापीय उत्पादक स्टेशन मे ईंधन की कमी हो जाने पर उत्पादक कपनी ऑफ पीक के दौरान ईंधन हो जाने पर पीक लोड घंटों के दौरान अपनी एम.डब्ल्यू. घोषित करना प्रस्तावित कर सकती है संबंधित भार प्रेषण केन्द्र तब लाभार्थियो से परामर्श कर अपनी एम.डब्ल्यू. तथा ऊर्जा क्षमता का अधिकतम उपयोग करने के लिए उत्पादक स्टेशन हेतु एक प्रयोजनात्मक आगामी अनुसूची विनिर्दिष्ट करेगा ऐसी

स्थिति मे DC_1 उस दिन के लिए सबधित भार प्रेषण केन्द्र द्वारा विनिर्दिष्ट अधिकतम पीक घटा एक्स ऊर्जा संयंत्र एम.डब्ल्यू. अनुसूची के बराबर ली जाएगी।

(5) ऊर्जा प्रभारो मे प्राथमिक ईंधन लागत तथा चूना उपभोग लागत (जहा लागू हो) सम्मिलित होगी तथा माह की ऊर्जा प्रभार दर (ईंधन व चूना मूल्य समायोजन के साथ) पर, एक्स ऊर्जा सयत्र आधार पर कैलेण्डर माह के दौरान ऐसे लाभार्थियो को आपूर्ति की जाने के लिए अनुसूचित कुल ऊर्जा के लिए प्रत्येक लाभार्थी द्वारा सदेय होगी। एक माह के लिए उत्पादक कपनी को सदेय कुल ऊर्जा निम्नलिखित होगी:

(रू0 के.डब्ल्यू.एच. मे ऊर्जा प्रभार दर x {के.डब्ल्यू.एच. मे माह हेतु अनुसूचित ऊर्जा (एक्स बस)}

(6) एक्स ऊर्जा सयत्र आधार पर रूपया प्रति के.डब्ल्यू.एच. मे ऊर्जा प्रभार दर (ई.सी.आर.) निम्नलिखित फॉर्मूला के अनुसार तीन दशमलव स्थान तक अवधारित किया जाएगा:

(ए) कोयला आधारित तथा लिग्नाईट अग्नित स्टेशन्स

ECR={(GHR-SFC x CVSF) x LPPF/CVPF+LCxLPL} x 100/(100-AUX)

(बी) गैस तथा तरल ईंधन आधारित स्टेशन्स के लिए

ECR=GHR x LPPF x 100/{CVPF x (100-AUX)}

जहा,

AUX = मानकीय अनुषंगी ऊर्जा उपभोग, प्रतिशत में।

CVPF = अग्नित रूप मे प्राथमिक ईंधन का कुल कैलोरी मूल्य, लागू अनुसार kCal प्रति के जी., प्रति लीटर या प्रति मानक घनमीटर

CVSF = गौण ईंधन का कैलोरी मूल्य kCal प्रति एम.एल. मे

ECR = ऊर्जा प्रभार दर रूपये में प्रति के.डब्ल्यू.एच. सैन्ट आउट

GHR = कुल स्टेशन ताप दर, kCal प्रति के.डब्ल्यू.एच. में

LC = मानकीय चूना उपभोग के.डब्ल्यू.एच. प्रति के.जी. मे

LPL = चूने का भारित औसत भू–मूल्य रूपया प्रति के.जी. में

LPPF = प्राथमिक ईंधन का भारित औसत भू मूल्य माह के दौरान लागू रूपया प्रति के.जी प्रति लीटर या प्रति मानक घनमीटर में

SFC = विशिष्ट ईंधन तेल उपभोग, एम.एल. प्रति के.डब्ल्यू.एच. में

(7) ईंधन की भू लागत मे रॉयल्टी सहित ईंधन के कैलोरी मूल्य/गुणवत्ता/श्रेणी के तत्समान ईंधन का मूल्य लागू कर व शुल्क, रेल सडक/गैस पाईप लाईन या किसी अन्य माध्यम द्वारा परिवहन लागत सम्मिलित होगी तथा ऊर्जा प्रभारों के संगणन के प्रयोजन हेतु इन विनियमो मे विनिर्दिष्ट माह के दौरान ईंधन आपूर्ति कंपनी द्वारा प्रेषित ईंधन की मात्रा के प्रतिशत के रूप मे मानकीय वहन व सम्हलाई हानियों का विचार कर ज्ञात की जाएगी।

54. जल विद्युत उत्पादक स्टेशनों के लिए क्षमता प्रभारों व ऊर्जा प्रभारों का संगणन व भुगतान

(1) जल विद्युत उत्पादक स्टेशन के वार्षिक स्थिर प्रभार, इन विनियमो के अधीन विनिर्दिष्ट मानको पर आधारित, वार्षिक आधार पर सगणित किये जाएगे तथा क्षमता प्रभार (प्रोत्साहन सहित) व ऊर्जा प्रभार के अधीन मासिक रूप से वसूल किये जाएगे जो कि उत्पादन स्टेशन की विक्रय योग्य क्षमता, अर्थात् गृह राज्य को नि:शुल्क ऊर्जा छोडकर, उनके सबधित प्रतिशत अश/आवटन के अनुपात मे लाभार्थियों को संदेय होंगे।

(2) एक कैलेण्डर माह के लिए जल विद्युत उत्पादक स्टेशन को सदेय क्षमता प्रभार (प्रोत्साहन सहित) निम्नलिखित होंगे:

$$AFC \times 0.5 \times NDM/NDY \times (PAFM/NAPAF) \text{ (in Rupees)}$$

जहा,

AFC = वर्ष हेतु विनिर्दिष्ट वार्षिक स्थिर लागत, रूपयों में

NAPAF= मानकीय संयत्र उपलब्धता कारक, प्रतिशत में

NDM = माह में दिनों की सख्या

NDY = वर्ष मे दिनो की सख्या

PAFM = माह के दौरान साधित संयंत्र उपलब्धता कारक, प्रतिशत में

(3) पी.ए.एफ.एम. की संगणना निम्नलिखित फॉर्मूला से की जाएगी:

N

$$PAFM = 10000 \times \sum_{i=1} DCi / \{N \times IC \times (100-AUX)\}\%$$

जहां,

AUX = मानकीय अनुषगी ऊर्जा उपभोग, प्रतिशत में

DCi — माह के i^{th} दिन के लिए घोषित क्षमता जिसे दिन में समाप्त होने के पश्चात् उत्तराखण्ड राज्य भार प्रेषण केन्द्र द्वारा प्रमाणित रूप मे कम से कम तीन (3) घंटे के लिए राज्य प्रेषित कर सकता है।

IC = पूर्ण उत्पादक स्टेशन की संस्थापित क्षमता (एम.डब्ल्यू.में)

N = माह में दिनों की संख्या

(4) ऊर्जा प्रभार, सगणित ऊर्जा प्रभार दर पर, एक्स ऊर्जा सयंत्र आधार पर कैलेण्डर माह की अवधि मे लाभार्थी को आपूर्ति की गयी कुल ऊर्जा के लिए प्रत्येक लाभार्थी द्वारा सदेय होगा। एक माह के लिए उत्पादक कंपनी को सदेय कुल ऊर्जा प्रभार निम्नलिखित होगाः

(रू0/के.डब्ल्यू.एच मे ऊर्जा प्रभार दर) x {के.डब्ल्यू.एच मे माह के लिए ऊर्जा (एक्स बस)} x (100–एफ.ई.एच.एस.)/100

(5) एक जल विद्युत उत्पादक स्टेशन के लिए एक्स ऊर्जा सयत्र आधार पर रुपया प्रति के.डब्ल्यू.एच मे ऊर्जा प्रभार दर (ई.सी.आर.) निम्नलिखित फॉर्मूला के आधार पर तीन दशमलव अक तक अवधारित की जाएगी:

$$ECR = AFC \times 0.5 \times 10 / \{DE \times (100-AUX) \times (100-FEHS)\}$$

जहा,

DE — जल विद्युत उत्पादक स्टेशन के लिए विनिर्दिष्ट वार्षिक डिजायन ऊर्जा, एम.डब्ल्यू.एच मे,

FEHS = लागू अनुसार, प्रतिशत में, गृहराज्य के लिए निःशुल्क ऊर्जा।

(6) यदि एक वर्ष के दौरान जल विद्युत उत्पादक स्टेशन द्वारा उत्पादित वास्तविक कुल ऊर्जा उत्पादक कंपनी के नियंत्रण से बाहर के कारणो से डिजायन ऊर्जा से कम है तो रोलिंग आधार पर निम्नलिखित उपचार किया जाएगाः

ए) यदि ऊर्जा मे कमी, उत्पादक स्टेशन के वाणिज्यिक प्रचलन की तिथि से दस वर्ष के भीतर होती है तो ऊर्जा मे कमी के वर्ष से आगामी वर्ष के लिए ई.सी.आर इस आशोधन के साथ विनियम 54(5) मे विनिर्दिष्ट फार्मूला के आधार पर संगणित की जाएगी कि वर्ष के लिए डी.ई. पिछले वर्ष की ऊर्जा प्रभार कमी की भरपाई होने तक कमी के वर्ष के दौरान उत्पादित वास्तविक ऊर्जा के बराबर मानी जाएगी, इसके पश्चात् सामान्य ई.सी.आर. लागू होगी,

बी) यदि ऊर्जा मे कमी उत्पादक स्टेशन के वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि से दस वर्ष पश्चात् होती है, तो निम्नलिखित लागू होगाः

माना स्टेशन के लिए विनिर्दिष्ट वार्षिक डिजायन ऊर्जा (डी.ई.) डी.ई. एम.डब्ल्यू.एच है, तथा सबधित (प्रथम) व अगले (द्वितीय) वित्त वर्ष की अवधि मे उत्पादित वास्तविक ऊर्जा क्रमश ए 1 व ए 2 है, ए 1, डी.ई. से कम है, तब तृतीय वर्ष के लिए ई.सी.आर के परिकलन के लिए उपरोक्त विनियम 54(5) मे फॉर्मूला मे विचार की जाने वाली डिजायन ऊर्जा (ए 1 + ए 2 डी.ई.) एम.डब्ल्यू.एच के रूप मे अधिकतम डी.ई. एम.डब्ल्यू.एच व न्यूनतम ए 1 एम.डब्ल्यू.एच के अधीन मर्यादित की जाएगी।

सी) उत्पादित वास्तविक ऊर्जा (जैसे ए 1, ए 2) 100/(100–ए.यू.एक्स) द्वारा स्टेशन से भेजी गयी शुद्ध मीटरीकृत ऊर्जा की गुणा कर ज्ञात की जाएगी।

(7) यदि उपरोक्तानुसार संगणित एक जल विद्युत उत्पादक स्टेशन के लिए ऊर्जा प्रभार दर (ई.सी.आर) अस्सी पैसा प्रति के.डब्ल्यू.एच से अधिक हो जाती है तथा एक वर्ष मे वास्तविक विक्रय योग्य ऊर्जा {DE x (100-AUX) x (100-FEHS)/10000} MWh से अधिक हो जाती है तो उपरोक्त से अधिक ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की अस्सी पैसा प्रति के.डब्ल्यू.एच. पर ही बिलिंग की जाएगी

परन्तु उत्पादक कंपनी के नियंत्रण से बाहर के कारणो से कुल ऊर्जा उत्पादन डिजायन ऊर्जा से कम होने वाले वर्ष से अगले वर्ष में ऊर्जा प्रभार दर पिछले वर्ष में ऊर्जा प्रभार की भरपाई होने के पश्चात घटाकर अस्सी पैसा प्रति के.डब्ल्यू.एच. कर दिया जाएगा।

(8) उत्तराखण्ड राज्य भार प्रेषण केन्द्र उपलब्ध होने के लिए घोषित सभी ऊर्जा के अधिकतम उपयोग हेतु लाभार्थियो के साथ परामर्श कर जल विद्युत उत्पादक स्टेशन के लिए अनुसूची को अंतिम रूप देगा जिसे उत्पादक स्टेशन मे उनके सबंधित आवंटन के अनुपात मे लाभार्थियो के लिए अनुसूचित किया जाएगा।

(9) उत्तराखण्ड राज्य भार प्रेषण केन्द्र दैनिक आधार पर उत्पादक स्टेशनो की घोषित क्षमता प्रमाणित करेगा तथा उत्पादक कपनी को वर्ष के दौरान पीएएफएम प्रमाणित करते हुए वर्ष के अंत मे प्रमाण पत्र जारी करेगा।

55. घोषित क्षमता का प्रदर्शन

(1) उत्पादन कपनी को राज्य भार प्रेषण केन्द्र द्वारा जब और जैसे पूछा जाए अपनी घोषित क्षमता प्रदर्शित करना आवश्यक होगा। राज्य पारेषण यूटिलिटी द्वारा विनिर्दिष्ट सीमा तक उत्पादक कपनी द्वारा घोषित क्षमता प्रदर्शन न करने की स्थिति मे, उत्पादक कपनी को देय क्षमता प्रभार एक दड के रूप में कम कर दिये जाएंगे।

(2) एक दिन मे एक अवधि या ब्लॉक के लिए पहली मिथ्या घोषणा के लिए दड की मात्रा दो दिन के क्षमता प्रभारो के तत्समान प्रभार होगी। द्वितीय मिथ्या घोषणा के लिए दड चार दिन के क्षमता प्रभार के बराबर होगा तथा इसके आगे की मिथ्या घोषणाओ के लिए दड गुणेत्तर वृद्धि मे होगा।

(3) उत्पादक स्टेशन की प्रचालक लॉग बुक्स एसएलडीसी द्वारा समीक्षा के लिए उपलब्ध करायी जाएगी इन लॉग बुक्स मे मशीन प्रचालन व अनुरक्षण जलाशय स्तर व स्पिलवे गेट प्रचालन का रिकॉर्ड होता है।

56. मीटरिंग व लेखाकरण

उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (भारत ग्रिड संहिता), विनियम 2007 तथा केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (मीटरों का सस्थापन व प्रचालन) विनियम, 2006 समय-समय पर संशोधित रूप से लागू होगे।

57. बिलिंग व प्रभारों का भुगतान

बिलिंग व प्रभारो का भुगतान निम्नलिखित तरीके से मासिक आधार पर किया जाएगा:

(1) उत्पादक स्टेशनो के लिए वार्षिक स्थिर प्रभारो व ऊर्जा प्रभारो व प्रोत्साहनों की बिलिंग व भुगतान वर्ष के अंत में समायोजन के अधीन मासिक आधार पर किया जाएगा।

(2) वितरण अनुज्ञापी तथा ऐसे व्यक्ति जिनके पास एक वर्ष से अधिक से सशक्त ऊर्जा के लिए ऊर्जा क्रय करार है एक उत्पादक कंपनी की संस्थापित क्षमता मे अपने प्रतिशत शेयर, आवटन या करार के अनुपात में स्थिर/क्षमता प्रभारों का भुगतान करेंगे।

(3) यदि किसी अवधि मे कोई क्षमता अनाधिग्रहित रहती है तो विनियम 57(4) के अधीन विनियम 57(2) मे उल्लिखित व्यक्तियो द्वारा पूर्ण क्षमता प्रभारो की आपस मे भागीदारी की जाएगी।

(4) यदि किसी अवधि मे कोई क्षमता अनाधिग्रहित रहती है तो उत्पादक कंपनी राज्य के बाहर किसी व्यक्ति सहित किसी व्यक्ति को विद्युत विक्रय हेतु स्वतन्त्र होगी तथा ऐसा व्यक्ति जिसको विद्युत विक्रय की जाती है तो विनियम 57(2) मे उल्लिखित व्यक्तियो के अतिरिक्त वह भी ऐसे व्यक्तियो द्वारा उपयोग की जा रही क्षमता के अनुपात मे स्थिर प्रभार/क्षमता प्रभारो मे भागीदारी करेगा

58. उत्पादक स्टेशन द्वारा विद्युत का क्रय/स्टार्टअप

(1) कोई व्यक्ति, जो एक उत्पादक स्टेशन स्थापित करता है, अनुरक्षण करता है व उसका प्रचालन करता है तथा जिसे सामान्य रूप से वर्ष भर अनुज्ञापी से ऊर्जा की आवश्यकता नही होती, अर्थात् जो अनुज्ञापी का उपभोक्ता नहीं है, किसी उत्पादक कम्पनी या वितरण अनुज्ञापी से विद्युत क्रय कर सकेगा, यदि स्टार्टअप के लिए या अपनी आवश्यकताओ को पूरा करने के लिए उसका सयत्र विद्युत उत्पादन करने की स्थिति में नहीं है तथा विद्युत वितरण अनुज्ञापी से लेनी पड रही है।

(2) यदि सयत्र से उत्पादित विद्युत वितरण अनुज्ञापी को विक्रय की जाती है तो स्टार्टअप की आवश्यकता पूरी करने के लिए राज्य वितरण अनुज्ञापी से उत्पादक स्टेशन द्वारा प्राप्त की गयी विद्युत (के०डब्ल्यू०एच मे), वितरण अनुज्ञापी को विक्रय की गयी विद्युत से समायोजित की जाएगी। वितरण अनुज्ञापी उत्पादक कपनी द्वारा उसको बेची गयी शुद्ध ऊर्जा, अर्थात् वितरण अनुज्ञापी को उत्पादक कपनी द्वारा आपूर्ति की गयी कुल ऊर्जा तथा वितरण अनुज्ञापी द्वारा उत्पादक कपनो को आपूर्ति की गयी ऊर्जा का अतर के लिए वितरण अनुज्ञापी को भुगतान करेगा।

(3) यदि सयत्र से उत्पादित विद्युत राज्य वितरण अनुज्ञापी से अन्यथा तृतीय पक्ष को बेची जाती है तो राज्य वितरण अनुज्ञापी से उत्पादक कपनी द्वारा विद्युत का ऐसा क्रय उस माह के लिए संविदाकृत मांग [illegible] "शुल्क की दर अनुसूची" के अधीन अस्थायी आपूर्ति हेतु आयोग द्वारा अवधारित शुल्क के अनुसार प्रभारित किया जाएगा। उस माह के लिए स्थिर/मांग प्रभार उतने दिनो के लिए देय होगा जितने दिनो के लिए यह आपूर्ति ली जाती है तथापि ऐसे उत्पादक कपनियो की मासिक न्यूनतम प्रभारो या मासिक न्यूनतम उपभोग गारण्टी प्रभारों या किन्हीं अन्य प्रभारों से छूट प्राप्त होगी।

भाग – 6

पारेषण हेतु प्रभार

59. प्रयोज्यता

इस भाग मे अन्तर्विष्ट विनियम एक पारेषण प्रणाली के उपयोगकर्ता के साथ पारेषण अनुज्ञापी द्वारा किये गये थोक ऊर्जा पारेषण करार या किसी अन्य करार के अनुसरण मे पारेषण अनुज्ञापी के राज्यान्तर्गत पारेषण प्रणाली तक पहुच या उपयोग हेतु शुल्क अवधारण करने के लिए लागू होगे।

परन्तु आयोग इस भाग मे अन्तर्विष्ट मानकों से विचलित हो सकता है या मामले की परिस्थितियो को ध्यान मे रखते हुए, जहा उचित समझे, किसी विशेष मामले के लिए वैकल्पिक मानक तय कर सकता है

परन्तु आगे यह कि ऐसे विचलन हेतु कारण अभिलिखित किये जाएंगे:

परन्तु यह भी कि एक वर्तमान पारेषण प्रणाली के मामले मे आयोग, कार्य निष्पादन मे सुधार के लिए युक्तियुक्त अवसरो के साथ नियत्रण अवधि के आरम्भ मे पारेषण अनुज्ञापी द्वारा दायर बहुवर्षीय शुल्क याचिका व व्यवसायिक योजना के आधार पर तथा ऐसी पारेषण प्रणाली के ऐतिहासिक कार्य निष्पादन को ध्यान मे रखते हुए शुल्कों का अवधारण करेगा।

आयोग, विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 36 के परन्तुक के अधीन अनुज्ञापी द्वारा इस सबध मे किये गये एक आवेदन के अनुसरण मे अन्तर्गत पारेषण सुविधाओ के उपयोग हेतु दर प्रभार निबधन एव शर्ते विनिर्दिष्ट करते समय इस भाग में अन्तर्विष्ट निबंधन एवं शर्तों से दिशा–निर्देश प्राप्त करेगा।

60. नियंत्रण अवधि के प्रत्येक वित्त वर्ष हेतु वार्षिक पारेषण प्रभार

नियत्रण अवधि के प्रत्येक वित्त वर्ष हेतु वार्षिक पारेषण प्रभार आयोग द्वारा अनुमोदित गैर शुल्क आय अन्य कारोबार से आय तथा लघु अवधि उन्मुक्त अभिगमन प्रभारो द्वारा कम किये गये नियत्रण अवधि के सबधित वित्त वर्ष हेतु पारेषण अनुज्ञापी की कुल राजस्व आवश्यकता की वसूली हेतु उपबध करेगे तथा निम्नलिखित तरीके से सगणित किये जाएंगे:–

वार्षिक राजस्व आवश्यकता, निम्नलिखित का योग है

(ए) प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय,

(बी) लीज प्रभार

(सी) ऋण पूंजी पर ब्याज व वित्त प्रभार

(डी) इक्विटी पूंजी पर प्रतिफल

(ई) आय कर

(एफ) अवक्षय

(जी) कार्यरत पूंजी पर ब्याज तथा पारेषण प्रणाली उपयोगकर्ताओं से जमा, तथा पारेषण अनुज्ञापी के वार्षिक पारेषण प्रभार = उपरोक्तानुसार कुल राजस्व आवश्यकता

घटाकर

(एच) गैर शुल्क आय

(आई) लघु अवधि उन्मुक्त अभिगमन प्रभार

(जे) इन विनियमो मे विनिर्दिष्ट सीमा तक अन्य कारोबार से आय

परन्तु अधिनियम की धारा 63 के अनुसरण मे तथा पारेषण हेतु प्रतियोगी बोली के लिए दिशा–निर्देशो के अनुसार प्रतियोगी रूप से प्रदान की गयी पारेषण परियोजनाओ के मामले मे, वार्षिक पारेषण प्रभार ऐसे प्रतियोगी रूप से प्रदत्त पारेषण परियोजनाओ द्वारा कोट किये गये वार्षिक पारेषण सेवा प्रभार (टी.एस.सी.) के अनुसार होगे।

पारेषण अनुज्ञापी के वार्षिक पारेषण प्रभार, इन विनियमो के भाग II के अनुसार पारेषण अनुज्ञापी द्वारा किये गये यथास्थिति, प्रतियोगी रूप से दी गयी पारेषण प्रणाली परियोजना के मामले मे वार्षिक पारेषण प्रभारो को अपनाने के लिए आवेदन या कुल राजस्व आवश्यकता के अवधारण हेतु आवेदन के आधार पर आयोग द्वारा अवधारित किये जाएगे।

61. पूंजी निवेश योजना

(1) पारेषण अनुज्ञापी, भार वृद्धि पारेषण हानियो मे कमी आपूर्ति की गुणवत्ता मे सुधार, विश्वसनीयता मीटरिंग, सकुलता मे कमी इत्यादि की आवश्यकताओ को पूरा करने के लिए व्यावसायिक योजना के [illegible] नियंत्रण अवधि के प्रत्येक [illegible] वर्ष के लिए एक विस्तृत पूंजी निवेश योजना [illegible] पोषण योजना तथा भौतिक लक्ष्य फाईल करेगा व्यावसायिक योजना के साथ पूजी निवेश योजना इन [illegible] विवरण देते हुए नियंत्रण अवधि के आरंभ में फाईल की जानी चाहिए।

(2) निवेश योजना, भार वृद्धि, पारेषण हानियो मे कमी आपूर्ति की गुणवत्ता मे सुधार, विश्वसनीयता, मीटरिंग सकुलता मे कमी इत्यादि की आवश्यकताओ को पूरा करने के लिए राज्यान्तर्गत पारेषण प्रणाली के सुदृढीकरण व सवर्धन पर निवेशो की जिम्मेदारी लेने के लिए एक न्यूनतम लागत योजना होगी।

(3) निवेश योजना मे, एम.वाए.टी. नियत्रण अवधि मे पारेषण अनुज्ञापी द्वारा ली जाने वाली सभी पूजी व्यय परियोजनाए सम्मिलित होगी तथा ऐसे स्वरूप मे होगी जैसा समय समय पर आयोग द्वारा तय किया जाए।

(4) रू.2.50 करोड से अधिक मूल्य की सभी पूजी व्यय योजनाओ के लिए आयोग की पृथक पूर्व स्वीकृति आवश्यक होगी।

(5) निवेश योजना के साथ ऐसी जानकारी, विवरण व दस्तावेज सलग्न किये जाएगे जो प्रस्तावित निवेशो विकल्पों, लागत/लाभ विश्लेषण तथा ऐसे पहलू जिनका पारेषण प्रभारो पर प्रभाव पडता हो, की आवश्यकता प्रदर्शित करते हुए आवश्यक हो निवेश योजना मे पूजीकरण अनुसूची तथा वित्त पोषण योजना भी सम्मिलित होगे।

(6) पारेषण अनुज्ञापी, यथास्थिति एम.वाय.टी. याचिका के साथ या वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा हेतु याचिका के साथ पूजी व्यय परियोजनाओ की प्रगति दर्शाते हुए विवरण जमा करेगा। इसके साथ ऐसी सूचना, विवरण व दस्तावेज भी सलग्न होगे जो आयोग को ऐसी प्रगति के निर्धारण हेतु अपेक्षित हो।

(7) आयोग, यदि आवश्यक हो, आशोधन के साथ पारेषण अनुज्ञापी को पूजी निवेश योजना पर विचार करेगा व उसे अनुज्ञापी को पूजी निवेश योजना पर विचार करेगा व उसे अनुमोदित करेगा। एक दिये गये वर्ष के लिए पारेषण अनुज्ञापी की अनुमोदित निवेश योजना की तत्समान लागते इसकी राजस्व आवश्यकताओं हेतु विचार में ली जाएगी।

62. पूंजी लागत

(1) केवल ऐसे पूजी व्ययो पर जो आयोग के अनुमोदन से उपगत हुए हो या उपगत होने हैं जिनमे यू.ई.आर.सी. (कारोबार का सचालन) विनियम, 2004 मे विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार पूर्व स्वीकृति से छूट प्राप्त, सम्मिलित हैं, पर ही शुल्क के प्रयोजन से विचार किया जाएगा।

(2) अतिम शुल्क, पारेषण प्रणाली के स्वीकृत पूजी व्यय के आधार पर निर्धारित किया जाएगा तथा इसमे उच्चतम सीमा मानक के अधीन पूजीगत प्रारम्भिक स्पेयर्स सम्मिलित होगे।

(3) समय समय पर सशोधित इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स ऑफ इण्डिया के लेखाकरण मानक [illegible] पूजीगत व्यय परियोजनाओ की मूल लागत के अवधारण मे इन विनियमो से सगत सीमा तक लागू होगे।

63. पारेषण शुल्क के अवधारण हेतु याचिका

पारेषण अनुज्ञापी इन विनियमो के भाग- II के उपबंध का अनुपालन करते हुए समय-समय पर आयोग द्वारा अपेक्षित जानकारी आपेक्षित प्रपत्र मे विनियम 9 के अनुसार प्रस्तुत की गयी व्यावसायिक योजना पर आयोग के आदेश के आधार पर तथा ऐसी पारेषण प्रणाली के ऐतिहासिक कार्यनिष्पादन के अनुरूप अपनी राज्यान्तर्गत पारेषण प्रणाली के लिए शुल्कों के निर्धारण हेतु आवेदन करेगा।

64. प्रचालन के मानक

समय–समय पर आशोधनके अधीन, प्रचालन के मानक निम्नलिखित होगे:–

i) उपस्टेशन में अनुषगी ऊर्जा उपभोग

एयर कंडीशनिंग, लाइटिंग, तकनीकी उपभोग इत्यादि के प्रयोजन से उप स्टेशन मे अनुषगी ऊर्जा उपभोग के प्रभार पारेषण अनुज्ञापी द्वारा वहन किये जाएगे तथा मानकीय प्रचालन एव अनुरक्षण व्ययों में सम्मिलित किये जाएंगे।

ii) पूर्ण पारेषण प्रभारों की वसूली के लिए लक्ष्य उपलब्धता

(ए)	ए.सी. सिस्टम	:	98 प्रतिशत
(बी)	एच.वी.डी.सी. बाई–पोल लिंक्स	:	92 प्रतिशत
(सी)	एच.वी.डी.सी. बैक–टु–बैक स्टेशन्स	:	95 प्रतिशत

टिप्पणी –

(ए) लक्ष्य उपलब्धता के स्तर से नीचे स्थिर प्रभारो की वसूली यथानुपात आधार पर होगी। शून्य उपलब्धता पर कोई पारेषण प्रभार संदेय नहीं होंगे।

(बी) लक्ष्य उपलब्धता इन विनियमो के परिशिष्ट -IV मे दी गयी प्रक्रिया के अनुसार परिकलित की जाएगी तथा उत्तराखण्ड राज्य भार प्रेषण केन्द्र द्वारा प्रमाणित की जाएगी।

65. प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय

(1) प्रचालन एव अनुरक्षण (ओ एंड एम) व्ययो मे निम्नलिखित अन्तर्विष्ट होगा–

(ए) वेतन, मजदूरी, पेंशन अंशदान तथा अन्य कर्मचारी लागतें,

(बी) बीमा प्रभार, यदि कोई हैं, के साथ–साथ प्रशासनिक व सामान्य व्यय

(सी) मरम्मत व रख–रखाव व्यय,

(2) नियत्रण अवधि के प्रथम वर्ष हेतु ओ एड एम व्यय कुशल जाच व आयोग द्वारा उपयुक्त समझे गये किन्ही अन्य कारको के अधीन आधार वर्ष तक पिछले पाच वर्षों के लिए वास्तविक ओ एड एम व्ययो को ध्यान में रखते हुए आयोग द्वारा अनुमोदित किये जाएंगे।

(3) n^{th} वर्ष के लिए तथा साथ ही नियत्रण अवधि से तुरन्त पूर्ववर्ती वर्ष, अर्थात् 2012 13 के लिए ओ एड एम. व्यय, निम्नलिखित फॉर्मूला के आधार पर अनुमोदित किये जाएंगेः–

$$O\&Mn = R\&Mn + EMPn + A\&Gn$$

जहा,

- O&Mn - n^{th} वर्ष के लिए प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय
- EMPn - n^{th} वर्ष के लिए कर्मचारी लागतें
- R&Mn - n^{th} वर्ष के लिए मरम्मत व रख–रखाव लागतें
- A&Gn - n^{th} वर्ष के लिए प्रशासनिक व सामान्य लागतें

(4) उपरोक्त घटकों का संगणन निम्नलिखित तरीके से किया जाएगाः–

$$EMPn = (EMPn_{-1}) \times (1+Gn) \times (CPI\ inflation)$$

$$R\&Mn = K \times (GFAn_{-1}) \times (WPIinflation)\ and$$

$$A\&Gn = (A\&Gn_{-1}) \times (WPIinflation) + Provision$$

जहां,

- $EMPn_{-1}$ = $(n_{-1})^{th}$ वर्ष के लिए प्रचालन एव अनुरक्षण व्यय
- $A\&Gn_{-1}$= $(n_{-1})^{th}$ वर्ष के लिए प्रशासनिक व सामान्य लागते,
- Provision: कुशल जाच के पश्चात आयोग द्वारा अनुमोदित तथा पारेषण अनुज्ञापी द्वारा प्रस्तावित अन्य एक समय व्यय या पहल के लिए लागत
- K प्रतिशत मे आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट एक स्थिरांक है। नियत्रण अवधि हेतु प्रत्येक वर्ष के लिए K का मूल्य आयोग द्वारा अनुमोदित जी एफ ए के मुकाबले मे अनुमोदित मरम्मत एव रख रखाव व्यय मरम्मत व रखरखाव व्ययो के तलचिह्नीकरण पारेषण अनुज्ञापी की

फाईलिंग तथा आयोग द्वारा विचार किये गये किसी अन्य तथ्य के आधार पर एमवायटी आदेश में आयोग द्वारा अवधारित किया जाएगा

- CPIinflation = तुरन्त पूर्ववर्ती तीन वर्षों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में औसत वृद्धि है
- WPIinflation = तुरन्त पूर्ववर्ती तीन वर्षों के लिए थोक मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मे औसत वृद्धि है
- GFA_{n-1}= वर्ष के लिए पारेषण अनुज्ञापी की कुल स्थिर आस्तियां
- G_n = वर्ष के लिए एक वृद्धि कारक है। G_n का मूल्य पारेषण अनुज्ञापी की फाईलिंग, तलचिह्नीकरण या आयोग द्वारा उपयुक्त समझे गये किसी अन्य तथ्य के आधार पर अतिरिक्त जनशक्ति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए एमवायटी शुल्क आदेश मे आयोग द्वारा अवधारित किया जाएगाः

(5) परन्तु अवधारित मरम्मत रख–रखाव व्यय केवल मरम्मत व रख–रखाव के लिए ही उपयोग मे लाए जाने चाहियें।

66. गैर शुल्क आय

(1) आयोग द्वारा अनुमोदित पारेषण कारोबार से सबंधित गैर शुल्क आय की राशि, पारेषण अनुज्ञापी के वार्षिक पारेषण प्रभारों के अवधारण में कुल राजस्व आवश्यकता में से घटायी जाएगी

(2) परन्तु पारेषण अनुज्ञापी, समय समय पर आयोग द्वारा तय किये गये प्रपत्र मे आयोग का अपनी गैर शुल्क आय के पूर्वानुमान का पूर्ण विवरण प्रस्तुत करेगा।

(3) गैर शुल्क आय के लिए विचार किये जाने वाले विभिन्न शीर्षों की सांकेतिक सूची निम्नलिखित है -

[illegible] भूमि या भवन पर किराये से आय

[illegible] रद्दी की बिक्री से आय

(सी) सांविधिक निवेशों से आय

[illegible] बिलों के विलबित अथवा आस्थगित भुगतान पर ब्याज

(ई) आपूर्तिकर्ताओ/ठेकेदारों को अग्रिम पर ब्याज

[illegible] स्टाफ क्वार्टर्स से किराया

(जी) ठेकेदारो से किराया

(एच) ठेकेदारो व अन्यों से किराये प्रभार से आय

(आई) विज्ञापनों इत्यादि से आय

(जे) विविध प्राक्तियां

(के) भौतिक सत्यापन पर अधिप्राप्ति

(एल) निवेशों, स्थिर व मांग जमाओं और बैंक शेष पर ब्याज

(एम) पूर्व अवधि आय

परन्तु पारेषण अनुज्ञापी के विनियमित कारोबार के वर्तमान इक्विटी पर प्रतिफल पर किये निवेश से अर्जित ब्याज, गैर शुल्क आय में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

67. अन्य कारोबार से आय

जहा अधिनियम की धारा 41 के अधीन पारेषण अनुज्ञापी किसी अन्य कारोबार मे सलिप्त है वहा ऐसे अन्य कारोबार से सबधित सभी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लागतो को घटाने के पश्चात् ऐसे अन्य कारोबार से प्राप्त राजस्व के एक तिहाई के बराबर राशि, पारेषण अनुज्ञापी के वार्षिक पारेषण प्रभारो के परिकलन मे कुल राजस्व आवश्यकता में से घटाई जाएगी:

परन्तु पारेषण अनुज्ञापी, पारेषण कारोबार व अन्य कारोबारो के मध्य सभी सयुक्त व साझा लागतो के आवटन के लिए एक युक्तियुक्त आधार अपनाएगा तथा शुल्क के अवधारण हेतु अपने आवेदन के साथ आयोग को सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा प्रमाणित विधिवत् सपरीक्षित आवेदन विवरण प्रस्तुत करेगा

परन्तु आगे यह कि जहा ऐसे अन्य कारोबार की प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लागतो का कुल योग किसी भी कारण से ऐसे अन्य कारोबार के राजस्व से अधिक होता है, वहा ऐसे कारोबार के कारण पारेषण अनुज्ञापी की कुल राजस्व आवश्यकता में कोई भी राशि जोडे जाने की अनुमति नहीं होगी।

68. पारेषण प्रभारों का संगणन व भुगतान

(1) पारेषण अनुज्ञापी के लिए वार्षिक पारेषण प्रभारो का अवधारण इन विनियमो मे विनिर्दिष्ट मानको के आधार पर किया जाएगा तथा इनकी वसूली उपयोगकर्ताओ से मासिक आधार पर की जाएगी जो आवंटित पारेषण क्षमता के अनुपात में पारेषण प्रभारों में भागीदारी करेंगे।

परन्तु पारेषण प्रणाली उपयोगकर्ताओ द्वारा सदय् प्रभारो मे, अपने आदेश मे आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट [illegible]

(2) एक पारेषण प्रणाली या उसके भाग के लिए एक कैलेण्डर माह हेतु सदय पारेषण प्रभार (प्रोत्साहन सहित) का संगणन निम्नलिखित समीकरण के अनुसार किया जाएगा:

ATC X [NDM/NDY] X [TAFM/NATAF]

जहां,

ATC= वर्ष के लिए विनिर्दिष्ट वार्षिक पारेषण प्रभार, रूपयों में

NATAF = मानकीय वार्षिक पारेषण उपलब्धता कारक, प्रतिशत में,

NDM = माह में दिनों की सख्या

NDY = वर्ष में दिनों की संख्या

TAFM = माह के लिए पारेषण प्रणाली उपलब्धता कारक प्रतिशत मे, परिशिष्ट–IV के अनुसार संगणित

(3) उपरोक्त विनियम 68(2) के अनुसार आयोग द्वारा अवधारित मासिक पारेषण शुल्क मे, अपनी आवटित क्षमता के अनुपात मे मासिक आधार पर सभी दीर्घावधि व मध्यम अवधि उन्मुक्त अभिगमन ग्राहको (वर्तमान वितरण अनुज्ञापी सहित) द्वारा भागीदारी की जाएगी।

(4) पारेषण अनुज्ञापी अपने ही टी.ए.एफ.एम. के आकलन पर आधारित एक माह के लिए पारेषण प्रभार (प्रोत्साहन सहित) के लिए बिल जारी करेगा। यदि कोई समायोजन है तो वह सुसगत माह के अतिम दिन से 30 दिनो के भीतर एस.एल.डी.सी. द्वारा प्रमाणित किये गये टी.ए.एफ.एम. के आधार पर किया जाएगा।

69. उन्मुक्त अभिगमन लेन–देन

उन्मुक्त अभिगमन लेन देन से सबधित सभी मामले समय समय पर सशोधित व लागू उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (राज्यान्तर्गत उन्मुक्त अभिगमन हेतु निबंधन एव शर्तें, विनियम 2010 के अनुसार निपटाए जाएगे।

70. पारेषण हानियां

आयोग द्वारा अनुमोदित व राज्य भार प्रेषण केन्द्र द्वारा अवधारित पारेषण अनुज्ञापी की पारेषण प्रणाली मे ऊर्जा [illegible] अनुपातिक [illegible] उपयोगकर्ताओं द्वारा वहन की जाएंगी।

परन्तु आयोग पारेषण अनुज्ञापी पर लागू बहुवर्षीय शुल्क संरचना के भाग के रूप मे विनियम–10 के अनुसार पारेषण हानियो की कमी के लिए एक विक्षेप पथ तय कर सकता है

भाग – 7

वितरण खुदरा आपूर्ति हेतु शुल्क

71. प्रयोज्यता

(1) ये विनियम अपने उपभोक्ता को वितरण अनुज्ञापी द्वारा विद्युत की खुदरा बिक्री के लिए शुल्क के अवधारण हेतु लागू होगे।

परन्तु अपनी प्रणाली के उपयोग के लिए उन्मुक्त अभिगमन ग्राहको द्वारा वितरण अनुज्ञापी को सदेय [illegible] उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग, ([illegible] उन्मुक्त अभिगमन के लिए निबधन एव शर्ते) अधिनियम, 2010 के अनुसार अवधारित किये जाएगे

परन्तु यह भी कि एक उन्मुक्त अभिगमन उपभोक्ता जो एक पारेषण प्रणाली से सीधे जुडा हुआ है उसे कोई व्हीलिंग शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी।

72. नियंत्रण अवधि के प्रत्येक वित्त वर्ष हेतु कुल राजस्व आवश्यकता

(1) नियत्रण अवधि के प्रत्येक वित्त वर्ष हेतु वितरण अनुज्ञापी का कुल वार्षिक व्यय व इक्विटी पर प्रतिफल, इन विनियमो के निबधनो मे अनुमोदित व्ययो व प्रतिफल के आधार पर ज्ञात किया जाएगा।

(2) नियत्रण अवधि के प्रत्येक वित्त वर्ष हेतु वितरण अनुज्ञापी के खुदरा आपूर्ति शुल्क उस वित्त वर्ष के लिए राज्य सरकार से सहायिकी, यदि कोई है आयोग द्वारा अनुमोदित सुसगत वर्ष के लिए अतिरिक्त अधिभार व प्रति सहायिकी के कारण प्राप्तिया तथा अन्य कारोबार से आय, उन्मुक्त अभिगमन ग्राहको के सबध मे व्हीलिग से आय, गैर शुल्क आय की राशि द्वारा कम हुए, नियत्रण अवधि के प्रत्येक वित्त वर्ष हेतु वितरण अनुज्ञापी की कुल राजस्व आवश्यकता की वसूली का उपबध करेगे तथा इनमे निम्नलिखित अन्तर्विष्ट होगे.

(ए) ऊर्जा क्रय की लागत

(बी) पारेषण प्रभार

[illegible] की गयी फीस एवं शुल्क

(डी) ऋण पूंजी तथा उपभोक्ता प्रतिभूति जमा पर ब्याज

(ई) अमूर्त आस्तियों के परिशोधन सहित अवक्षय

(एफ) पट्टा प्रभार

(जी) प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय

(एच) कार्यरत पूंजी पर ब्याज

(आई) इक्विटी पूंजी पर प्रतिफल

(जे) आयकर

(3) विद्युत के विक्रय से शुद्ध राजस्व आवश्यकता – उपरोक्तानुसार कुल राजस्व आवश्यकता घटाकर

(ए) गैर शुल्क आय

(बी) उन्मुक्त अभिगमन ग्राहकों से वसूल किये गये व्हीलिंग प्रभारों से आय

(सी) विनियमों में विनिर्दिष्ट सीमा तक, अन्य कारोबार से आय

(डी) उन्मुक्त अभिगमन उपभोक्ताओ से प्रति सहायिकी अधिभार के कारण प्राप्तिया

(ई) उन्मुक्त अभिगमन उपभोक्ताओ से व्हीलिग के प्रभारो पर अतिरिक्त अधिभार के कारण प्राप्तियां

(एफ) विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 65 के अधीन सब्सिडी से अन्यथा राज्य सरकार से प्राप्त कोई राजस्व सब्सिडी या अनुदान

73. व्यावसायिक योजना

(1) प्रत्येक वितरण अनुज्ञापी इन विनियमो के भाग II मे अन्तर्विष्ट विनियम 9 में विनिर्दिष्ट तरीके से तथा समय समय पर आयोग द्वारा तय किये गये पूर्ण विवरणो के साथ 1 अप्रेल 2013 से 31 मार्च 2016 तक तीन (3) वित्त वर्षो की नियत्रण अवधि हेतु 31 मई 2012 तक एक व्यावसायिक योजना प्रस्तुत करेगा।

(2) इस व्यावसायिक योजना मे अन्य विवरणो के साथ साथ समय समय पर आयोग द्वारा, दिशा-निर्देशो के स्वरूप के अनुसार पूंजी निवेश योजना, वित्त पोषण योजना व भौतिक लक्ष्यो का समावेश होगा।

74. पूंजी निवेश योजना

(1) वितरण अनुज्ञापी व्यावसायिक योजना के एक भाग के रूप मे आयोग को भार वृद्धि, वितरण हानियो मे कमी, आपूर्ति की गुणवत्ता मे सुधार, विश्वसनीयता, मीटरिंग, उपभोक्ता सेवाओ इत्यादि की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नियंत्रण अवधि मे प्रत्येक वित्त वर्ष के लिए एक विस्तृत पूंजी निवेश योजना, वित्त पोषण योजना व भौतिक लक्ष्य फाईल करेगा।

(2) निवेश योजना भार वृद्धि, वितरण हानियो मे कमी आपूर्ति की गुणवत्ता मे सुधार, विश्वसनीयता मीटरिंग, इत्यादि की आवश्यकताओ को पूरा करने के लिए वितरण प्रणाली के सुदृढीकरण व संवर्धन पर निवेश करने के लिए एक न्यूनतम लागत योजना होगी।

(3) निवेश योजना मे नियत्रण अवधि मे वितरण अनुज्ञापी द्वारा ली जाने वाली सभी पूजी व्यय परियोजनाओ का समावेश होगा तथा ऐसे स्वरूप मे होगी जैसा समय समय पर आयोग तय करे।

(4) 250 करोड रूपये से अधिक के मूल्य की सभी पूजीगत व्यय योजनाओ के लिए आयोग की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होगी।

(5) निवेश योजना के साथ प्रस्तावित निवेशो विचार किये विकल्पो लागत/लाभ विश्लेषण तथा ऐसे अन्य पहलुओ [illegible] आवश्यकता प्रदर्शित करते हुए, ऐसी जानकारी, विवरण व दस्तावेज सलग्न किये जाएगे जो अपेक्षित हो, निवेश योजना मे पूंजीकरण अनुसूची व वित्त पोषण योजना सम्मिलित होगी।

(6) वितरण अनुज्ञापी, एम.वाय.टी. याचिका के साथ या वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा के आवेदन के साथ, ऐसी प्रगति के आकलन के लिए आयोग द्वारा अपेक्षित अन्य जानकारी विवरण दस्तावेजो के साथ पूंजीगत व्यय परियोजनाओं की प्रगति दर्शाते हुए विवरण प्रस्तुत करेगा।

(7) आयोग, अपेक्षित आशोधन के साथ वितरण अनुज्ञापी की पूजी निवेश योजना पर विचार करेगा व इसे अनुमोदित करेगा। एक दिये गये वर्ष हेतु वितरण अनुज्ञापी को अनुमोदित निवेश योजना के तत्समान लागतों पर, इसको राजस्व आवश्यकता हेतु विचार किया जाएगा।

75. वितरण खुदरा आपूर्ति शुल्क के अवधारण हेतु याचिका

(1) एक वितरण अनुज्ञापी इन विनियमो के भाग ५ के उपबधो का अनुपालन करते हुए खुदरा शुल्क के अवधारण हेतु याचिका दायर करेगा।

(2) आगामी वर्ष के लिए शुल्क के अवधारण हेतु वितरण अनुज्ञापी द्वारा दायर याचिका मे, इन विनियमो मे [illegible] वर्तमान वर्ष के लिए वास्तविक व आकलित आय तथा नियत्रण अवधि के सभी वर्षों के लिए पूर्वानुमानो व लक्ष्यों का समावेश होगा।

(3) आयोग इन विनियमो के अधीन विनिदिष्ट नियन्त्रण अवधि के लिए इन विनियमो मे नियत एम.वाय.टी. सिद्धान्तो पर वितरण अनुज्ञापी की वार्षिक राजस्व आवश्यकता का अवधारण करेगा।

76. विक्रय पूर्वानुमान

(1) मौसमी परिवर्तनो के प्रग्रहण की महत्ता को ध्यान मे रखते हुए नियंत्रण अवधि के लिए मासिक पूर्वानुमान जहा तक सम्भव हो पूर्व आकड़ो पर आधारित ऐसी उपभोक्ता श्रेणी उपश्रेणी के भीतर प्रत्येक शुल्क स्लैब के लिए तथा प्रत्येक उपभोक्ता श्रेणी, उपश्रेणी के सबध मे लगाया जाएगा तथा व्यावसायिक योजना के साथ अनुमोदन के लिए आयोग को प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व डाटा मे किसी असामान्यता को दूर करते हुए उपभोक्ताओं की संख्या संयोजित भार तथा ज्ञात व माप योग्य परिवर्तनो को प्रक्षेपित करने के लिए उपयुक्त समायोजन किया जाएगा

परन्तु जहा आयोग ने किसी विशेष शुल्क श्रेणी के लिए विक्रय पूर्वानुमान हेतु कार्य विधि नियत की है, वहा वितरण अनुज्ञापी ऐसी शुल्क श्रेणी हेतु विक्रय पूर्वानुमान निर्धारित करने मे ऐसी कार्य विधि अपनाएगा।

(2) अनमीटर्ड उपभोक्ताओ के लिए विक्रय पूर्वानुमान को समय समय पर आयोग द्वारा अनुमोदित मानको के साथ प्रमाणीकृत किया जाएगा।

(3) विक्रय पूर्वानुमान इन विनियमो के अधीन व्यावसायिक योजना के एक भाग के रूप मे जमा दीर्घावधि ऊर्जा प्रापण योजना के एक भाग के रूप में तैयार भार पूर्वानुमान के अनुरूप होगा।

(4) आयोग उपभोक्ताओ की संख्या मे वृद्धि पूर्व वर्षों मे संयोजित भार तथा ऊर्जा उपभोग अगले वर्ष मे अपेक्षित वृद्धि तथा कोई अन्य कारक जो आयोग सुसंगत समझे के आधार पर युक्तियुक्तता के लिए पूर्वानुमानो की जाच करेगा तथा जैसा उचित समझे वैसे आशोधनो के साथ उपभोक्ता को विद्युत की बिक्री अनुमोदित करेगा।

77. उपभोक्ताओं को विद्युत की बिक्री का अनुवीक्षण

(1) अनुमोदित विक्रय पूर्वानुमान के आधार पर वितरण अनुज्ञापी वर्ष के दौरान माग मे मौसमी परिवर्तन के ध्यान मे रखते हुए विभिन्न उपभोक्ता श्रेणियो को मासिक विक्रय की आवश्यकता ज्ञात करेगा

(2) वितरण अनुज्ञापी विभिन्न उपभोक्ता [illegible] को विक्रय का अनुवीक्षण करेगा तथा यह सुनिश्चित करेगा कि उपभोक्ता की किसी श्रेणी तक ही विद्युत विक्रय अनुचित रूप से सीमित नहीं है।

(3) वितरण अनुज्ञापी विभिन्न उपभोक्ता [illegible] को विद्युत के विक्रय के संबध मे [illegible] मासिक रिपोर्ट देगा

78. वितरण हानिया

(1) वितरण प्रणाली में ऊर्जा हानियां, वितरण हानि कहलाएगी।

(2) एक विशेष वोल्टेज स्तर तक या उससे ऊपर वितरण हानि का परिकलन वितरण प्रणाली मे प्रारभ में अन्तःक्षेपित ऊर्जा तथा उस स्तर तक विक्रय की गयी ऊर्जा व अगले स्तर तक प्रेषित ऊर्जा के योग के मध्य के अतर के रूप मे किया जाएगा, विक्रय की गयी ऊर्जा अनुमोदित मानको के आधार पर मीटरीकृत विक्रय व गैर मीटरीकृत विक्रय के आंकलन का योग होगी।

एक विशेष वोल्टेज स्तर तक या उससे ऊपर वितरण हानि प्रतिशत, वितरण प्रणाली मे प्रारम्भ मे अन्तःक्षेपित ऊर्जा के प्रतिशत के रूप मे उस स्तर तक वितरण हानि के सबध मे अभिव्यक्त किया जाएगा।

(3) आयोग सर्किल वार/डिविजन वार व/या माह वार वितरण हानि परिकलन पर जानकारी मागेगा

(4) वितरण हानि परिकलन की शुद्धि के लिए, आयोग [illegible] अनुज्ञापी से उचित व विश्वसनीय ऊर्जा लेखा परीक्षण करवाएगा।

(5) वितरण अनुज्ञापी आपूर्ति की वोल्टेज वार लागत के अवधारण हेतु नियत्रण अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए वोल्टेज वार हानिया भी प्रस्तावित करेगा आयोग नियत्रण अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए वितरण हानि विक्षेप पथ हेतु अनुज्ञापी द्वारा की गयी फाईलिग की जाच करेगा तथा जैसा आवश्यक समझे वैसे आशोधन के साथ अनुमोदित करेगा।

(6) आयोग, वितरण अनुज्ञापी से तकनीकी हानियो (लाईनो उपस्टेशनो व उपकरणो मे हानि) तथा वाणिज्यिक हानियो मीटर की अशुद्धियो/अपर्याप्तताओ ऊर्जा की चोरी इत्यादि के कारण अलेखित ऊर्जा मे पृथक करते हुए वोल्टेज वार वितरण हानियो पर विस्तृत जानकारी की माग कर सकेगा। आयोग वितरण हानि (तकनीकी हानि व वाणिज्यिक हानि मे पृथक-पृथक रूप से) के सबध मे वितरण अनुज्ञापी द्वारा की गयी फाईलिग की जाच करेगा तथा जैसा आवश्यक समझे वैसे आशोधन के साथ अनुमोदित करेगा।

(7) आयोग वितरण अनुज्ञापी द्वारा प्रस्तुत की गयी जानकारी के आधार पर, वितरण हानि स्तरों (तकनीकी व वाणिज्यिक) को क्रमश कार्यकुशलता व स्वीकृत मानकों तक लाने के लिए हानि मे कमी हेतु नियत्रण अवधि के प्रत्येक वर्ष के [illegible] लक्ष्य निर्धारित करेगा।

79. ऊर्जा की उपलब्धता

(1) शुल्क वर्ष के लिये, ऊर्जा की मासिक उपलब्धता निम्नलिखित के आधार पर सुनिश्चित की जायेगी।

i. केन्द्रीय/राज्य क्षेत्र उत्पादक स्टेशन।

(ए) केन्द्रीय/राज्य क्षेत्र उत्पादक स्टेशनो मे आबटित व अनाबटित क्षमता मे वितरण अनुज्ञापी की भागीदारी।

(बी) उत्पादकों द्वारा दिये गये प्रक्षेपणों पर तथा उत्पादकों से प्राप्त आपूर्ति के ऐतिहासिक डाटा के आधार पर प्रत्येक उत्पादक स्टेशन की संभावित उपलब्धता, या

(सी) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा निर्धारित स्टेशन के लिए पी एल एफ/उत्पादन लक्ष्य, या

(डी) किसी नियोजित अनुरक्षण या बंदी के लिए समायोजित स्टेशन का ऐतिहासिक कार्य निष्पादन।

ii. अन्य स्रोतों से

(ए) किसी अन्य वितरण अनुज्ञापी, बोर्ड या ट्रेडिंग अनुज्ञापी के साथ वितरण अनुज्ञापी का बैंकिंग करार।

(बी) ऊर्जा के क्रय से संबंधित किसी वितरण अनुज्ञापी, बोर्ड, उत्पादक कंपनी या ट्रेडिंग अनुज्ञापी के साथ वितरण अनुज्ञापी का करार।

80. ऊर्जा क्रय की आवश्यकता का आंकलन।

(1) वितरण अनुज्ञापी अपने आपूर्ति क्षेत्र में विद्युत की मांग पूरी करने हेतु ऊर्जा के प्रापण के लिए एक दीर्घावधि योजना तैयार करेगा तथा व्यावसायिक योजना याचिका/ एम वाय टी याचिका के साथ ऐसी योजना को आयोग के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करेगा. लघु अवधि प्रापण योजना तैयार करते समय निम्नलिखित का ध्यान रखना चाहिये:

(ए) नियन्त्रण अवधि के दौरान प्रत्येक शुल्क श्रेणी से आपूर्ति क्षेत्र के भीतर विद्युत की निवल मांग का मात्रात्मक पूर्वानुमान,

(बी) उत्पादन के स्वीकृत स्रोतों से विद्युत आपूर्ति तथा ऊर्जा क्रय की मात्राओं का आकलन।

(सी) ऊर्जा संरक्षण व ऊर्जा दक्षता के संबंध में लागू किये जाने के लिये प्रस्तावित उपाय

(डी) नवीकरणीय ऊर्जा प्रतिशत का न्यूनतम अंश।

(ई) ऊर्जा उत्पादन व/या प्रापण के नये स्रोतों के लिये आवश्यकता।

(एफ) पारेषण व वितरण हानियों का अनुमोदित स्तर।

(2) वितरण अनुज्ञापी की ऊर्जा प्रापण योजना में आयोग द्वारा अनुमोदित ऐसी तिमाही के लिये ऊर्जा प्रापण [illegible] योजना में उल्लिखित से अन्यथा स्रोतों से किसी प्रापण या प्राप्त ऊर्जा की लागत या मात्रा में एक वित्त वर्ष की किसी तिमाही में कोई परिवर्तन आयोग की पूर्वानुमति से ही किया जायेगा।

(3) जहाँ वित्त वर्ष की अवधि में आपूर्ति के किसी अनुमोदित स्रोत से विद्युत की आपूर्ति में कोई कमी या रुकावट आई हो वहां वितरण अनुज्ञापी आयोग की पूर्वानुमति से, बिना ऊर्जा के प्रापण के लिए एक

लघु अवधि करार कर व्यवस्था कर सकेगा जहाँ ऐसी व्यवस्था या करार के अधीन प्राप्त ऊर्जा के लिये शुल्क का अवधारण निम्नलिखित के अनुसार होता हो।

(ए) केन्द्र सरकार द्वारा प्रतियोगी बोली दिशा निर्देशो के अनुसार बोली की पारदर्शी प्रक्रिया

(बी) जब उपयुक्त आयोग द्वारा ऐसे उत्पादक स्टेशनो का शुल्क अनुमोदित कर दिया गया हो

(सी) जब आयोग के किसी आकस्मिक स्थिति के अधीन ऊर्जा प्रापण के लिये न्यूनतम व अधिकतम सीमा मूल्य विनिर्दिष्ट किया हो व ऊर्जा क्रय मूल्य बैंड के भीतर हो।

(डी) जब वितरण अनुज्ञापी ने आपूर्ति के एक नये लघु अवधि स्रोत की पहचान कर ली हो जिसके द्वारा ऐसे शुल्क से ऊर्जा उत्पन्न की जा सकती है जो उसकी कुल ऊर्जा प्रापण लागत कम [illegible] जैसे अन्य ट्रेडिग मंचों से ऊर्जा प्रामण सम्मिलित होगा।

(ई) बैंकिंग लेने–देन के रूप में प्रापण।

(एफ) जब ऐसी आपात परिस्थितियो से सामना हो जिनसे वितरण प्रणाली की स्थिरता को खतरा हो, या ग्रिड विफलता को रोकने के लिये राज्य भार प्रेषण केन्द्र द्वारा ऐसा करने का निर्देश दिया गया हो।

परन्तु ऐसे मामलो, मे वितरण प्रणाली अनुज्ञापी एसे ऊर्जा प्रापण जिसके लिए पूर्वानुमति न ली गई हो के लिए 15 दिन के भीतर आयोग से कार्योत्तर अनुमति प्राप्त करेगा।

(4) राज्य के बाहर के स्रोतो से [illegible] सहमत या आर एल डी सी/एस एल डी सी/के ऊर्जा लेखो से ज्ञात पारेषण हानि स्तर, दोनो मे से जो कम हो से स्वीकार किया जायेगा

(5) आयोग ऐसे आशोधन के साथ ऊर्जा क्रय आवश्यकता का सवीक्षण व अनुमोदन करेगा जिसे आगामी वर्ष के लिए तथा विचाराधीन शुल्क अवधि के लिये वह आवश्यक समझे।

81. ऊर्जा क्रय लागत

(1) आयोग द्वारा अनुमोदित ऊर्जा क्रय/बैंकिग/ट्रेडिंग करार पर वितरण अनुज्ञापी की ऊर्जा क्रय लागत अवधारित करने के लिए विचार किया जायेगा।

(2) नियन्त्रण अवधि के लिये [illegible] ऊर्जा [illegible] वितरण अनुज्ञापी की आवश्यकता नियन्त्रण अवधि [illegible] हानि स्तर व पारेषण हानि विक्रय पूर्वानुमान के आधार पर आकलित की जायेगा।

(3) नियन्त्रण अवधि के लिये राज्य उत्पादक स्टेशनो से प्राप्त विद्युत की लागत, ऐसे उत्पादक स्टेशन से विद्युत के क्रय हेतु आयोग द्वारा अनुमोदित शुल्को पर आधारित होगी तथा केन्द्रीय क्षेत्र के उत्पादक

स्टेशन से प्राप्त विद्युत की लागत ऐसे उत्पादक स्टेशनो के लिये केन्द्र विद्युत नियामक आयोग द्वारा अनुमोदित शुल्को पर आधारित होगी अन्य स्रोतो से प्राप्त ऊर्जा की लागत आयोग द्वारा अनुमोदित ऊर्जा क्रय/बैंकिंग/ट्रेडिंग करार के अनुसार होगी।

(4) नियन्त्रण अवधि के विभिन्न वर्षो के लिये वितरण अनुज्ञापी की ऊर्जा क्रय लागत श्रेष्ठता क्रम सिद्धान्त के आधार पर आकलित की जायेगी। सभी ऊर्जा क्रय लागतो को तब तक विधि सम्मत समझा जायेगा जब तक कि यह स्थापित न हो जाये कि श्रेष्ठता क्रय सिद्धान्त का भौतिक रूप से उल्लंघन हुआ है या ऊर्जा का क्रय अयुक्तियुक्त दरों पर हुआ है।

(5) नियन्त्रण अवधि के विभिन्न वर्षो के लिए वितरण अनुज्ञापी की कुल ऊर्जा क्रय लागत का अवधारण करने के लिये आयोग वितरण अनुज्ञापी के नवीकरणीय क्रय दायित्व तथा सुसंगत विनियमों आदेशों के अधीन विभिन्न प्रकार के नवीकरणीय स्रोतो के लिये आयोग द्वारा अवधारित शुल्कों पर भी विचार करेगा।

(6) जहॉं अन्तर्राज्यीय पारेषण प्रभार, केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग के आदेशो के अनुसार आकलित किये जायेगे वही राज्यान्तर्गत पारेषण प्रभारो का आकलन समय-समय पर आयोग द्वारा अनुमोदित पारेषण शुल्को के अनुसार किया जायेगा। इसके अतिरिक्त, भार प्रेषण सेवाओ का उपयोग करने के लिये प्रणाली प्रचालकों (राष्ट्रीय भार प्रेषण केन्द्र, क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र, राज्य भार प्रेषण, इत्यादि) को देय भार प्रेषण प्रभारो का आकलन, समय समय पर उपयुक्त आयोग द्वारा अनुमोदित फीस व प्रभारो के अनुसार किया जायेगा राज्य के बाहर विक्रय की गई ऊर्जा के लिए भुगतान किये गये एस एल डी सी प्रभारों, शुल्क अवधारण के लिये व्ययों के रूप में विचार नहीं किया जायेगा।

82. ऊर्जा क्रय में परिवर्तन

वितरण अनुज्ञापी द्वारा आयोग द्वारा अनुमोदित ऊर्जा की आवश्यकता से अधिक क्रय की गई किसी ऊर्जा पर व किसी वर्ष में ऊर्जा क्रय में कमी में परिवर्तन पर तब विचार किया जायेगा जब यह वितरण अनुज्ञापी के युक्तियुक्त नियन्त्रण से बाहर के कारणों से हो तथा परिणामी वित्तीय लाभ या हानि अगले वर्ष के शुल्क में समायोजित किया जायेगा।

83. ईंधन प्रभार समायोजन (एफ सी ए)

(1) [illegible] होगे।

(2) एफ सी ए प्रभार स्वय के उत्पादक स्टेशनो से उत्पादित ऊर्जा, व इन विनियमे के अनुसार ऐसी लागते लगने के पश्चात किसी माह के दौरान प्राप्त की गई ऊर्जा से सबधित लागतो मे वास्तविक परिवर्तन के आधार पर सगणित व प्रभारित किये जायेगे तथा इनका सगणन ईंधन लागतो मे आकलित या अपेक्षित परिवर्तन के आधार पर नहीं किया जायेगा।

(3) तिमाही के लिये एफ सी ए प्रभार तिमाही समाप्ति के 15 दिनो के भीतर सगणित किये जायेगे तथा आयोग की पूर्वानुमति के बिना दूसरी तिमाही के ही पहले माह से तिमाही हेतु प्रभारित होगे तथा कम या अधिक वसूली अगली तिमाही के लिए अग्रनीत की जायेगी।

(4) वितरण अनुज्ञापी आयोग के कार्योत्तर अनुमोदन हेतु तिमाही के अत के 30 दिनो की भीतर आयोग द्वारा प्रभार [illegible] हेतु आवश्यक विस्तृत [illegible] समर्थक दस्तावेजों के साथ [illegible] तिमाही [illegible] सभी उपभोक्ताओ पर उपगत व उपगत होने वाली वृद्धिकारक ईंधन लागत का विवरण जमा करेगा।

(5) आयोग, एफ सी ए सगणनो की जॉच करेगा तथा यदि आवश्यक हुआ तो दूसरी तिमाही के अत से पहले आशोधन के साथ इसे अनुमोदित करेगा। वितरण अनुज्ञापी कद्वारा प्रभारित एफ सी ए तथा आयोग द्वारा अनुमोदित एफ सी ए में कोई अतर पश्चात वर्ती तिमाही के एफ सी ए सगणन मे समायोजित किया जायेगा।

(6) यदि वितरण अनुज्ञापी, नियमित रूप से उपभोक्ता से अन्यायपूर्ण एफ सी ए प्रभार प्रभारित करने का दोषी पाया जाता है तो आयोग, अन्यायपूर्ण प्रभारों को ब्याज के साथ समायोजित करेगा।

(7) वितरण अनुज्ञापी शुल्क डिजायन मे एक घटक के रूप मे एफ सी ए प्रभार नियमित करने के लिये बिलिग व आई टी प्रणालियों का उन्नयन करेगा।

(8) एफ सी ए के संगणन हेतु फार्मूला निम्नलिखित रूप में होगा :–

FCA (करोड़ रूपये) = C + B,

जहॉ FCA = ईंधन लागत संशोधन

C = ईंधन लागत में [illegible] क्रय की लागत में परिवर्तन,

B = पूर्व तिमाही हेतु अधिक वसूली / कम वसूली के लिए समायोजन कारण।

C (करोड़ रूपये) = AFC Gen + AFC, PP

जहां :

AFC Gen : स्वयं के उत्पादन की ईंधन लागत में परिवर्तन।

इसका संगणन ऊष्मा दर अनुषंगी उपभोग, उत्पादन तथा ऊर्जा क्रय मिश्र, इत्यादित सहित आयोग के मानकों व निर्देशों के आधार पर संगणित किया जायेगा।

AFC, PP : अन्य स्रोतो से प्राप्त ऊर्जा प्रभारो मे परिवर्तन। यह परिवर्तन उस सीमा तक किया जायेगा, जहाँ तक वह लागू मानको के अधीन तथा इन विनियमो व प्रचलित शुल्क आदेश मे निर्धारित मानदण्ड को पूरा करता हो।

(9) किसी श्रेणी के लिये एफ सी ए प्रभार संबधित श्रेणी के लिये आधार ऊर्जा का 10 प्रतिशत या समय समय पर आयोग द्वारा निर्धारित किसी ऐसी सीमा से अधिक नहीं होंगे।

परन्तु उपरोक्त सीमा से अधिक एफ सी ए प्रभार मे किसी अधिकता को वितरण अनुज्ञापी द्वारा अग्रनीत किया जायेगा तथा भविष्य की ऐसी अवधि मे वसूल किया जायेगा जो आयोग द्वारा निर्देशित की जाये

(10) एफ सी ए प्रभार का परिकलन निम्नलिखित फार्मूला के अनुसार किया जायेगा :

औसत एफ सी ए प्रभार (रू0/ के डब्ल्यू एच) त्र ,एफ सी ए/मीटरीकृत विक्रय अनमीटरीकृत उपभोक्ता आकलन, अधिवितरण हानियॉं) ' 10

अधिवितरण हानि त्र ऊर्जा लागत त्र ऊर्जा विक्रय (आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट वितरण हानि 'ऊर्जा उपगत)

(11) श्रेणीवार एफ सी ए प्रभार (रू0/के डब्ल्यू एच) निम्नलिखित फार्मूला के आधार पर परिकलित किये जायेंगेः—

औसत एफ सी ए (रू0/के डब्ल्यू एच मे, वर्ष के लिये ” शुल्क आदेश मे अनुमोदित वितरण अनुज्ञापी की औसत बिलिंग दर (ए वी आर) (रू0/के डब्ल्यू एच मे)/वर्ष के लिये शुल्क आदेश के अनुमोदित उपभोक्ता की औसत बिलिंग दर ;ठत्द्ध (रू0/के डब्ल्यू एच में)

84. प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय

(1) प्रचालन एवं अनुरक्षण (ओ एंड एम) व्ययों में निम्नलिखित का समावेश होगाः

(ए) वेतन, मजदूरी, पेंशन अंशदान व अन्य कर्मचारी लागतें।

(बी) बीमा प्रभार, यदि कुछ है के साथ प्रशासनिक व सामान्य व्यय।

(सी) मरम्मत व रख—रखाव व्यय।

(2) नियन्त्रण अवधि के प्रथम वर्ष के लिए ओ एड एम व्यय, कुशल जाच व आयोग द्वारा उपयुक्त समझे गये किसी अन्य कारक के अधीन आधार वर्ष तक पिछले पाच वर्षो के लिए वास्तविक ओ एड-एम व्ययो को ध्यान में रखते हुए आयोग द्वारा अनुमोदित किये जायेंगे।

(3) n^{th} वर्ष के लिए तथा साथ नियन्त्रण अवधि से ठीक पहले वर्ष अर्थात 2012 13 के लिए ओ एड एम व्यय नीचे दिये फार्मूला के आधार पर अनुमोदित किये जायेगे:

O & Mn = R & Mn + EMPn +A & Gn ः

जहाँ,

- O & Mn = n^{th} वर्ष के लिये प्रचालन एव अनुरक्षण व्यय
- EMPn = n^{th} वर्ष के लिये कर्मचारी लागतें
- R & Mn = n^{th} वर्ष के लिये मरम्मत व रखरखाव लागतें
- A & Gn = n^{th} वर्ष के लिये प्रशासनिक व सामान्य लागते

(4) उपरोक्त घटकों का संगणन नीचे दिये तरीके से किया जायेगा :

EMPn = (EMPn-1) x (1+Gn) x (CP nblation)

R & Mn = K (GNAn-1) x (WPl nblation)+ Provision

A & Gn = (A & Gn)x = (WPl nblation)+ Provision

जहाँ,

- EMPn-1 = (n-1) वर्ष के लिये कर्मचारी लागतें
- A & Gn-1 =(n-1) वर्ष के लिये प्रशासनिक एवं सामान्य लागतें
- Provision - वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रस्तावित तथा आयोग द्वारा प्रमाणित एक समय व्ययों या पहलों के लिये लागत।
- 'K" आयोग द्वारा %, मे विनिर्दिष्ट एक स्थिरांक है नियन्त्रण अवधि के लिए K का मूल्य पूर्व मे [illegible] रख रखाव व्यय रख-रखाव व्ययो के तल चिन्हीकरण, फाइलिंग तथा आयोग द्वारा उपयुक्त [illegible] होगा।

- CPInblation – ठीक पूर्व तीन वर्ष के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकाक (सी पी आई) मे औसत वृद्वि है।
- Inflation – ठीक पूर्व तीन वर्षो के लिए थोक मूल्य सूचकाक (सी पी आई) मे औसत वृद्वि है।
- CF An-1 = na-1 th वर्ष के लिए पारेषण अनुज्ञापी की कुल स्थिर आस्तिया।
- Gn = nth वर्ष के लिए एक वृद्वि कारक है। Gn का मूल्य अनुज्ञापी की फाईलिग तल चिह्नीकरण तथा आयोग द्वारा उपयुक्त समझे गये किसी अन्य कारक के आधार पर अतिरिक्त जनशक्ति की आवश्यकता पूरी करने के लिए एम वाय टी शुल्क आदेश मे आयोग द्वारा अवधारित किया जायेगा।

  परन्तु अवधारित मरम्मत एव रख रखाव व्यय केवल मरम्मत एव रख रखाव कार्यो के लिए ही उपयोग में लाये जायेंगे।

85. उपभोक्ता प्रतिभूति जमाओं पर ब्याज

उपभोक्ता प्रतिभूति जमाओ पर ब्याज, समय समय पर आयोग द्वारा निर्धारित दर होगा।

86. गैर शुल्क आय

आयोग द्वारा अनुमोदित वितरण कारोबार तथा/या खुदरा आपूर्ति कारोबार से सबधित गैर शुल्क आय की राशि, वितरण अनुज्ञापी विद्युत खुदरा विक्रय से राजस्व आवश्यकता के परिकलन मे कुल राजस्व आवश्यकता से कटायी जायेगी:

परन्तु वितरण अनुज्ञापी, शुल्क के अवधाण हेतु आवेदन के साथ आयोग को अपनी गैर शुल्क आय का पूर्वानुमान का पूर्ण विवरण प्रस्तुत करेगा।

गैर शुल्क आय के लिये विचार हेतु विभिन्न शीर्षो की सांकेतिक सूची निम्नलिखित होगा

(ए) भूमि या भवनों के किराये से आय।
(बी) रद्दी के विक्रय से आय।
(सी) सांविधिक निवेशों से आय।
(डी) बिलों पर विलंबित या आस्थगित भुगतानों पर ब्याज।
(ई) आपूर्तिकर्ताओं/संविदाकारों को अग्रिम पर ब्याज।
(एफ) स्टाफ क्वार्टर्स से किराया।

(जी) संविदाकारों से किराया।

(एच) संविदाकारों व अन्यों से किराया प्रभार से आय।

(आई) विज्ञापनों इत्यादि से आय।

(जे) विभिन्न प्राप्तियॉ

(के) आपूर्तिकर्ताओं की अग्रिम पर ब्याज।

(एल) भौतिक सत्यापन पर अधि प्राप्ति।

(एम) पूर्व अवधि आय।

87. व्हीलिंग प्रभारों से आय।

समय समय पर सशोधित उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (राज्यान्तर्गत उन्मुक्त अभिगमन के निबधन एव शर्तें) विनियम, 2010 के अनुसार आयोग द्वारा अनुमोदित व्हीलिग प्रभारो से किसी आय की राशि, वितरण अनुज्ञापी के विद्युत के खुदरा विक्रय से राजस्व आवश्यकता के परिकलन में कुल राजस्व आवश्यकता से घटायी जायेगी।

88. अन्य कारोबारों से आय।

जहॉ वितरण अनुज्ञापी किसी अन्य कारोबार मे सलिप्त हो वहॉ ऐसे अन्य कारोबार की सभी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लागतो को घटाने के पश्चात् ऐसे अन्य कारोबार से प्राप्त राजस्वो के एक तिहाई के बराबर राशि, वितरण अनुज्ञापी के विद्युत के खुदरा विक्रय से राजस्व आवश्यकता के परिकलन मे कुल राजस्व आवश्यकता से घटायी जायेगी।

परन्तु वितरण अनुज्ञापी, वितरण कारोबार व अन्य कारोबार के मध्य अभी सयुक्त साझा लागतो के आबटन के लिए एक युक्तियुक्त आधार अपनायेगा तथा शुल्क आवेदन हेतु अपने आवेदन के साथ आयोग के पास सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा विधिवत सपरीक्षित व प्रमाणित आबटन विवरणी जमा करेगा,

परन्तु आगे यह कि एक बार आयोग द्वारा विनियामक लेखो के प्रस्तुतीकरण हेतु विनियम अधिसूचित हो जाने पर शुल्क अवधारण व सहीकरण के लिए आवेदन विनियामक लेखो पर आधारित होना चाहिये

परन्तु आगे यह भी कि जहा ऐसे अन्य कारोबार की प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लागतो का कुल योग ऐसे अन्य कारोबार [illegible] से अधिक हो जाता है [illegible] ऐसे अन्य कारोबार के [illegible] वितरण अनुज्ञापी की कुल राजस्व आवश्यकता मे किसी राशि के जोडे जाने की अनुमति नही होगी।

89. प्रति सहायिकी अधिभार तथा अतिरिक्त अधिभार प्रभार के कारण प्राप्तियॉ।

(1) समय समय पर सशोधित उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (राज्यान्तर्गत उन्मुक्त अभिगमन के निबधन एव शर्ते) अधिनियम, 2010 के अनुसार आयोग द्वारा अनुमोदित प्रति सहायिकी अधिभार के द्वारा वितरण अनुज्ञापी द्वारा प्राप्त राशि ऐसे वितरण अनुज्ञापी के विद्युत के खुदरा विक्रय से राजस्व आवश्यकता के परिकलन में कुल राजस्व आवश्यकता में से घटायी जायेगी।

(2) वितरण अनुज्ञापी द्वारा समय समय पर सशोधित उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (राज्यान्तर्गत उन्मुक्त अधिगमन के निबधन एव शर्ते) अधिनियम 2010 के अनुसार आयोग द्वारा अनुमोदित ऐसे वितरण अनुज्ञापी से अन्यत्र अनुज्ञापी या [illegible] कम्पनी से विद्युत की आपूर्ति चुनने वाले ऐसे वितरण अनुज्ञापी के उपभोक्ताओ से अतिरिक्त अधिभार के द्वारा प्राप्त राशि ऐसे वितरण के विद्युत के खुदरा विक्रय से राजस्व आवश्यकता के परिकलन मे कुल राजस्व आवश्यकता से घटायी जायेगी।

90. राज्य सरकार सहायिकी।

(1) यदि राज्य सरकार, अग्रिम मे या शुल्क फाईल करते समय उपभोक्ताओ की किसी विशेष श्रेणी के लिये विद्युत अधिनियम की धारा 65 के अधीन सहायिकी घोषित करती है तो आयोग दो शुल्क अनुसूची अधिसूचित करेगा, एक सहायिकी के साथ तथा दूसरी बिना सहायिकी के।

(2) यदि राज्य सरकार शुल्क आदेश की अधिसूचना के पश्चात उपभोक्ताओ की किसी विशेष श्रेणी के लिये सहायिकी घोषित करती है तो अनुज्ञापी इस शुल्क मे सम्मिलित करेगा तथा सशोधित शुल्क अनुसूची को आयोग के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करेगा।

परन्तु सरकार की उपबधित या घोषित सहायिकी के साथ भुगतान की समय अनुसूची, सहायिकी के भुगतान का माध्यम तथा इमदादी श्रेणियो मे सहायिकी राशि के वर्गीकरण के दस्तावेजी साक्ष्य होगा।

(3) सरकार द्वारा सहायिकी के संवितरण न करने या विलम्बित संवितरण के मामले मे अनुज्ञापी ऐसी शुल्क अनुसूची के अनुसार उपभोक्ताओं से प्रभारित करेगा जिसे आयोग द्वारा सरकारी सहायिकी के बिना अनुमोदित किया गया है।

91. वर्तमान शुल्क पर राजस्व।

(1) उपभोक्ताओ को विद्युत की आपूर्ति से [illegible] निर्धारण उपभोक्ताओ की विभिन्न श्रेणी [illegible] विक्रय किये जाने के लिए आकलित विद्युत की मात्रा के आधार पर किया जायेगा

(2) शुल्क वर्ष के लिये, शुद्ध ए आर आर तथा प्रचलित शुल्क पर पूर्वानुमानित राजस्व के मध्य का अतर राजस्व अन्तराल कहलायेगा।

(3) राजस्व अंतराल को आयोग द्वारा अनुमोदित, दक्षता में सुधार, सुरक्षितियो का उपयोग, शुल्क परिवर्तन इत्यादि जैसे अवयवों से भरा जायेगा।

92. आपूर्ति की लागत।

विभिन्न श्रेणियो/वोल्टेज्ज के लिये शुल्क को तलचिह्नित किया जायेगा तथा यह अपने प्रचालन मे वितरण अनुज्ञापी द्वारा किया बुद्धिमत्तापूर्वक उपगत लागतो पर आधारित लागत को उत्तरोत्तर प्रक्षेपित करेगा। आपूर्ति की श्रेणी वार/वोल्टेजवार लागत मे भार कारक, वोल्टेज, तकनीकी व वाणिज्यिक हानियो की सीमा इत्यादि जैसे कारक होगे। उच्च वोल्टेज पर विद्युतत प्राप्त कर रहे उपभोक्ता, आयोग द्वारा तय की गई उपयुक्त छूट के [illegible] होंगे। तकनीकी श्रेणीवार, [illegible] आपूर्ति [illegible] युक्तियुक्त रूप से स्थापित करने [illegible] जानकारी की उपलब्धता विलंबित रहने तक शुल्को के अवधारण हेतु आपूर्ति की औसत लागत का उपयोग तलचिह्न के रूप में किया जायेगा।

93. खुदरा आपूर्ति शुल्क का अवधारण।

(1) विद्युत की खुदरा आपूर्ति हेतु शुल्क का अवधारण करते समय आयोग, अधिनियम की धारा 61 व 62 के उपबंधों से दिशा निर्देशित होगा।

(2) आयोग, शुल्क का अवधारण करते समय विद्युत के किसी उपभोक्ता को अनुचित अधिमान नही देगा किंतु उपभोक्ता के भार कारक, वोल्टेज, किसी विनिर्दिष्ट अवधि या समय जिसमे आपूर्ति की आवश्यकता है, के दौरान विद्युत के कुल उपभोग या किसी क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, आपूर्ति का स्वभाव तथा प्रयोजन जिस के लिये आपूर्ति आवश्यक है, के अनुसार भेद करेगा

(3) शुल्क याचिका मे वितरण अनुज्ञापी, उपभोक्ताओ की विभिन्न श्रेणी के लिये उपयुक्त शुल्क संरचना प्रस्तावित करेगा। वितरण अनुज्ञापी इसके अतिरिक्त ऐसे कार्यान्वयन के लिए उसके द्वारा समझी गई श्रेणियों के लिये के वी ए एच/टी ओ डी आधारित शुल्क प्रस्तावित करेगा।

(4) आयोग एक सरल समझने में आसान [illegible] संगत शुल्क संरचना निर्धारित करने के लिए श्रेणियों व उप श्रेणियों को विलीन करेगा।

94. वितरण अनुज्ञापी का कार्य निष्पादन।

(1) [illegible] वितरण अनुज्ञापी [illegible] सेवा की गुणवत्ता एक महत्वपूर्ण [illegible] तथा इसका निर्णय आयोग द्वारा तय किये गये कार्य निष्पादन के मानको के वित्तरण अनुज्ञापी द्वारा अनुपालन की सीमा द्वारा तय किया जायेगा।

(2) आयोग एक पृथक आदेश द्वारा आपूर्ति उपलब्धता, तारो की उपलब्धता ट्रासपोर्ट विफलता दर मे कमी वोल्टेज असन्तुलन मे कमी अकार्यरत/त्रुटिपूर्ण मीटरो इत्यादि मे कमी इत्यादि जैसी वितरण प्रणाली के तकनीकी सुधार के लिये दीर्घावधि लक्ष्य निर्धारित करेगा।

भाग–3

एस एल डी सी प्रभार

95. प्रयोज्यता।

इस भाग के [illegible] राज्यान्तर्गत पारेषण प्रणाली के उपयोगकर्ताओं जैसे उत्पादक कम्पनियो अनुज्ञप्तियो (अर्थात पारेषण वितरण व ट्रेडिंग कपनिया तथा उन्मुक्त अभिगमन ग्राहक, पर लागू होगे जिनका अनुवीक्षण/सेवा राज्य भार प्रेषण केन्द्र (एस एल डी सी)द्वारा होती है तथा एस एल डी सी द्वारा सग्रहित किये जाने वाले फीस व प्रभारों के अवधारण हेतु उपयोग किया जाता है।

96. एस एल डी सी के साथ रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन।

(1) राज्यान्तर्गत पारेषण प्रणाली का प्रत्यक उपयोगकर्ता जो एस एल डी सी के कार्यक्षेत्र के अधीन आता है, [illegible] के रूप मे ही फोर्म या समय समय पर आयोग द्वारा निर्धारित सशोधित फार्म के साथ एस एल डी सी के पास आवदन कर, इन विनियमो के प्रवृत्त होने के एक माह के भीतर स्वय को एस एल डी सी के साथ रजिस्टर करवा देगा।

(2) एस एल डी सी के कार्यक्षेत्र के अधीन आने वाले, राज्यान्तर्गत पारेषण प्रणाली के नये उपयोगकर्ता, [illegible] राज्यान्तर्गत पारेषण प्रणाली से संयोजन की प्रस्तावित तिथि से कम से कम एक माह पूर्व, एस एल डी सी के पास आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

(3) आवेदन मे दी गई जानकारी के पूर्ण व सही होने की सन्तुष्टि होने के पश्चात एस एल डी सी अपने अभिलेखो मे आवेदन का रजिस्टर करेगा तथा आवेदन को ऐसे रजिस्ट्रीकरण की विधिवत सूचना देगा।

(4) एस एल डी सी अपनी वेब साईट पर एक पृथक वेब पेज पर राज्यान्तर्गत पारेषण प्रणाली से जुड़े [illegible] इसके द्वारा अनुवीक्षण/सेवा दी जा रही सभी उपयोगकर्ताओं के सबध मे [illegible] जानकारी रखेगा।

97. एस एल डी सी प्रभारों के अवधारण हेतु याचिका।

(1) एस एल डी सी आगामी वर्ष के आरम्भ से अधिकतम् चार माह के भीतर उक्त आगामी वित्त वर्ष के लिये अपनी कुल राजस्व आवश्यकता के परिकलन का पूर्ण विवतरण आयोग को उपलब्ध करायेगा

(2) नियन्त्रण अवधि के प्रत्येक वित्त वर्ष के लिय एस एल डी सी के कुल वार्षिक व्यय व इक्विटि पर प्रतिफल इन विनियमो के निबधनो मे अनुमोदित व्ययो व प्रतिफल के आधार पर ज्ञात किये जायेगे

(3) एस एल डी सी इन विनियमो के अनुरूप अनुवीक्षण व सेवा पा रहे राज्यान्तर्गत पारेषण प्रणाली के सभी उपयोगकर्ताओ को प्रभारों का प्रस्तावित आबटन भी फाईल करेगा। इसके अतिरिक्त एस एल डी सी इसके द्वारा अनुवीक्षण व सेवा पर रहे राज्यान्तर्गत पारेषण प्रणाली के सभी उपयोगर्ताओ को प्रभारो के आबटन के लिए प्रस्ताव के साथ कुल राजस्व आवश्यकता के अवधारण हेतु अपनी याचिका की एक प्रति भी अग्रसारित करेगा।

(4) एस एल डी सी समय–समय पर आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारूप मे, व्ययो व अन्य सबधित जानकारी के परिकलन का विवरण उपलब्ध करायेगा।

(5) एस एल डी सी नियन्त्रण अवधि के लिए पूँजी निवेश योजना का विवरण भी प्रस्तुत करेगा। दो करोड पचास हजार रूपये से अधिक लागत की पूँजी निवेश योजनाओं के लिये कार्य के आरम्भ होने से पूर्व ऐसी प्रत्येक योजना के संबंध में आयोग का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।

(6) एस एल डी सी द्वारा फाईल की गई कुल राजस्व आवश्यकता तथा अन्य विवरणों की सवीक्षा की जायेगी तथा सवीक्षा सवीक्षा के परिणाम स्वरूप, आयोग ऐसी अन्य जानकारी व स्पष्टीकरण माग सकता है जैसा कि आवश्यक हो।

(7) एस एल डी सी द्वारा प्रस्तुत जानकारी के आधार पर तथा उचित जॉच सवीक्षा व परामर्शी प्रक्रिया के पश्चात् आयोग, एस एल डी सी के व्ययो को सम्मिलित की गई कुल राजस्व आवश्यकता को अनुमोदित करेगा तथा एल एल डी सी प्रभारों का अवधारण करेगा।

(8) किसी वर्ष मे एस एल डी सी प्रभारो के सशोधित न होने की अवस्था मे एस एल डी सी प्रभारो की वसूली मे किसी परिवर्तन (कमी या अधिकता) को अगले वित्त वर्ष मे अग्रनीत किये जायेगा तथा आयोग द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार समायोजित किया जायेगा।

(9) एस एल डी सी आयोग द्वारा निर्धारित किये अनुसार प्रचालक व लागत डाटा के समावेश के साथ आवधिक विवरणी जमा करेगा।

(10) एस एल डी सी, प्रभारो के अवधारण हेतु सभी फाईलिग व आवेदन इन विनियमो के किये अनुबध किये जायेगे।

98. एस एल डी सी प्रभारों का उद्ग्रहण।

अधिनियम की धारा 31 के अधीन राज्य सरकार द्वारा स्थापित एस एल डी सी द्वारा उपगत सभी व्ययो का लेखाकरण पृथक रूप से किया जायेगा।

परन्तु यदि इन विनियमो के प्रकाशन की तिथि पर राज्य पारेषण यूटिलिटी (एस टी यू) राज्य भार प्रेषण केन्द्र का प्रचालन कर रही है तथा अधिनियम की धारा 31 के उप खण्ड 2 के अधीन उपबंधित किये अनुसार कार्यों का निष्पादन कर रही है तो एस टी यू, राज्य भार प्रेषण केन्द्र के प्रचालन से संबंधित व्ययो के लिये पृथक लेखा रखेगा।

परन्तु आगे यह कि जब तक लेखे पृथक नहीं हो जाते तब तक एस टी यू सभी सुसंगत विवरणों के साथ आयोग को प्रस्तुत किये जाने वाले आबंटन विवरण के आधार पर अपनी लागतों का प्रभाजन करेगी।

99. वार्षिक एस एल डी सी प्रभार।

एस एल डी सी द्वारा वसूली किये जाने वाले वार्षिक प्रभारों मे इक्विटी पर प्रतिफल के घटक तथा साथ ही निम्नलिखित व्यय सम्मिलित होंगे :–

(ए) ओ एंड एम व्यय।

(बी) इक्विटी पर प्रतिफल।

(सी) अवक्षय।

(डी) पट्टा प्रभार।

(ई) ब्याज एवं वित्त प्रभार।

(एफ) आय कर, यदि है।

(जी) कार्यरत पूँजी पर ब्याज, यदि है।

(एच) एस एल डी सी के कार्यों के निष्पादन मे आकस्मिक कोई अन्य व्यय जो आयोग द्वारा उपयुक्त समझे जायें, घटाकर।

(आई) गैर षुल्क आय जिसमे निवेश पर ब्याज एस एल डी सी प्रभारो से अन्यथा फीस/प्रभार रद्दी की बिक्री से आय इत्यादि सम्मिलित है किंतु इन तक सीमित नहीं है।

100. प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय।

(1) प्रचालन एवं अनुरक्षण (ओ एंड एम) व्ययो मे निम्नलिखित का समावेश होगा

(ए) वेतन, मजदूरी, पेंशन अंशदान तथा अन्य कर्मचारी लागतें।

(बी) बीमा प्रभार, यदि है, के साथ प्रशासनिक व सामान्य व्यय।

(सी) मरम्मत एवं रख–रखाव व्यय।

(2) नियन्त्रण अवधि के प्रथम वर्ष के लिए ओ एंड एम व्यय पूर्व वर्षों के वास्तविक ओ एंड एम व्यय तथा कोई अन्य कारक जिन्हे आयोग उपयुक्त समझे को ध्यान मे रख कर आयोग द्वारा अनुमोदित किये जायेंगे।

(3) n^{th} वर्ष के लिए तथा साथ नियन्त्रण अवधि से ठीक पूर्व वर्ष अर्थात 2012–13 के लिए ओ एंड एम व्यय व्यय निम्नलिखित फार्मूला के आधार पर अनुमोदित किये जायेंगे

O & Mn = R & Mn + EMPn +A & Gn ?

जहाँ,

- O & Mn = nth वर्ष के लिये प्रचालन एव अनुरक्षण व्यय
- EMPn' = nth वर्ष के लिये कर्मचारी लागतें
- R & Mn = nth वर्ष के लिये मरम्मत व रखरखाव लागतें
- A & Gn = nth वर्ष के लिये प्रशासनिक व सामान्य लागते

(4) उपरोक्त घटकों का संगणन निम्नलिखित तरीके से किया जायेगा :

EMPn = (EMPn-1) x (1+Gn) x (CP nblation)

R & Mn = K (GNAn-1) x (WPl nblation)+ तथा

A & Gn = (A & Gn)x = (WPl nblation)+ Provision

जहाँ,

- EMPn-1 = (n-1) वर्ष के लिये कर्मचारी लागते
- A & Gn-1 =(n-1) वर्ष के लिये प्रशासनिक एवं सामान्य लागते
- Provision = एस एल डी सी द्वारा प्रस्तावित तथा आयोग द्वारा प्रमाणित पहलो के लिए लागत या एक समय व्यय।
- 'K" % मे आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट एक स्थिरांक है नियन्त्रण अवधि के प्रत्येक वर्ष हेतु K का मूल्य पूर्व मे आयोग द्वारा अनुमोदित जी एफ ए के मुकाबले मे अनुमोदित मरम्मत एव रख रखाव व्यय, मरम्मत रख रखाव व्ययो के तल चिह्निकरण एस एल डी सी की फाइलिंग तथा अन्य कोई

कारक जिसे आयोग उचित समझे के आधार पर एम वाय टी आदेश मे आयोग द्वारा अवधारित किया जायेगा।

- CPInblation = ठीक पूर्व तीन वर्षो के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकाक (सी पी आई) मे औसत वृद्वि है।
- WPIntlation = ठीक पूर्व तीन वर्षो के लिए थोक मूल्य सूचकाक (सी पी आई) मे औसत वृद्वि है।
- CF An-1 = na-1 th वर्ष के लिए पारेषण अनुज्ञापी की कुल स्थिर आस्तियां।
- Gn = nth वर्ष के लिए [illegible] है। Gn का मूल्य एस एल डी सी की [illegible] तल चिह्निकरण या कोई अन्य कारक जो आयोग उपयुक्त समझे, के आधार पर अतिरिक्त जनशक्ति की आवश्यकता को पूरा करने के लिये एम वाय टी शुल्क आदेश मे आयोग द्वारा अवधारित किया जायेगा।

  परन्तु अवधारित मरम्मत एव रख रखाव व्ययो का उपयोग केवल मरम्मत एव रख रखाव कार्यो के लिए ही किया जायेगा।

101. एस एल डी सी प्रभारों के संग्रहण के लिए आधार।

(1) आयोग द्वारा अवधारित वार्षिक एस एल डी सी प्रभार संविदाकृत पारेषण क्षमता के आधार पर राज्यान्तर्गत पारेषण प्रभाली का उपयोग करते हुए लाभार्थियो के मध्य आबटित किये जायेंगे, परन्तु आगे यह कि एस एल डी सी, किन्ही अन्य विनियमों मे विनिर्दिष्ट उपयोगकर्ताओं व ऊर्ज़ा विनियमो के प्रदान की गई किन्ही अन्य सेवाओ के लिये फीस व प्रभार के उद्ग्रहण हेतु हकदार होगा

(2) राज्यान्तर्गत पारेषण प्रणाली का उपयोग करने वाले [illegible] मुक्त अभिगमन ग्राहक एस एल डी सी को केवल ऐसे अनुसूचित प्रभार का भुगतान करेंगे जो आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट किये जायेंगे

102. एस एल डी सी प्रभारों के संग्रहण के लिए आधार।

(1) एस एल डी सी, पूर्व माह के अंतिम दिन के पश्चात् सात दिनो के भीतर प्रत्येक बिलिंग माह के लिये इसके द्वारा अनुरक्षित डाटा के आधार पर राज्यान्तर्गत पारेषण प्रणाली के उपयोगकर्ताओं को आयोग द्वारा अनुमोदित वार्षिक प्रभारो का एक बटा बारहवा की दर से आवश्यक मासिक बिल प्रस्तुत करेगा

(2) लाभार्थी, बिल की प्राप्ति की तिथि से एक माह के भीतर एस एल डी सी को देय धनराशि का भुगतान करेगे।

(3) एस एल डी सी प्रभारो की बिलिंग से उपजे विवाद जहाँ तक सभव हो आपसी सहमति से हल किये जायेगे। यदि बिलो की प्राप्ति के साथ (60) दिनो के भीतर परस्पर बातचीत से विवाद नही सुलझाने है तो किसी भी पक्ष द्वारा याचिका के माध्यम से मामला आयोग को सदर्भित किया जायेगा, आयोग का निर्णय अंतिम व सभी पक्षों पर बंधकारी होगा।

(4) विवाद के लबित रहने तक बिल की 90 प्रतिशत राशि का देय तिथि के भीतर अभ्यापत्तिपूर्वक भुगतान किया जायेगा।

भाग-4

विविध

103. अपवाद।

(1) न्याय का उद्देश्य पूर्ण करने हेतु जैसे इन विनियमो मे जैसा कुछ भी आवश्यक हो, आयोग को वैसा आदेश बनाने की शक्ति को अन्यथा प्रभावित करने या सीमित करने वाला नही समझा जायेगा

(2) इन विनियमो द्वारा कुछ भी इन विनियमो के किसी उपबन्ध से भिन्न प्रक्रिया जो कि अधिनियम के प्रावधानो के अनुरूप है, अपनाने मे आयोग के लिये बाधित नही होगा यदि आयोग, उक्त मामले की विशेष परिस्थितियो की दृष्टि से ऐसा मामला या मामले निपटाने हेतु समीचीन समझता हो.

(3) जिनके लिए कोई विनियम नहीं बनाये गये है, ऐसे मामलो मे कार्यवाही करने पर या अधिनियम के अतर्गत शक्तियो का निर्वाह करने मे इन विनियमों मे कुछ भी अभिव्यक्त या विवक्षित रूप से आयोग के लिये बाधक नहीं होगा तथा ऐसे मामलो मे आयोग जैसा उचित व सही समझे, उस प्रकार से इन मामलों में शक्तियों व कर्तव्यों का निर्वाह करेगा।

104. कठिनाईयां दूर करने की शक्तियॉ।

यदि इन विनियमो मे प्रावधानो को प्रभावी बनाने मे कोई कठिनाई आती है तो आयोग सामान्य या विशेष आदेश द्वारा अधिनियम के अनुरूप, ऐसे निर्देश दे सकता है जो आयोग को कठिनाई दूर करने के लिये आवश्यक या समीचीन लगते हों।

105. संशोधन की शक्तियॉ।

आयोग किसी भी समय इन विनियमो के किसी उपबंध मे अभिवर्धन परिवर्तन उपान्तरण या संशोधन कर सकता है।

परिशिष्ट–I

परियोजनाओं की पूर्णता के लिये समय रेखा।

[विनियम 27 (2) के प्रथम परन्तुक का संदर्भ लें]

(1) पूर्णता समय अनुसूची लागू अनुसार पारेषण परियोजना की यूनिटस या ब्लॉक्स या अंशक के वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि, यथास्थिति कोई (उत्पादक कपनी या पारेषण अनुज्ञापी के) या सी ई ए की अनुमति द्वारा निवेश अनुमोदन की तिथि से गिनी जायेगी।

(2) निम्नलिखित पैराग्राफ व सारिणियों मे समय अनुसूची, माहो में इगित की गई है :

i) **तापीय ऊर्जा परियोजनाएं**

कोयला/लिग्नाईट ऊर्जा संयंत्र

यूनिट आकार 200/210/250/300/330 एम डब्ल्यू तथा 125 एम डब्ल्यू सी एफ बी सी प्रौद्यौगिकी

(ए) हरित स्थल परियोजनाओ के लिये 33 माह पश्चात्वर्ती यूनिट्स प्रत्येक 4 माह के अतराल पर।

(बी) विस्तार परियोजना के लिये 31 माह पश्चात्वर्ती यूनिट्स प्रत्येक 4 माह के अतराल पर।

यूनिट आकार 250 एम डब्ल्यू सी एफ बी सी प्रौद्यौगिकी

(ए) हरित स्थल परियोजनाओ के लिये 36 माह पश्चात्वर्ती यूनिट्स प्रत्येक 4 माह के अतराल पर।

(बी) विस्तार परियोजना के लिये 31 माह पश्चात्वर्ती यूनिट्स प्रत्येक 4 माह के अतराल पर

यूनिट आकार 500/600 एम डब्ल्यू

(ए) हरित स्थल परियोजनाओ के लिये [illegible] माह पश्चात्वर्ती यूनिट्स प्रत्येक 6 माह के अतराल पर।

(बी) विस्तार परियोजना के लिये 42 माह पश्चात्वर्ती यूनिट्स प्रत्येक 6 माह के अतराल पर

यूनिट आकार 600/800 एम डब्ल्यू

(ए) हरित स्थल परियोजनाओ के लिये 52 माह पश्चात्वर्ती यूनिट्स प्रत्येक 6 माह के अतराल पर।

(बी) विस्तार परियोजना के लिये 50 माह पश्चात्वर्ती यूनिट्स प्रत्येक 6 माह के अतराल पर।

सयुक्त चक्र ऊर्जा संयत्र
100 एम डब्ल्यू तक गैस टर्बाईन आकार (आई एस ओ रेटिंग)

(ए) हरित स्थल परियोजनाओ के प्रथम ब्लाक के लिये 26 माह, पश्चात्वर्ती यूनिट्स प्रत्येक 2 माह के अंतराल पर।

(बी) विस्तार परियोजना के प्रथम ब्लाक के लिये 2 माह, पश्चात्वर्ती यूनिट्स प्रत्येक 6 माह के अतराल पर।

100 एम डब्ल्यू से ऊंपर तक गैस टर्बाईन आकार
(आई एस ओ रेटिंग)

(ए) हरित स्थल परियोजनाओ के प्रथम ब्लाक के लिये 30 माह, पश्चात्वर्ती यूनिट्स प्रत्येक 4 माह के अंतराल पर।

(बी) विस्तार परियोजना के प्रथम ब्लाक के लिये 4 माह पश्चात्वर्ती यूनिट्स प्रत्येक 6 माह के अतराल पर।

100 एम डब्ल्यू से ऊपर तक गैस टर्बाईन आकार
(आई एस ओ रेटिंग)

ii) **जल विद्युत परियोजनायें**

जल विद्युत परियोजनाओ के लिए अर्हता समय अधिनियम की धारा 8 के अधीन केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा जारी मूल सहमति में उल्लिलिखत किये गये अनुसार होगा।

ए) पारेषण योजनाएं

क0 सं0	पारेषण कार्य	मैदानी क्षेत्र (माह)	पहाडी भू–भाग (माह)	हिमाच्छादित क्षेत्र /अत्यन्त दुर्गम भू–भाग (माह)
ए	400 केवीडी/सी चौहरी पारेषण लाईन			
बी	400 केवीडी/सी तीहरी पारेषण लाईन			
सी	400 केवीडी/सी दोहरी पारेषण लाईन			
डी	400 केवीएस/सी चौहरी पारेषण लाईन			
ई	220 केवी/132 केवीडी/सी दोहरी पारेषण लाईन			
एफ	220 केवी/132 केवीडी/सी पारेषण लाईन			
जी	220 केवी/132 केवीएस/सी पारेषण लाईन			
एच	नया 220 केवी/132 एसी उप स्टेशन			
आई	नया 400 केवी एसी उप स्टेशन			

टिप्पणियां

i) उपरोक्त प्रकार के सयोजन वाली योजनाओ के मामलों मे अधिकतम समयावधि वाली गतिविधि को अर्हता समय अनुसूची पर पूर्ण रूपयोजना के लिये विचार किया जायेगा।

ii) यदि कोई पारेषण लाईन मैदानी व साथ ही पहाडी भू भाग/हिमाच्छादित क्षेत्र/अत्यन्त दुर्गम भू-भूभाग मे पडती है तो सयोजित अर्हता समय अनुसूची कर परिकलन, प्रत्येक क्षेत्र मे पडने वाली लाईन की लबाई को अनुपातिक भार प्रदान करते हुए किया जायेगा।

परिशिष्ट–2 अवक्षय अनुसूची

परियोजनाओं की पूर्णता के लिये समय रेखा।

[विनियम 29 (5) का संदर्भ लें]

क्र0 सं0	विवरण	अवक्षय एस एन एम
ए	पूर्ण स्वामित्व के अधीन भूमि	
बी	पट्टे के अधीन भूमि	
ए	भूमि में निवेश हेतु	
बी	स्थल के सफाई हेतु लागत	
सी	जल विद्युत उत्पादक स्टेशन के मामले में जलाशय हेतु भूमि	
सी	नयी क्रय की गई आस्तिया	
ए	उत्पादन स्टेशनों में पी–1 मशीनरी	
i)	जल विद्युत	
ii)	भाप विद्युत एन एच आर बी तथा अपशिष्ट ताप रिकवरी बायलर्स	
iii)	डीजल इलैक्ट्रिक व गैस सयंत्र	
बी	कूलिंग टावर्स व सर्कुलेटिंग वाटर प्रणाली	
सी	हायड्रो का भाग संरचित करने वाले हायड्रैलिक कार्य	
i)	बांध, स्पिलवेज, वीयर्स, नहरें, प्रबलित कंक्रीट	
ii)	प्रबलित कंक्रीट पाईप लाईन्स व सर्ज टैंक्स, स्टील	
डी	भवन व सिविल इजीनियरिंग कार्य	
i)	कार्यालय व शोरूम	
ii)	ताप विद्युत उत्पादक संयंत्र अंतर्विष्ट	
iii)	जल विद्युत उत्पादक संयंत्र अंतर्विष्ट	
iv)	काष्ठ संरचना जैसे अस्थायी निर्माण	
v)	कच्चे मार्गों से अन्यथा अन्य मार्ग	
vi)	अन्य	
ई	ट्रासफार्मर्स, किऔस्क, उप–स्टेशन उपकरण व अन्य	
i)	100 की रेटिंग वाली नींव सहित ट्रांसफार्मर्स	
ii)	अन्य	
एफ	केविल कनैक्शन सहित स्विच गियर	
जी	लाईटनिग एरेस्टर	

i)	स्टेशन प्रकार	
ii)	पोल प्रकार	
iii)	सिन्क्रोनस कन्डेन्सर	
एच	बैटरीज	
i)	ज्वाइंट बाक्सेज सहित अंडरग्राउंड केबल और	
ii)	केबल डक्ट प्रणाली	
iii)	प्रबलित कंक्रीट समर्थन पर स्टील पर लाईनें	
iv)	उपचारित काष्ठ समर्थन पर लाईनें	
जे	मीटर्स	
के	स्वतः चालित वाहन	
एल	वतानुकूलित संयंत्र	
i)	स्थिर	
ii)	वहनीय	
एम		
i)	कार्यालय फर्नीचर व सुसज्जा	
ii)	कार्यालय उपकरण	
iii)	फिटिंग व उपकरणों के साथ आंतरिक वायरिंग	
iv)	स्ट्रीट लाईट फिटिंग	
एन	किराये पर दिये उपकरण	
i)	मोटर्स से अन्यथा	
ii)	मोटर्स	
ओ	संचार उपलब्ध	
i)	रेडियो व उच्च फ्रीक्वेन्सी कारियर प्रणाली	
ii)	टेलीफोन लाईनें व टेलीफोन	
पी	आई टी उपकरण	
क्यू	कोई अन्य आस्ति जो उपरोक्त में सम्मिलित न हो।	

परिशिष्ट–3

विभिन्न जल विद्युत उत्पादक स्टेशनो के मानकीय वार्षिक सयत्र उपलब्धता कारक (एन ए पी ए एफ) के अवधारण हेतु दिशानिर्देश।

विभिन्न जल विद्युत उत्पादक स्टेशनो के मानकीय वार्षिक सयत्र उपलब्धता कारक (एन ए पी ए एफ) का अवधारण निम्नलिखित मापदण्ड/दिशानिर्देश के आधार पर होगा।

i) 8% तक के न्यूनतम ड्रा डाउन स्तर (एमडीडीएल) तथा पूर्ण जलाशय स्तर (एफ आर एल) के मध्य हैड–वेरिएशन के साथ स्टोरेज व पौण्डेज प्रकार के सयत्र जहॉ मिट्‌टी के कारण सयत्र उपलब्धता प्रभावित न होती हो। 90%

ii) 8% से अधिक के न्यूनतम् ड्रा डाउन स्तर तथा पूर्ण जलाशय स्तर के मध्य हैड वेरियेशन के साथ स्टोरेज व पौण्डेज प्रकार के सयत्र जहॉ मिट्‌टी के कारण सयत्र उपलब्धता प्रभावित न होती हो वहॉ डी पी आर (सी ई ए या राज्य सरकार द्वारा अनुयोजित) मे परियोजना प्राधिकारियो द्वारा उप बधित माह वार पीकिज क्षमता एन ए पी ए एफ के निर्धारण का आधार सरक्षित करेगी। इसे निम्नलिखित उदाहरण द्वारा स्पष्ट किया गया है।

प्रस्तावित क्षमता : 4 x 250 एम डब्ल्यू

माह	प्रत्येक 3 घंटा पीकिंग क्षमता का अपेक्षित औसत
अप्रैल	
मई	
जून	
जुलाई	
अगस्त	
सितम्बर	
अक्टूबर	
नवम्बर	
दिसम्बर	
जनवरी	
फरवरी	
मार्च	

अपेक्षित दैनिक क्षमता का भारित औसत 790 = एम डब्ल्यू

पीकिग क्षमता इस अवधारणा पर आधारित है कि एक यूनिट मई जुलाई फरवरी व मार्च के माहो के दौरान वार्षिक रख–रखाव के अधीन होगी।

वर्ष के दौरान फोर्स्ड आउटेजेड के कारण सयत्र क्षमता पर 2% की छूट का विचार करते हुए अपेक्षित औसत पीकिंग क्षमता 790 = एम डब्ल्यू

इस प्रकार, एन ए पी ए एफ 790/100 = 77%

iii) पौण्डेज प्रकार के सयत्र, जहॉ सयत्र उपलब्धता मिट्टी के कारण पर्याप्त रूप से प्रभावित होती है वहॉ 5% तक का अंतर अनुमन्य किया गया है ताकि एन ए पी ए एफ 85% होगी।

iv) शुद्व रूप से रन आफ रिवर प्रकार के सयत्रो के मामले मे, एल ए पी ए एफ का अवधारक, परियोजना की डी पी आर मे अनुमोदित इसके 90% निर्भरता योग्य 10 दैनिक इन फ्लो पैटर्न के आधार पर अवधारित होगा।

v) विशेष परिस्थितियो, अर्थात असामान्य मिट्टी की समस्या या अन्य प्रचालन परिस्थितियो या ज्ञात सयत्र की सीमाओ के अधीन एन ए पी ए आर का अवधारण करते समय आयोग द्वारा अतिरिक्त छूट दी जायेगी

vi) एफ आर एल और एम डी डी एल के मध्य हैड वेरियेशन 8% से अधिक होने पर निम्नलिखित गुणाक कारक लागू किये जायेंगे।

हैड–वेरिवेशन हेतु गुणाक कारक = (Head at MDDL/Rated Head) x 0.5+0.52

परिशिष्ट–4

पारेषण प्रणाली उपलब्धता के परिकलन हेतु प्रकिया।

[विनियम 64 (ii) के नोट (बी) का संदर्भ लें]

(1) पारेषण प्रणाली की उपलब्धता के परिकलन के प्रयोजन हेतु पारेषण अवयवो को निम्नलिखित श्रेणियो मे रखा जायेगा

i) ए सी पारेषण लाईन ए सी पारेषण लाइन का प्रत्येक सर्किट एक अवयव माना जायगा

ii) इन्टर कनेक्टिग ट्रासफार्मर्स (आई सी टीज) प्रत्येक आई सी टी बैंक (तीन एकल फेज ट्रांसफार्मर साथ में) एक अवयव संरचित करेंगे।

iii) स्थिर वी ए आर कम्पन्सेटर (एस वी सी) एस वी सी ट्रासफार्मर के साथ मे एस वी सी एक अवयव सरचित करेगा तथापि, इन्डक्टिव को 50 प्रतिशत तथा कैपेसिटिव रेटिग को 50 प्रतिशत श्रेय दिया जायेगा।

iv) स्विचड बस रिएक्टर रू प्रत्येक स्विच्ड बस रिएक्टर को एक अवयव माना जायेगा।

v) एच वी डी सी लिक्स दोनो छोरो पर सहायक उपकरण के साथ एच वी डी सी लिक का प्रत्येक पोल एक अवयव माना जायेगा।

vi) एच वी डी सी बैक टू बैक स्टेशन एच वी डी सी बैक टु बैक स्टेशन का प्रत्येक ब्लॉक एक अवयव माना जायेगा यदि सहायक ए सी लाईन (एच वी डी सी बैक टु बैक स्टेशन के माध्यम से अंतर क्षेत्रीय ऊर्जा के अन्तरण हेतु आवश्यक) उपलब्ध नही है तो बैक ट बैक स्टेशन ब्लॉक भी अनुपलब्ध समझा जायेगा।

1. पारेषण प्रणाली की उपलब्धता का निम्नलिखित तरीके से किया जायेगा:

ए सी प्रणाली के लिये % प्रणाली उपलब्धता $\dfrac{O \times AVO + 9 \times AV9 + AVR + S \times AVr}{O + 9 + r + S} = 100$

एच वी डी सी प्रणाली के लिये % प्रणाली उपलब्धता $= \dfrac{P \times AVr + t \times AVt}{p + t} = 100$

जहाँ,

o = ए सी लाईनों की कुल सख्या

AVO = ए सी लाईनों की 0 सख्या की उपलब्धता

p = एच वी डी सी पोल्स की कुल सख्या

AVp = एच वी डी सी पोल्स की p संख्या की उपलब्धता

a = आई सी टीज की कुल संख्या

Avq = आई सी टीज की q संख्या की उपलब्धता

r = एस वी सीज की कुल संख्या

AVr = एस वी सीज की r संख्या की उपलब्धता

s = स्विच्ड बेस रिएक्टर की कुल सख्या

AVs = स्विच्ड बेस रिएक्टर्स की s संख्या की उपलबधता

t = एच वी डी सी बैक टु बैक स्टेशन ब्लॉक्स की कुल सख्या

AVt = एच वी डी सी बैक टु बैक स्टेशन ब्लॉक्स t की संख्या की उपलब्धता

2 पारेषण अवयवों की प्रत्येक श्रेणी के लिये भार कारक निम्नलिखित अनुसार होगा:

(डी) ए सी लाईन के प्रत्येक सर्किट के लिये

i) सर्किट के एम द्वारा गुणित अवकम्पन्सेटैड लाईन हेतु सर्च इम्पेन्डेन्स लोडिग (एस आई एल)

ii) विभिन्न वोल्टेज स्तरो तथा कडक्टर कान्फिगरेशन के लिये एस आई एल रेटिग नीचे दी गई है तथापि जिनके लिये वोल्टेज स्तर और/या कंडक्टर कान्फिगरेशन यहां नहीं दिये गये हैं उनके उपलब्धता परिकलन के लिये [illegible] के आधार पर उपयुक्त एस आई एल [illegible] किया जायेगा तथा लाभार्थी को सूचित किया जायेगा।

ए सी लाईनों की सर्ज इम्पेन्डेन्स लोडिंग

क्र0 सं0	लाईन वोल्टेज (के0वी0)	कंडक्टर कान्फिगरेशनएव	आई एल (एम डब्ल्यू)
1	765	चौहरा बर्सिमिस	2250
2	400	चौहरा बर्सिमिस	691
3	400	दोहरा मूज	525
4	400	दोहरा ए ए ए मी	425
5	400	चौहरा जेबरा	647
6	400	चौहरा ए ए ए सी	646
7	400	तिहरा स्नो बर्ड	605
8	400	ए सी के सी (500 / 26)	556
9	400	दोहरा ए सी ए आर	557
10	220	दोहरा जेबरा	175
11	220	एकल जेबरा	132
12	132	एकल पैंथर	50
13	66	एकल डौग	10

(ई) प्रत्येक एच वी डी सी पोल के लिये = रेटेड एम डब्ल्यू क्षमता x सर्किट के एम।

(एफ) प्रत्येक आई सी टी बैंक के लिये = रेटेड एम बी ए क्षमता।

(जी) एस बी सी के लिये = रेटेड एम बी ए आर क्षमता (इन्डक्टिव व कैपेसिटिव)।

(एफ) स्विच्ड बस रिएक्टर के लिये = रेटेड एम बी ए क्षमता।

(आई) बैक टु बैक स्टेशन = प्रत्येक ब्लाक की रेटेड एम डब्ल्यू क्षमता।

3 पारेषण अवयवो की प्रत्येक श्रेणी के लिये उपलब्धता का परिकलन भार कारक, विचाराधीन कुल घंटे तथा उस श्रेणी के प्रत्येक अवयव के लिये अनुपलब्ध घंटा के आधार पर किया जायेगा, पारेषण अवयवो की प्रत्येक श्रेणी की उपलब्धता के परिकलन हेतु फार्मूला निम्नलिखित है

ए वी ओ (सभी लाईनों की ओ संख्या की उपलब्धता)

ए वी पी (एच वी डी सी पोल्स की पी संख्या की उपलब्धता)

ए वी क्यू (आई सी टीज की क्यू संख्या की उपलब्धता)

ए वी आर (एच वी बीज की आर संख्या की उपलब्धता)

ए वी एस (स्विच्ड बस रिएक्टर्स की एस संख्या की उपलब्धता)

ए वी टी (एच वी डी सी बैक टु बैक ब्लॉक्स की टी संख्या की उपलब्धता)

जहाँ,

Wi = ith पारेषण लाईन के लिये भार कारक

Wi = ith पारेषण लाईन के लिये भार कारक

Wk = kth आई सी टी के लिये भार कारक

W11&WC1 = 1th इन्डक्टिव व कैपेसिटिव प्रचालन के लिये भार कारक

Ti, Tj, Tk, T11, Tc1, Tu & Tn - विचाराधीन अवधि के दौरान नीचे पैरा 6 मे प्रक्रिया मे दिये गये कारणो से पारेषण अनुज्ञापी पर उपारोप्य न होने वाले आउटेजेज के लिए समयावधि को छोडकर) ith ए सी लाईन ith एच वी डी सी पोल kth आई सी टी, Lth एस वी सी (इन्डक्टिव प्रचालन) Lth एस वी सी (कैपेसिटिव प्रचालन mth स्विच्ड बस रिएक्टर तथा nth एच वी डी सी बैक टु बैक ब्लाक के कुल घंटे,

TNAi, TNAi, TNAK, TNAIL, TNAm TNAn - ith ए सी लाईन ith एच वी डी सी पोल, kth आई सी टी, Lth एस वी सी (इन्डक्टिव प्रचालन) Lth एस वी सी (कैपेसिटिव प्रचालन), mth स्विच्ड बस रिएक्टर तथा nth एच वी डी सी बैक टु बैक ब्लॉक के लिए अनुपलब्धता घटे (नीचे पैरा 5 मे दी गई प्रकिया के अनुसार उपलब्धता के रूप मे ली गई, पारेषण अनुज्ञापी पर उपारोप्य न हो कभी आउटेजेज के लिये समयावधि को छोड़कर)

4 पारेषण अनुज्ञापी पर उपारोप्य न होने वाले निम्नलिखित कारणो से आउटैज के अर्थात पारेषण अवयव, उपलबध माने जायेंगे।

(ए) अपनी पारेषण प्रणाली के अनुरक्षण या निमाण के लिये अन्य अभिकरण/अभिकरणो द्वारा उपयोग किये गये पारेषण अनुज्ञापी के पारेषण अवयवों की बदी।

(बी) अति वोल्टेज के कारण पारेषण अनुज्ञापी की मैनुअल ट्रिपिग तथा एस एल डी सी/आर एच डी सी के निर्देशों के अनुसार स्विच्ड बस रिएक्टर की मैनुअल ट्रिपिंग।

5 निम्नलिखित आकिस्मकताओ के लिए पारेषण अनुज्ञापी के पारेषण अवयवो का आउटेज समय विचाराधीन अवधि के अधीन अवयव के कुल समय में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

(ए) दैवीय या अपरिहार्य कारणो जो पारेषण अनुज्ञापी के नियन्त्रण के बाहर हो से अवयवो की आउटेज तथापि, एस एल डी सी को यह सतुष्ट कराने का भार पारेषण अनुज्ञापी का होगा कि अवयवो की आउटेज [illegible] सी [illegible] एक युक्तियुक्त पुन स्थापन समय प्रदान किया जायेगा तथा तत्व के पुन स्थापन के लिए युक्तियुक्त समय से अधिक लिया गया समय पारेषण अनुज्ञापी पर उपारोप्य आउटेज समय माना जायेगा। एस एल डी सी, पुन स्थापन समय का आकलन करने के लिए पारेषण अनुज्ञापी द्वारा किसी विशेषज्ञ से परामर्श कर सकता है। ई आर एस (के माध्यम से पुन स्थापित किये गये सर्किटस उपलब्ध माने जायेगे)

(बी, ग्रिड प्रसगति/व्यवधान के कारण आउटेज जो पारेषण अनुज्ञापी पर उपारोप्य न हो जैसे किसी अन्य अभिकरण के स्वामित्व वाले उप स्टेशन या बे में त्रुटि जिसके कारण पारेषण अनुज्ञापी के अवयवो की आउटेज लाइनो एच वी डी सी बैक टू बैक स्टेशन्स की ट्रिपिग इत्यादि होती हो। तथापि, यदि ग्रिड प्रसगति/व्यवधान को युक्तियुक्त समय के भीतर सामान्य अवस्था मे लाते समय एस एल डी सी/आर एल डी सी से निर्देश प्राप्त होने पर अवयव पुन स्थापित नही किया जाता है तो आउटेज की पूर्ण वअधि मे अवयव उपलब्ध नही माना जायेगा तथा आउटेज समय पारेषण अनुज्ञापी पर उपारोप्य होगा।

6 यदि किसी अवयव की आउटेज केन्द्र/राज्य क्षेत्र स्टेशन (गो) पर उत्पादन की हानि उत्पन्न करती है तो उस अवयव हेतु आउटेज अवधि उस दिन या उन दिनो जब यह उत्पादन की हानि हुई है के लिए वास्तविक आउटेज अवधि को दोगुनी समझी जानी चाहिये।

7 यदि किसी अवयव की आउटेज के कारण वितरण अनुज्ञापी के आपूर्ति क्षेत्र मे विद्युत कटौनी होती है तो उस तत्व के लिए आउटेज अवधि उस दिन या उन दिनो जब विद्युत हुई है के लिए वास्तविक आउटेज अवधि की दोगुनी समझी जायेगी।

8 आयोग से निवेश योजना अनुमोदित करवाते समय दी गई तिथि के बाद किसी पारेषण अवयव की कमीशनिग मे विलब के मामले म, पारेषण अवयव उस तिथि से कमीशन्ड हुआ माना जायेगा तथा पारेषण की पूर्ण उपलबधता के परिकलन के प्रयोजन से बाधित आउटेज के कारण अनुपलब्ध समझा जायेगा

परन्तु अपवादी अपरिहार्य मामलो मे जहॉ अनुज्ञापी यह साक्ष्य प्रस्तुत करता है कि बिलब उसके नियन्त्रण से बाहर के कारणो से हुआ है व आयोग सन्तुष्ट होगा वहॉ आयोग जितनी उचित समझे उतनी छूट बिलब हेतु देगा।

उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (शुल्क के अवधारण हेतु निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2011

उद्देश्यों व कारणों का विवरण

1. प्रस्तावना

1.1 विद्युत अधिनियम, 2003 (इससे आगे "अधिनियम" के रूप मे सदर्भित) राज्य विद्युत नियामक आयोग को, अन्य कार्यों के साथ निम्नलिखित कार्य समनुदेशित करता है:

(ए) राज्य के भीतर, यथास्थिति विद्युत के उत्पादन, आपूर्ति व व्हीलिंग, थोक या खुदरा के लिए शुल्क अवधारित करना:

परन्तु जहां धारा 42 के अधीन उपभोक्ताओं की एक श्रेणी के लिए उन्मुक्त अभिगमन की अनुमति दी गयी है वहा राज्य आयोग उपभोक्ताओं की उक्त श्रेणी के लिए केवल व्हीलिंग प्रभार व उन पर अधिभार, यदि कोई है, का ही अवधारण करेगा,

(बी) वितरण अनुज्ञापी की विद्युत क्रय व प्रापण प्रक्रिया को विनियमित करना जिसमें वह मूल्य भी सम्मिलित है जिससे राज्य के भीतर वितरण के लिए ऊर्जा के क्रय हेतु करारो के माध्यम से अन्य स्रोतों से उत्पादक कपनियों या अनुज्ञापियो से विद्युत प्राप्त की जाएगी,

(सी) विद्युत का राज्यान्तर्गत पारेषण व व्हीलिंग सुगम बनाना,

1.2. अधिनियम की धारा 61 आयोग को उक्त धारा के उपबधों, राष्ट्रीय विनियमों द्वारा निबधन एव शर्तें विनिर्दिष्ट करने की शक्ति प्रदान करती है। अधिनियम की धारा 181 की उप–धारा (2) के खण्ड (zd) के निबधनो के अनुसार आयोग के पास धारा 61 के अधीन शुल्क के निबधन व शर्तों पर, अधिसूचना द्वारा विनियम बनाने की शक्ति निहित है। अधिनियम की धारा 181 (3) के अनुसार आयोग को, अधिनियम के अधीन विनियमो को अंतिम रूप देने से पहले उनका पूर्व प्रकाशन कराना आवश्यक है। इस प्रकार, अधिनियम के उपबधो के अनुसार राज्य आयोग के लिए, पूर्व प्रकाशन के पश्चात्, राज्य के भीतर शुल्क के अवधारण हेतु, अधिसूचना के द्वारा निबंधन एव शर्तें विनिर्दिष्ट करना आवश्यक है।

1.3 अधिनियम की धारा 61 व 181(2) (zd), (ze) व (zf) व सभी अन्य सक्षम शक्तियों के प्रयोग में तथा अधिनियम की धारा 181 (3) के अधीन अपेक्षाओं के अनुपालन में, उत्तराखण्ड

विद्युत नियामक आयोग ने अपने विज्ञापन सख्या 08/11–12 दिनाक 23.09.2011 के द्वारा शुल्क अवधि 01.04.2013 से 31.03.2016 के लिए प्रारूप उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (शुल्क के अवधारण हेतु निबधन एव शर्ते) विनियम, 2011 सार्वजनिक नोटिस जारी किया (इसमें इससे आगे प्रारूप विनियम के रूप में सदर्भित)। आयोग ने अपने इस सार्वजनिक नोटिस के द्वारा प्रारूप विनियमों पर सभी स्टेक होल्डर्स व उपभोक्ताओं से टिप्पणियों/सुझाव/आपत्तियां आमत्रित कीं। आयोग ने प्रारूप विनियमों पर विचार–विमर्श के लिए 28 नवम्बर, 2011 को राज्य सलाहकार समिति (एस.ए.सी.) की एक बैठक बुलाई।

2. **बहु वर्षीय शुल्क– उद्देश्य तथा अवलोकन**

2.1 आयोग ने उत्पादन, पारेषण व वितरण कारोबार के लिए पृथक रूप से यू.ई.आर.सी. (शुल्क के अवधारण हेतु निबधन एवं शर्तें) विनियम, 2004 विनिर्दिष्ट किये थे, जो प्रारम्भ में 13 मई, 2009 तक 5 वर्षों की अवधि के लिए विधिमान्य थे। इसके पश्चात् इनकी विनियमों की प्रयोज्यता अनेक अवसरों पर विस्तारित की गयी तथा हाल में इन शुल्क विनियमों की प्रयोज्यता 30 अप्रैल 2012 तक के लिए विस्तारित की गयी है।

2.2 अधिनियम की धारा 61 के खण्ड (एफ) के अनुसार, शुल्क अवधारण करने के लिए निबधन एवं शर्तें विनिर्दिष्ट करते समय आयोग, 'बहुवर्षीय शुल्क सिद्धान्तों' द्वारा दिशा निर्देशित होगा। एम.वाय.टी. संरचना के अधीन नियत्रण अवधि के कार्यकाल के संबध में भारत सरकार के ऊर्जा मत्रालय द्वारा अधिसूचित शुल्क नीति के खण्ड 5.3 (एच) (1) के अनुसार *"... संरचना में एक पांच वर्ष की नियत्रण अवधि अभिलिखित होनी चाहिए। तथापि प्रारंभिक नियत्रण अवधि पारेषण व वितरण के लिए 3 वर्ष की हो सकती है, यदि डाटा अनिश्चितताओ या अन्य व्यवहारिक कारणो से आयोग ऐसा आवश्यक समझे। विश्वसनीय डाटा के अभाव वाले मामलों मे, उपयुक्त आयोग, प्रथम नियत्रण अवधि के लिए एम.वाय.टी. अवधारणाए व्यक्त करेगा तथा और अधिक विश्वसनीय डाटा उपलब्ध हो जाने पर एक नयी नियंत्रण अवधि प्रारम्भ की जाएगी।"*

2.3 शुल्क नीति के उपरोक्त खण्ड पर विचार करते हुए, आयोग ने वित्त वर्ष 2013-14 से प्रारम्भ होने वाली 03 वर्षों की प्रथम नियत्रण अवधि के बदले उत्पादन, पारेषण, वितरण व एस.एल.डी.सी. के लिए पृथम धाराओं वाले समग्र एम.वाय.टी. विनियमों को प्रतिस्थापित करने का निश्चय किया है।

2.4 बहुवर्षीय शुल्क प्रणाली के मुख्य उद्देश्यों को नीचे संक्षेप में दिया गया है:

- विनियामक उपागम की पारदर्शिता, सुसंगतता व पूर्वकथनीयता की प्रोन्नति द्वारा यूटिलिटीज, निवेशकों व उपभोक्ताओं को विनियामक निश्चितता प्रदान कराना तथा इस प्रकार विनियामक जोखिम की अवधारणा को न्यूनतम करना।
- नियत्रण योग्य व नियंत्रण अयोग्य कारकों के आधार पर यूटिलिटीज व उपभोक्ताओ के मध्य जोखिम भागीदारी तंत्र विकसित करना।
- निवेश आकर्षित करने, वृद्धि सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं का हित सुरक्षित रखने के लिए वित्तीय जीविष्णुता सुनिश्चित करना।
- उत्पादन, पारेषण, वितरण व आपूर्ति कारोबारो से संबधित मुद्दों के लिए प्रचालक मानकों की समीक्षा करना तथा ऐसे मुद्दों के निदान हेतु उपयुक्त उपायों की संस्तुति करना।
- प्रचालक दक्षता प्रोन्नत करना।
- प्रचालक दक्षता में सुधार कर दीर्घकाल में शुल्कों को युक्तियुक्त बनाना।

2.5 12 फरवरी, 2005 को भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी राष्ट्रीय विद्युत नीति के खण्ड 5.4.4 में भी एम.वाय.टी. संरचना की महत्ता को मान्यता देते हुए कहा गया है कि, "... *बहुवर्षीय शुल्क (एम.वाय.टी) सरचना, यूटिलिटीज व उपभोक्ताओं के लिए जोखिम कम करने, दक्षता बढाने व प्रणाली हानियों मे त्वरित कमी लाने के लिए एक महत्वपूर्ण संरचनात्मक प्रोत्साहन है। यह आर्थिक दक्षता तथा बेहतर सेवा गुणवत्ता द्वारा जनहित का कार्य करेगा। यह ऊर्जा क्रय मूल्यो तथा वृद्धि सूचकाकों जैसे ज्ञात सकेतको के शुल्क समायजनों को प्रतिबधित कर उपभोक्ता शुल्को मे और अधिक पूर्वकथनीयता लाएंगा।*"

2.6 इसके अतिरिक्त, बहुवर्षीय शुल्क (एम.वाय.टी) सिद्धान्तो का आशय, राजस्व आवश्यकता व शुल्को के अवधारण हेतु नियत्रक सिद्धान्तों के सबध मे उत्पादक कपनियो, पारेषण अनुज्ञापियों, वितरण अनुज्ञापियो व उपभोक्ताओ तथा स्टेकहोल्डर्स को स्पष्टता प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त इसमें ऐसी कार्यविधियों का भी वर्णन होगा जो सबकी समझ मे आ सके तथा भविष्य के लिए मार्गदर्शन कर सके। इस प्रकार सभी स्टेकहोल्डर्स को नियत्रण अवधि के दौरान विभिन्न कार्यवाहियो/घटनाओं के परिणामों की जानकारी दी जाती है, ताकि वे तदनुसार अपनी योजना बना सकें। अनुज्ञापियो व उत्पादक कपनियों के लिए ये सिद्धान्त, नियंत्रण अवधि के दौरान लागू किये गये नियमों में स्पष्टता प्रदान करते हैं तथा वित्त वृद्धि व बेहतर प्रचालन मे सहायता करते हैं साथ ही उपभोक्ताओं को सेवा की गुणवत्ता में सुधार को सुगम बनाते हैं।

3 स्टेक होल्डर्स के दृष्टिकोणो का विचार तथा महत्वपूर्ण विषयो पर आयोग का विश्लेषण व निष्कर्ष

3 1 आयोग ने प्रारूप विनियमो पर स्टेकहोल्डर्स की टिप्पणियो के साथ साथ एस ए सी की बैठक के दौरान राज्य सलाहकार समिति के सदस्यो द्वारा व्यक्त किये गये दृष्टिकोणो पर विचार किया। स्टेकहोल्डर्स द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दो पर का विस्तृत विश्लेषण व उन पर विचार करने के पश्चात् विनियमों को अतिम रूप दिया गया है। स्टेकहोल्डर्स व जनता से प्राप्त टिप्पणियों/आपत्तियों तथा उन पर आयोग के दृष्टिकोण पर आगे के पैराग्राफ्स में चर्चा की गयी है।

4. प्रारूप यू ई आर सी (शुल्क के अवधारण हेतु निबधन एव शर्ते) विनियम, 2011 पर स्टेकहोल्डर्स के सुझाव और आपत्तियां तथा उन पर आयोग का दृष्टिकोण:

4.1 उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लिमिटेड

ए) प्रारूप विनियमों के खण्ड 3(31) में "उपगत व्ययों" को निम्नलिखित रूप में परिभाषित किया गया है:

"उपगत व्यय" का अर्थ है निधि, चाहे वह इक्विटी हो, या ऋण हो या दोनों हो तथा जिसका एक उपयोगी परिसपत्ति की सरचना या अधिग्रहण हेतु नकद या नकद के समतुल्य भुगतान किया जाए व वास्तव मे परिनियोजन किया जाए तथा जिसमे ऐसी प्रतिबद्धताए या दायित्व सम्मिलित न हों जिनके लिए कोई भुगतान नहीं किया गया है।

यू जे वी एन एल का सुझाव था कि 'उपगत व्यय' पर सभूति आधार पर विचार किया जाए।

आयोग का दृष्टिकोण यह है कि "उपगत व्यय" शब्द का प्रयोग, उपयोगी आस्ति के अधिग्रहण या सरचना अर्थात् उपगत हुए वास्तविक पूजीगत व्यय के सदर्भ मे किया जाता है। पूजीगत व्यय अनुमोदन मे अधिक पारदर्शिता को बढावा देने के लिए यह वाछनीय होगा कि अनुमोदनीय व्यय को वास्तविक नकद निवेश तक सीमित रखा जाए। इसके अतिरिक्त विनियम, वाणिज्यिक परिचालन की तिथि के पश्चात् विभेदक तिथि तक हुए व्ययो को पूरा करने के लिए अतिरिक्त पूजीकरण उपबधित करेगा। अत आयोग, उपगत हुए व्यय की परिभाषा में किसी परिवर्तन को सम्मिलित करने की कोई आवश्यकता नहीं समझता।

बी) प्रारूप विनियम के खण्ड 25 मे, 'विशेष भत्ता' नवीकरण व आधुनिकीकरण के अधीन परिभाषित किया गया है।

यह भी उल्लिखित किया गया है कि "'विशेष भत्ते' का विकल्प ऐसे उत्पादक स्टेशन या यूनिट जिसके लिए नवीकरण या आधुनिकीकरण आरम्भ किया गया है, तथा इन विनियमो के प्रारम्भ होने से पूर्व आयोग द्वारा स्वीकृत किया गया है या ऐसे उत्पादक स्टेशन या यूनिट जो जीर्णावस्था मे है या शिथिलीकृत प्रचालन व निष्पादन मानकों के अधीन प्रचलित हो रही है, के लिए उपलब्ध नहीं होगा।"

यू.जे.वी.एन.एल ने निवेदन किया कि उसके अधिकाश ऊर्जा स्टेशनों ने प्रचालन के 35 वर्ष पूरे कर लिए हैं तथा कुछ ऐसे कारणो से, जिन पर उसका नियत्रण नहीं है, इन ऊर्जा स्टेशनों का आर.एम.यू. पहले नही लिया जा सका। ऐसे में मशीनो की टूट–फूट, बढी हुई रख-रखाव लागतों व इन पुराने सयत्रो के प्रचालन मे कठिनाईयों के कारण यू.जे.वी.एन.एल. पहले ही हानि उठा चुका है।

विभिन्न ऊर्जा स्टेशनो का आर.एम.यू. यूनिटवार किया जा रहा है। यू.जे.वी.एन.एल ने निवेदन किया है कि किसी ऊर्जा स्टेशन की यूनिट विशेष का आर.एम.यू. कार्य 1 अप्रैल, 2013 को प्रगति पर है तो उन सभी अन्य यूनिटों को विशेष भत्ता प्रदान किया जाएगा जिनका आर.एम.यू. नही किया गया है तथा बाद मे किया जाएगा।

आयोग यह स्पष्ट करना चाहेगा कि विशेष भत्ता केवल तापीय उत्पादक स्टेशनो के नवीनीकरण व आधुनिकीकरण के लिए लागू होगा क्योंकि तापीय ऊर्जा के नवीनीकरण व आधुनिकीकरण कार्य की लागत अब एक युक्तियुक्त सीमा तक मानकीकृत कर दी गयी है। तथापि, चूकि जल विद्युत स्टेशनों व पारेषण प्रणाली के लिए आर एण्ड एम कार्य की लागत मे प्रत्येक मामले मे अलग–अलग पर्याप्त अन्तर होता है, अत आयोग, कुशल जाच के अधीन प्रत्येक मामले मे अलग अलग आधार पर जल विद्युत स्टेशनो व पारेषण प्रणालियो के आर एण्ड एम कार्य के लिए लागत का अनुमोदन करेगा।

सी) प्रारूप विनियम के खण्ड 27(2) मे इक्विटी पर प्रतिफल शीर्षक के अन्तर्गत आर.ओ.ई. की दर इस प्रकार परिभाषित की गयी है:–

इक्विटी पर प्रतिफल की सगणना, कर पश्चात् आधार पर, उत्पादक स्टेशनो, पारेषण अनुज्ञापी व एस.एल.डी.सी. के लिए 15.5 प्रतिशत तथा वितरण अनुज्ञापी के लिए 16 प्रतिशत की दर पर की जाएगी।

यू.जे.वी.एन.एल ने निवेदन किया कि उत्पादक स्टेशनों के लिए इक्विटी पर प्रतिफल की दर भी 16 प्रतिशत करने पर विचार किया जाए।

आयोग, वितरण कारोबार के लिए प्रतिफल की दर के संबध मे शुल्क नीति का सुसंगत उद्धरण उल्लिखित करना चाहेगा, जिसके अनुसार:

"पारेषण के लिए सी.ई.आर.सी. द्वारा अधिसूचित प्रतिफल की दर की संलग्न उच्च जोखित को दृष्टिगत रखते हुए उपयुक्त आशोधनों के साथ वितरण हेतु राज्य विद्युत नियामक आयोगों (एस.ई.आर.सीज) द्वारा अपनाया जाना चाहिए। इस मामले मे एक समान दृष्टिकोण हेतु, विनियामकों के मंच के माध्यम से एक राय बनाना वांछनीय होगा।"

अत:, आयोग ने वितरण अनुज्ञापियो के लिए जानबूझ कर 16 प्रतिशत की प्रतिफल की उच्च दर रखी है, जो कि वितरण कारोबार मे संलग्न जोखिम को दृष्टिगत् रखते हुए पारेषण अनुज्ञापी तथा उत्पादक कंपनी की तुलना मे केवल 0.5 प्रतिशत ऊंची है, जो कि विनियामको के मंच द्वारा जारी बहुवर्षीय वितरण शुल्क के लिए आदर्श विनियमों में उपबंधित प्रतिफल की दर तथा विभिन्न अन्य राज्य विद्युत नियामक आयोगों द्वारा जारी विनियमों के अनुरूप है।

डी) विनियम में, जल विद्युत स्टेशनों के प्रचालन के मानक खण्ड 50 में दिये गये हैं। यू.जे.वी.एन.एल. के जल विद्युत उत्पादक स्टेशनों के मानकीय संयत्र उपलब्धता कारक (एन.ए.पी.ए.एफ.) की संगणना के लिए उत्पादक स्टेशनों की डी.पी.आर्स आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

यू.जे.वी.एन.एल. ने सुझाव दिया है कि चूंकि यू.जे.वी.एन.एल. की बडी जल विद्युत परियोजनाओं मे से अधिकांश की डी.पी.आर. उपलब्ध नहीं है तथा अधिकांश परियोजनाए अत्यंत पुरानी हैं, अत: आयोग, यू.जे.वी.एन.एल. के चालू जल विद्युत उत्पादक स्टेशनो के संबध में मानकीय संयत्र उपलब्धता कारक के प्रावधान की समीक्षा करेगा।

इन मामलो पर चर्चा करने के लिए आयोग ने 29 नवम्बर, 2011 को यू.जे.वी.एन.एल. के अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस संबध मे, आयोग का यह दृष्टिकोण है कि इस अवस्था मे एम.वाय.टी. विनियमों का आशोधन करना उपयुक्त नहीं होगा तथा यू.जे.वी.एन.एल. को प्रत्येक जल विद्युत उत्पादक स्टेशन के विशिष्ट मामलो पर विचार करते हुए सभी जल विद्युत उत्पादक स्टेशनो के लिए एन.ए.पी.ए.एफ. तथा अन्य संबधित मानदण्डो के आकलन के लिए एक तकनीकी परामर्शदाता नियुक्त करना चाहिए तथा इसे आयोग के

अनुमोदन हेतु व्यावसायिक योजना मे रखना चाहिए। यूजेवीएनएल द्वारा प्रस्तुत जानकारी व डाटा के विश्लेषण के आधार पर आयोग, व्यावसायिक योजना आदेश के एक भाग के रूप मे स्टेशन विशिष्ट मामलों पर विचार करते हुए यूजेवीएन एल के प्रत्येक उत्पादक स्टेशन के लिए एनएपीएएफ अनुमोदित करेगा।

ई) विनियम मे खण्ड 54(2) मे घोषित क्षमता का प्रदर्शन शीर्षक के अतर्गत दड की मात्रा निम्नलिखित रूप में परिभाषित की गयी है:–

"एक दिन में अवधि या ब्लॉक के लिए पहली मिथ्या घोषणा के लिए दड की मात्रा, दो दिनों के क्षमता प्रभार के समतुल्य प्रभार होगी। द्वितीय मिथ्या घोषणा के लिए दड चार दिनों के क्षमता प्रभारो के बराबर होगी तथा इसके पश्चात् की मिथ्या घोषणाओं के लिए दण्ड गुणेत्तर वृद्धि में होगा"

यूजेवीएनएल ने निवेदन किया कि अगले दिन के लिए एक जल विद्युत स्टेशन द्वारा क्षमता की घोषणा पिछले दिन के रीवर डिस्चार्ज व मशीनों की वर्तमान उपलब्धता के आधार पर की जाती है। एक जल विद्युत स्टेशन के लिए उत्पादन पूरी तरह रीवर डिस्चार्ज पर निर्भर होता है जिसका सही–सही पूर्वकथन नहीं किया जा सकता। ऐसे में, एक ऊर्जा के उदाहरण मिल सकते हैं। साथ ही कभी कभी उपकरणों की विफलता तथा अन्य नियत्रित न कर पाने योग्य कारणों से घोषित क्षमता साधित नहीं की जा सकती। इसके अतिरिक्त, मशीनो का प्रचालन एसएलडीसी की आवश्यकतानुसार किया जाता है, ऐसे में प्राय संयत्र की घोषित क्षमता का प्रतिरूप भी प्रभावित होता है।

अत उपरोक्त तथ्यो के प्रकाश मे, उत्पादक कपनी को देय क्षमता प्रभार, पुराने ऊर्जा स्टेशनो की विभिन्न सीमितताओं को ध्यान में रखते हुए घोषित क्षमता के प्रदर्शन के विफल होने के कारण दड के उपाय के रूप मे घटाए नही जाने चाहिए। साथ ही प्रस्तावित प्रावधानो के अनुसार सातवीं मिथ्या घोषणा पर क्षमता प्रभार शून्य होगे। अत उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए इसकी समीक्षा की जाएगी। आयोग यह स्पष्ट करना चाहेगा कि घोषित क्षमता की मिथ्या घोषणा के कारण दड केवल उन्हीं मामलों मे उद्ग्रहीत किया जाएगा जिनमें, एसएलडीसी के ऐसा कहने पर, उत्पादक कपनी घोषित क्षमता का प्रदर्शन करने में असमर्थ हो। इसके अतिरिक्त, घोषित क्षमता की परिभाषा जल की उपलब्धता का भी विचार करती है। अतः आयोग प्रारूप विनियमों में परिवर्तन को गुण योग्य नहीं पाता।

एफ) यू.जे.वी.एन.एल. ने इस ओर ध्यान दिलाया है कि परिवर्तक हानिया पद, प्रपत्र 11 व 21 में विनिर्दिष्ट नही किया गया है तथा उत्पादक कपनी द्वारा परिवर्तक हानियों के समक्ष परिकलन भरा जाना आवश्यक है, जबकि प्रारूप विनियम में परिवर्तक हानियों की परिभाषा नहीं दी गयी है।

आयोग यह स्पष्ट करना चाहेगा कि विनियम में, परिवर्तक हानियों को सी.ई.आर.सी. (शुल्क पर निबधन एवं शर्तें) विनियम, 2009 पर आधारित अनुषगी उपभोग के साथ मिला दिया गया है। अतः तदनुसार, अतिम प्रपत्र 11 व 12 में परिवर्तक हानियों को हटा दिया गया है।

जी) यू.जे.वी.एन.एल. ने आगे यू.ई.आर.सी. (जल विद्युत उत्पादन शुल्क के अवधारण हेतु निबधन एवं शर्तें) विनियम, 2004 तथा सी.ई.आर.सी. (शुल्क हेतु निबंधन एव शर्तें) विनियम, 2009 में सम्मिलित निम्नलिखित उपबधों की ओर ध्यान दिलाया है।

(i) यू.ई.आर.सी. विनियम, 2004 की धारा 31, माने गये उत्पादन से संबधित निम्नलिखित उपबध विनिर्दिष्ट करती है: "उत्पादक कंपनी के नियत्रण से बाहर के कारणों, जैसे किसी लाभार्थी की आपूर्ति हेतु पारेषण लाइनो की अनुपलब्धता का राज्य भार प्रेषण केन्द्र से नीचे हटने के अनुदेशों के फलस्वरूप जल छलकाव के कारण उत्पादन कंपनी को देय होंगे।"

यू.जे.वी.एन.एल. ने कहा कि माने गये उत्पादन का पूर्वोक्त प्रावधान प्रारूप विनियम में उपबंधित नहीं किया गया है तथा यह निवेदन किया है कि माने गये उत्पादन का प्रावधान संशोधित विनियम में जोडा जाए।

यू.ई.आर.सी. (जल विद्युत उत्पादन शुल्क हेतु निबधन एवं शर्तें) विनियम, 2004 मे उत्पादक कंपनी के नियंत्रण से बाहर के कारणों से जल–छलकाव के कारण उत्पादन मे कमी के मामलो में ऊर्जा प्रभारों की वसूली का उपबध किया गया है। विनियम ने यह भी उपबधित किया कि माने गये उत्पादन के कारण ऊर्जा प्रभार स्वीकार नही होगे। यदि वर्ष की अवधि में उत्पादित की गयी ऊर्जा, डिजायन ऊर्जा के बराबर या उससे अधिक है। अत: माने गये उत्पादन को अनुमोदित करने का स्पष्ट उद्देश्य, उत्पादक कपनी पर उपारोप्य न होने वाले कारणों से वास्तविक उत्पादन मे कमी के मामले मे वार्षिक प्रभारो की वसूली का प्रावधान करना था।

विनियम, 2011 मे, वार्षिक स्थिर प्रभार (ए.एफ.सी.), क्षमता प्रभार व ऊर्जा प्रभारों के माध्यम से वसूल किया जाना प्रस्तावित है, जहा ऊर्जा प्रभारो से वसूली ए.एफ.सी.

